लखनऊ, बुधवार
10 जून, 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष 10
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 288 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर *
**मूल्य : 3 रुपये**

स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

epaper : epaper.swatantrabharat.net

वनडे विश्व कप जीत से बढ़ा आत्मविश्वास, टी20 खिताब के लिए हैं तैयार : जेमिमा



# ‘सेवा, सुशासन और समृद्धि के पथ पर निरंतर बढ़ते रहेंगे’

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र में अपनी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर देशवासियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बीते 12 साल विश्वास, विकास और जनकल्याण को समर्पित रहे हैं। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ देशवासियों के आशीर्वाद और ‘राष्ट्र

- 12 वर्ष पूरे होने पर बोले मोदी

प्रथम’ की भावना के साथ सरकार ने युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों के सशक्तीकरण के लिए निरंतर काम किया है, जिसकी वजह से भारत ने वैश्विक मंच पर नई पहचान बनाई है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए अपने पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, हमारी सरकार के पिछले 12 साल भरोसे, विकास और जन-कल्याण के लिए समर्पित रहे हैं। 140 करोड़ देशवासियों के आशीर्वाद और राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ हमने अपने युवाओं, महिलाओं और किसान भाई-बहनों को सशक्त बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हम सेवा, सुशासन और समृद्धि के इस रास्ते पर लगातार आगे बढ़ते रहेंगे। प्रधानमंत्री ने नौ प्रमुख क्षेत्रों गरीब कल्याण, नारी शक्ति, राष्ट्र निर्माण, युवा शक्ति, स्वास्थ्य, राष्ट्र प्रथम, किसान कल्याण, मिडिल क्लास और विरासत और विकास के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए 81 करोड़ से अधिक लोगों को हर महीने मुफ्त राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा 4 करोड़ से अधिक प्रधानमंत्री आवास, 10.5 करोड़ से ज्यादा उज्ज्वला गैस कनेक्शन और 12 करोड़ शौचालयों के निर्माण से करोड़ों परिवारों का जीवन आसान हुआ है।



**नारी सशक्तीकरण पर रहा जोर**

नारी सशक्तीकरण को सरकार की बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि 32 करोड़ से अधिक महिलाओं के जन-धन खाते खोले गए हैं। महिलाओं को सेना में स्थायी कमीशन का अवसर मिला है। 3 करोड़ से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। वहीं, 91 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 10 करोड़ ग्रामीण महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हुई हैं।


**26 शहरों में मेट्रो नेटवर्क विकसित**

राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में सरकार ने बुनियादी ढांचे के विकास को ऐतिहासिक बताया। देश के 26 शहरों में 1,100 किलोमीटर से अधिक का मेट्रो नेटवर्क विकसित किया गया है। वर्तमान में 164 वंदे भारत ट्रेनें संचालित हो रही हैं। अटल सेतु, सुदर्शन सेतु, चिनाब रेल ब्रिज, बोगीबील ब्रिज और पंबन समुद्री पुल जैसे बड़े परियोजनाओं का निर्माण भी इसी अवधि में हुआ। देश में हवाई अड्डों की संख्या 74 से बढ़कर 164 तक पहुंच गई है। युवाओं के लिए लगभग दो करोड़ लोगों को कौशल प्रशिक्षण दिया गया है। वहीं, मुद्रा योजना के तहत 40 लाख करोड़ रुपए से अधिक के कर्ज वितरित किए गए हैं।

# मारीच और सुबाहु लैंड जिहादी थे : योगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** सीएम योगी मंगलवार को लखनऊ में जगद्गुरु रामभद्राचार्य की श्रीरामकथा में पहुंचे। उन्होंने कहा- प्रभु श्रीराम ने नारी गरिमा के लिए काम किया। यह आज के समय में लव जिहाद रोकने के लिए आदर्श उदाहरण है। शायद ही कोई ऐसा भारतीय हो, जिसके डीएनए में भारत हो और वह श्रीराम को

- राम लव जिहाद रोकने के लिए आदर्श उदाहरण
- रामभद्राचार्य की कथा में पहुंचे मुख्यमंत्री



न मानता हो। सीएम ने कहा- याद करिए रावण का राज्य था। खर और दूषण पूरे दंडकारण्य में कब्जा जमाए थे। ताड़का बक्सर तक आ गई थी। ये सब मिलकर पूरा उजाड़ मचाए हुए थे। जब भी नकारात्मक ताकतें आती हैं तो उजाड़ ही करती हैं। उन्होंने कहा, खर-दूषण और मारीच-सुबाहु क्या कर रहे थे? वो भी रावण के साथ लैंड जिहाद के अभियान में जुड़े हुए थे। साधु-संतों को उनकी जगह से हटाकर लैंड जिहाद करते थे। रामकथा केवल सुनने का विषय नहीं है। इसे सुनकर समझना होगा। सीएम ने जगद्गुरु रामभद्राचार्य को शॉल ओढ़ाया। इस दौरान जगद्गुरु 1 मिनट तक सीएम योगी के कान में कुछ कहते रहे। फिर पोटली से कुछ निकालकर सीएम को भेंट दिया। योगी ने कहा- नकारात्मक ताकतें हर कालखंड में आएंगी, लेकिन सज्जन शक्ति को इनका डटकर मुकाबला करना होगा। राम जब पहली बार घर से निकले तो उन्हें सबसे पहले ताड़का मिली। वह रावण से प्रेरित थी। गलत को गलत ही मिलते हैं। जिसने भी राम को अपने जीवन का आदर्श बनाया, उसका कल्याण हुआ। जिसने राम का द्रोह किया, उसको इस धरती पर कोई जगह नहीं मिली। मारीच, रावण उच्च कुल और श्रेष्ठ व्यवस्था में जन्म लेते हैं और पशुवत मारे जाते हैं। क्योंकि, राम के साथ द्रोह करते हैं। हमारे पवनसुत हनुमानजी हैं, विभीषण हैं... इनको भले ही जन्म के समय सामान्य जीवन मिला। लेकिन, राम की संगत का असर हुआ कि ये पूज्य हो गए। हम सुबह जो 7 नाम लेते हैं, उनमें विभीषण का भी नाम है। हमारे यहां हर समस्या का समाधान हनुमान चालीसा है। सीएम ने कहा- जो भारत के प्रति निष्ठा नहीं रखते, जिनकी भारत के प्रति आस्था नहीं है, भारत के संस्कारों का सम्मान नहीं कर सकते, उन लोगों के लिए भारत की धरती धर्मशाला नहीं हो सकती। इस संकल्प के साथ हम सब आगे बढ़ेंगे। संत शक्ति सबको एकजुट कर आगे ले जाना चाहती है। उन्होंने कहा- कोई धर्म के नाम पर, कोई जाति के नाम पर बांटने का प्रयास करेगा, लेकिन हम सबको कथा के उस मर्म को समझना पड़ेगा, जो यहां पर व्यासपीठ से जगद्गुरु ने समझाने का प्रयास किया।

## एच-1बी वीजा पर 1 लाख डॉलर फीस रद्द

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को एच-1बी वीजा नीति को लेकर बड़ा झटका लगा है। एक

- जज ने कहा- कानून के खिलाफ

संघीय अदालत ने नए एच-1बी वीजा आवेदनों पर लगाए गए 1 लाख डॉलर (करीब 83 लाख रुपये) के अतिरिक्त शुल्क को गैरकानूनी करार दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि यह शुल्क अमेरिकी कानून के अनुरूप नहीं है और इसे अमान्य घोषित किया जाना चाहिए।न्यायाधीश लियो सोरोकिन ने अपने फैसले में कहा कि संघीय सरकार के पास इस प्रकार का शुल्क लगाने का स्पष्ट कानूनी अधिकार नहीं था।

**एच-1बी वीजा क्यों है महत्वपूर्ण**

एच-1बी वीजा अमेरिका का एक प्रमुख कार्य वीजा कार्यक्रम है, जिसके तहत विदेशी विशेषज्ञों को तकनीक, इंजीनियरिंग, स्वास्थ्य सेवा और अन्य पेशेवर क्षेत्रों में काम करने की अनुमति दी जाती है। भारतीय आईटी पेशेवर इस वीजा श्रेणी के सबसे बड़े लाभार्थियों में शामिल हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इतनी बड़ी फीस लागू हो जाती, तो अमेरिका में विदेशी प्रतिभाओं की भर्ती प्रभावित हो सकती थी और कंपनियों के लिए कुशल कर्मचारियों को नियुक्त करना महंगा हो जाता।

## पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी पर एनआईए का शिकंजा

**चंडीगढ़।** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार को पाकिस्तान में रहने वाले आतंकवादी

- पंजाब और हरियाणा में एक साथ 18 ठिकानों पर छापेमारी
- डिजिटल डिवाइस और महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए गए

शहजाद भट्टी से जुड़े तीन टेरर-गैंगस्टर नेटवर्क मामलों के सिलसिले में पंजाब और हरियाणा में कई जगहों पर तलाशी ली। एनआईए की टीमों ने दोनों राज्यों के नौ जिलों में 18 जगहों पर कई ठिकानों पर एक साथ तलाशी ली और जरूरी जानकारी इकट्ठा करने के लिए कई लोगों से पूछताछ की। उन्होंने कई डिजिटल डिवाइस और दस्तावेज भी जब्त



किए। इसके साथ ही उन लोगों की गतिविधियों, कम्युनिकेशन नेटवर्क और पैसों के लेन-देन से जुड़ी जानकारी भी हासिल की, जो इन तीन मामलों में एजेंसी की नजर में हैं। तलाशी के दौरान इकट्ठा की गई सभी जानकारी और सबूतों को जांच-पड़ताल और फॉरेंसिक और टेक्निकल जांच के लिए भेजा गया है, ताकि सीमा पार की बड़ी साजिश का पता लगाया जा सके। गैंगस्टर से आतंकवादी बने भट्टी द्वारा सीमा पार से चलाए जा रहे नेटवर्क के पीछे की बड़ी साजिश का पता लगाने के लिए एनआईए की चल रही जांच के तहत, कुछ लोगों को आगे की पूछताछ के लिए जांच में शामिल होने का नोटिस जारी किया गया है।ॉ आज की तलाशी का मकसद भट्टी के साथियों और उन अन्य लोगों की पहचान करना था जो इन तीनों मामलों से जुड़ी आतंकवादी साज़िश में शामिल थे। अब तक की जांच में जालंधर, पंजाब में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रोजर संधू के घर पर मार्च 2025 में हुए ग्रेनेड हमले का कनेक्शन शहज़ाद भट्टी से जुड़ा पाया गया है।

## अदालतों पर बोझ कम करने की जरूरत : सीजेआई

**लंदन।** भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा है कि दुनिया भर में बढ़ते कानूनी विवादों के बीच अब समय आ गया है कि अदालतों में लंबी लड़ाई के बजाय आपसी

- कहा अब विवाद नहीं, समाधान पर होना चाहिए फोकस

सहमति से समाधान पर ज्यादा ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता यानी मेडिएशन अब सिर्फ एक विकल्प नहीं, बल्कि जरूरी व्यवस्था बन चुकी है। ब्रिटेन के सुप्रीम कोर्ट में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता प्रक्रिया अब कई तकनीकी और कानूनी अड़चनों का सामना कर रही है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने मेडिएशन, आर्बिट्रेशन और अदालतें विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि कंपनियों और कानूनी संस्थाओं को अपनी सोच बदलनी होगी। उन्होंने कहा कि अब सवाल यह नहीं होना चाहिए कि मामला कहां लड़ा जाए, बल्कि यह होना चाहिए कि विवाद का समाधान कैसे निकाला जाए। उनके मुताबिक लंबे कानूनी संघर्ष से समय, पैसा और संसाधन तीनों का नुकसान होता है। सीजेआई ने कहा कि मेडिएशन के जरिए विवादों का जल्दी और शांतिपूर्ण समाधान निकाला जा सकता है। उन्होंने कहा कि अदालतों में मामलों का बोझ लगातार बढ़ रहा है और ऐसे में वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली बेहद जरूरी हो गई है।

## टीएमसी विधायकों की शिकायत पर ममता के घर पहुंची सीआईडी

**कोलकाता।** टीएमसी में चल रही घमासान के बीच पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी के घर मंगलवार को सीआईडी की टीम पहुंची। हालांकि

- नेता विपक्ष चुनने के प्रस्ताव पर फर्जी दस्तखत का आरोप

टीम को घर में घुसने नहीं दिया गया। सीआईडी अधिकारियों के साथ कालीघाट थाने की पुलिस और बड़ी संख्या में महिला पुलिसकर्मी भी मौजूद थीं। टीएमसी के पूर्व सांसद सुभाषिश चक्रवर्ती ने कहा कि अभिषेक बनर्जी की गैरमौजूदगी में पार्टी ने तलाशी की अनुमति नहीं दी। अभिषेक के आने के बाद एजेंसी जांच कर सकती है। दरअसल, पार्टी के बागी विधायकों ने स्पीकर को पत्र भेजकर आरोप लगाया था कि



अभिषेक बनर्जी के लेटर हेड पर भेजे गए शोभनदेव को नेता विपक्ष बनाने के प्रस्ताव पर फेक सिग्नेचर थे। उनका आरोप था कि अभिषेक ने यह फर्जी दस्तखत किए हैं। सीआईडी अधिकारियों के मुताबिक, अभिषेक बनर्जी ने एजेंसी के नोटिस के जवाब में बताया था कि विधायकों के हस्ताक्षर 30बी हरीश चटर्जी स्ट्रीट स्थित टीएमसी के केंद्रीय कार्यालय में जुटाए गए थे। यह कार्यालय ममता बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास परिसर में ही है। इसी जानकारी के आधार पर जांच टीम वहां पहुंची।

## उज्ज्वला सब्सिडी कटौती पर कांग्रेस का हमला

**नई दिल्ली।** मंगलवार को कांग्रेस ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत रियायती एलपीजी सिलेंडर रिफिल में कटौती

- मोदी सरकार को सत्ता के नशे में चूर बताया

को लेकर केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना की और मोदी सरकार पर महिला कल्याण का दावा करते हुए गरीब परिवारों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि सरकार लगातार कल्याणकारी योजनाओं में कटौती कर रही है और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों से किए गए वादों को पूरा करने में विफल रही है। खरगे ने कहा कि मोदी सरकार के गरीबी उन्मूलन अभियान की वास्तविकता यह है कि पहले तो गरीबों से एमजीएनआरईजीए के तहत काम करने का अधिकार छीन लिया गया और अब तो उनसे भोजन का एक निवाला भी छीना जा रहा है। उज्ज्वला योजना का जिक्र करते हुए खरगे ने कहा कि 2016~ मोदी जी ने दावा किया था कि उज्ज्वला योजना महिलाओं को लकड़ी के चूल्हे के धुएं से मुक्ति दिलाएगी। प्रति वर्ष 12 रियायती सिलेंडर देने का वादा किया गया था।

## नीट पुनर्परीक्षा की तैयारियां : एनटीए पहुंचे धर्मेंद्र प्रधान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) मुख्यालय का दौरा कर नीट 2026 की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने

- राज्यों से मांगा अतिरिक्त सहयोग

एनटीए अधिकारियों के साथ बैठक की और परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था, गोपनीयता तथा साइबर सुरक्षा उपायों का जायजा लिया। बैठक के बाद धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि नीट परीक्षा 21 जून को आयोजित होनी है और सरकार परीक्षा प्रक्रिया को पूरी तरह



सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि प्रश्नपत्र तैयार करने से लेकर परीक्षा केंद्रों तक सामग्री पहुंचाने की पूरी प्रक्रिया में गोपनीयता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया है। इसके लिए संबंधित सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया गया है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि इस संबंध में कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के सचिवों की बैठक भी आयोजित की गई है। उन्होंने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने का अनुरोध किया है। प्रधान ने कहा कि राज्य सरकारों ने पहले भी सहयोग किया है, लेकिन इस बार और अधिक सतर्कता बरतने को कहा गया है ताकि परीक्षा निष्पक्ष और सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

## एआई विमान हादसे का खौफ आज भी जिंदा

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में हुए एआई 171 विमान हादसे को लगभग एक साल होने जा रहा है, लेकिन इस हादसे का दर्द आज भी सैकड़ों परिवारों की जिंदगी में जिंदा है। 260 लोगों की जान लेने वाले इस हादसे ने सिर्फ लोगों को नहीं छीना, बल्कि कई परिवारों की हिम्मत, मानसिक शांति



- प्लेन की आवाज सुन सहम जाता है परिवार
- डर मिटाने को ले रहे काउंसलर की मदद

और भविष्य के सपनों को भी तोड़ दिया। कोई आज भी अपने बेटे का आखिरी मैसेज पढ़कर रो पड़ता है, तो कोई विमान की आवाज सुनते ही डर से कांप उठता है। हादसे के बाद कई लोग अब तक सामान्य जिंदगी में लौट नहीं पाए हैं। आखिर एआई 171 विमान हादसे ने परिवारों को कितना तोड़ दिया?

12 जून 2025 को अहमदाबाद से लंदन जा रहा एआई 171 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में 260 लोगों की मौत हुई थी। दीव के रहने वाले रफीक अरब ने अपने 25 साल के बेटे फैजान को खो दिया। फैजान ब्रिटेन में इस्लामिक स्टडीज की पढ़ाई कर रहा था और परिवार से मिलकर वापस लौट रहा था। उड़ान भरने से पहले उसने अपने पिता को मैसेज भेजा था कि पापा, मैं फ्लाइट में बैठ गया हूं और जा रहा हूं। रफीक कहते हैं कि उन्हें क्या पता था कि यह बेटे का आखिरी संदेश होगा। हादसे के बाद से उनका पूरा परिवार विमान यात्रा से डरने लगा है। रफीक अरब बताते हैं कि हादसे के बाद उन्होंने आज तक कोई उड़ान नहीं भरी।

## खान सर की गिरफ्तारी पर कोर्ट की रोक

**पटना।** फायरिंग मामले में खान ग्लोबल स्टडीज के निदेशक और मशहूर शिक्षक खान सर को पटना सिविल कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने खान सर की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। इससे पहले सोमवार को खान सर की ओर से पटना के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रूपेश देव की अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई थी। उनके अधिवक्ता अरविंद कुमार मउआर ने कोर्ट में यह अर्जी लगाई थी। गौरतलब है कि खान सर पर हत्या के प्रयास और हथियारों के अवैध इस्तेमाल जैसी गंभीर धाराओं में मामला दर्ज है। इसी मामले में जेल में बंद खान सर के दो सुरक्षाकर्मियों, दीपक कुमार और तालेबर सिंह की नियमित जमानत याचिका पर भी सोमवार को सुनवाई हुई।

## जयपुर पटाखा फैक्टरी में ब्लास्ट, तीन मरे

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के खो नागोरियान क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक घर में संचालित पटाखा फैक्टरी में भीषण आग लगने और विस्फोट होने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और प्रशासन ने तत्काल राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार जिस मकान में हादसा हुआ, वहां घर के भीतर ही पटाखा निर्माण का काम चल रहा था। अचानक आग लगने के बाद तेज धमाके हुए, जिससे आसपास के क्षेत्र में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग, सिविल डिफेंस, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। जयपुर कलेक्टर संदेश नायक ने तीन लोगों की जलने से मौत की पुष्टि की है।

## मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के संचार विभाग के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि उन्हें और उनकी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल को निर्वाचन आयोग में याचिका सौंपने के दौरान रोका गया। रमेश ने कहा कि वह सिर्फ अपनी याचिका सौंपने आए थे। लेकिन उन्हें प्रतीक्षा कक्ष (वेटिंग रूम) में बैठने तक की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि वह 35 वर्षों से अधिक समय से सांसद रहे हैं और उन्हें 10 मिनट से ज्यादा इंतजार कराया गया। उन्होंने इस व्यवहार को अनुचित बताते हुए कहा कि ऐसा उन्होंने पहले कभी नहीं देखा। कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने कहा कि यह लोकतंत्र का बुनियादी मामला है और जब तक उन्हें अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जाती, तब तक वे वहीं बैठे रहेंगे।

**सफलता** | बुनियादी ढांचा विकास में जुड़ा नया अध्याय, कश्मीर-लद्दाख के बीच होगा सुरक्षित संपर्क

# जोजिला सुरंग : 15 मिनट में पूरा होगा एक घंटे से अधिक का सफर

**जम्मू।** भारत के बुनियादी ढांचा विकास के इतिहास में मंगलवार को एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया।

- बहुप्रतीक्षित ब्रेकथ्रू ब्लास्ट सफल हो गया
- सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी बने गवाह

दुनिया की सबसे अधिक ऊंचाई पर स्थित और सबसे लंबी सिंगल-ट्यूब द्वि-दिशात्मक जोजिला सुरंग में वह बहुप्रतीक्षित ब्रेकथ्रू ब्लास्ट सफल हो गया, जिसका देश को दशकों से इंतजार था। इस ऐतिहासिक सफलता के साथ ही कश्मीर और लद्दाख के बीच हर मौसम में निर्बाध और सुरक्षित संपर्क बहाल रखने के लिए निर्माण कार्य अगले चरण में पहुंच जाएगा।

लद्दाख को हर मौसम में कश्मीर और शेष भारत से जोड़ने वाली सामरिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण जोजिला सुरंग के निर्माण में मंगलवार को एक बड़ी और ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की गई। सुरंग के भीतर अंतिम चट्टानी दीवार को ब्लास्ट के जरिए सफलतापूर्वक तोड़ दिया गया, जिसे इंजीनियरिंग की भाषा में ब्रेकथ्रू कहा जाता है। इस अंतिम सफल विस्फोट



के साथ ही सुरंग के दोनों छोर अब पूरी तरह से आपस में जुड़ गए हैं, जिससे परियोजना के निर्माण कार्य में एक महत्वपूर्ण चरण पूरा हो गया है। यह उपलब्धि परियोजना के निर्माण कार्य में एक बड़ा मील का पत्थर मानी जा रही है, जिससे कश्मीर घाटी और लद्दाख के बीच सालभर निर्बाध सड़क संपर्क स्थापित करने की दिशा में कार्य और तेज हो जाएगा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने। अधिकारियों को उम्मीद है कि जनवरी-फरवरी 2028 तक यह सुरंग आम जनता के लिए खोल दी जाएगी।

**ये हैं सुरंग की विशेषताएं**

11,578 फीट की ऊंचाई पर निर्मित
13.153 किलोमीटर लंबी है मूल सुरंग
9.5 मीटर चौड़ी व 7.57 मीटर ऊंची है सुरंग
घोड़े की नाल के आकार वाली सुरंग में दो लेन की है
एक घंटे से अधिक का सफर 15 मिनट में हो सकेगा पूरा
परियोजना की कुल लंबाई 31 किलोमीटर है जिसमें 18 किलोमीटर लंबी एप्रोच सड़कें और पुल शामिल हैं। मुख्य सुरंग बालटाल से मिनीमार्ग तक फैली हुई है और हिमालय की कठिन चट्टानी संरचनाओं को भेदकर बनाई गई है।

# दोवहा नदी में युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी

## मछली पकड़ने गया था युवक, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

**स्वतंत्र भारत खुदागंज शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम नवादा दरोबस्त निवासी एक युवक का शव दोवहा नदी में मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक दो दिन पूर्व घर से मछली पकड़ने के लिए निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों द्वारा लगातार तलाश किए जाने के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार को नदी में शव मिलने की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। गांव नवादा दरोबस्त निवासी राजीव कुमार (28 वर्ष) पुत्र शरण लाल, 7 जून 2026 को घर से दोवहा नदी में मछली पकड़ने जाने की बात कहकर निकले थे। देर शाम तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। परिवार के लोगों ने रिश्तेदारी, परिचितों तथा संभावित स्थानों पर काफी तलाश की, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चल सका।

मंगलवार को लगभग 11 बजे दोवहा नदी के किनारे पशु चरा रहे कुछ ग्रामीणों ने नदी में एक शव तैरता हुआ देखा। इसकी सूचना तत्काल गांव के लोगों को दी गई। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और शव को नदी से बाहर निकाला। पहचान करने पर शव राजीव कुमार का निकला।घटना की सूचना मिलते ही थाना खुदागंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया। फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। इसके बाद पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई पूर्ण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज स्थित मोर्चरी, शाहजहांपुर भेज दिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला नदी में डूबने से मौत का प्रतीत हो रहा है, हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर आवश्यक जांच कर रही है। युवक की असमय मृत्यु से परिवार में शोक की लहर है। गांव में भी मातम का माहौल बना हुआ है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि मौके पर कानून-व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह सामान्य रही तथा किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# शोभित बने जिला उपाध्यक्ष



**स्वतंत्र भारत कांट शाहजहांपुर।** शोभित लोधी राजपूत को बरेली प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। मुकेश लोधी राजपूत के सानिध्य में साहब सिंह लोधी राजपूत अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा शोभित लोधी राजपूत को संजय गांधी कम्यूनिटी हॉल,राम बाग, बरेली में प्रतिभा सम्मान समारोह में शाहजहांपुर का अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस मौके पर शोभित राजपूत द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज सांसद उन्नाव, राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया का आभार व्यक्त किया गया है।

# चलती ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** रेलवे स्टेशन और चीनी मिल के बीच मंगलवार तड़के एक दर्दनाक हादसे में चलती ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस और जीआरपी मौके पर पहुंची। युवक के पास कोई पहचान संबंधी दस्तावेज न मिलने के कारण उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। जीआरपी मृतक की पहचान कराने के प्रयास में जुटी हुई है।जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब पांच बजे रेलवे स्टेशन और चीनी मिल के बीच रेलवे ट्रैक के किनारे एक युवक का शव पड़े होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही दरोगा मोहित पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई गई कि युवक चलती ट्रेन से गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना की जानकारी मिलने पर जीआरपी पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की उम्र करीब 25 वर्ष बताई जा रही है। वह लाल रंग की शर्ट और नीली जींस पहने हुए था।पुलिस ने मृतक की जेब और आसपास के क्षेत्र की तलाशी ली, लेकिन उसके पास से कोई पहचान पत्र, मोबाइल फोन अथवा अन्य दस्तावेज बरामद नहीं हुए। इसके चलते उसकी पहचान नहीं हो सकी है। जीआरपी ने आसपास के रेलवे स्टेशनों और स्थानीय थानों को युवक के हुलिये की जानकारी भेजकर पहचान कराने का प्रयास शुरू कर दिया है।जीआरपी प्रभारी रमाकांत यादव ने बताया कि मृतक युवक की पहचान के लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। रेलवे स्टेशन तथा संबंधित थानों को सूचना दे दी गई है। अभी तक युवक की पहचान नहीं हो सकी है। पहचान होने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल जीआरपी युवक की शिनाख्त कराने में जुटी हुई है।

# इलाज के दौरान 10 माह के बालक की मौत

## परिजनों ने डॉक्टर पर लगाया लापरवाही का रोग



**पुवायां, शाहजहांपुर।** बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर के अस्पताल में 10 माह के बालक की इलाज के दौरान मौत हो गई जिसके बाद परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की, पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। दियुरिया कॉलोनी गांव के सोनू के 10 वर्षीय बालक ऋषभ को कई दिनों से बुखार आ रहा था जिसका इलाज पुवायां के एक बाल लोग विशेषज्ञ डॉक्टर के यहां से चल रहा था। परिजनों ने बताया कि वह बच्चे को लेकर शनिवार को अस्पताल आए थे डॉक्टर ने दवा दे दी और कहा घर ले जाओ जिसके बाद भी लाभ नहीं मिलने पर परिजन सोमवार को बच्चों को लेकर फिर अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टर ने बच्चे को भर्ती कर लिया, इलाज के दौरान ही मंगलवार की सुबह बच्चों की मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि अस्पताल में बच्चे की भर्ती के दौरान बच्चे को देखने डॉक्टर एक बार भी नहीं आए अस्पताल में काम कर रहे स्टाफ ने अपनी मनमर्जी से इलाज किया और शरीर में कई जगह इंजेक्शन लगाये जिससे बच्चे का शरीर घायल हो गया, डॉक्टर की लापरवाही से बच्चे की मौत हो गई सूचना मिलने पर पहुंचे पुलिस ने परिजनों को शांत कर बच्चों की मौत का कारण जानने के लिए शव को पीएम के लिए भेज दिया, उधर डॉक्टर ने बताया कि लापरवाही परिजनों ने ही की है।

### सुनारा खुर्द गांव में बुखार का प्रकोप

इस समय इलाके में बुखार का प्रकोप तेजी से चल रहा है जिसके चलते निजी अस्पतालों में मरीजों की भरमार है। इलाका के गाँव सुनारा खुर्द में बुखार के प्रकोप के चलते कई लोग बुखार से ग्रसित है जिनका इलाज नगर के कई अस्पतालों में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार गांव संध्या, चांदनी, कुनाल, छोटू आदि गई ग्रामीण बुखार के चपेट में है।

# कछियानी खेड़ा हनुमान मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब




**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** कछियानी खेड़ा स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पर मंगलवार को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों ने बजरंगबली के दर्शन कर प्रसाद अर्पित किया और परिवार की सुख-समृद्धि तथा मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की।मंगलवार होने के कारण मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या सामान्य दिनों की अपेक्षा अधिक रही। भीड़ को देखते हुए पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा, जिसके चलते दर्शन व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित होती रही। श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्वक दर्शन कर धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया।दोपहर करीब दो बजे भाजपा नेता सुशील बाबू उर्फ बबलू गुप्ता के नेतृत्व में मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। विधि-विधान से प्रसाद का भोग लगाने के बाद भंडारे का शुभारंभ हुआ। इसके बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।मंदिर परिसर पूरे दिन जय श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों से गूंजता रहा। आयोजन में क्षेत्र के गणमान्य लोगों और श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। देर शाम तक दर्शन और प्रसाद वितरण का क्रम जारी रहा, जिससे मंदिर परिसर में धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा।

# दिहाड़ी पर सफाई करवाने वाले सफाईकर्मी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

स्वतंत्र भारत मिर्ज़ापुर -शाहजहांपुर। तीन सौ रुपए दिहाड़ी पर सफाई का कार्य करवाने वाले ग्राम पंचायतों के सफाई कर्मचारियों सावधान ! दूसरे से सफाई कार्य करवाते पकड़े जाने पर एफआईआर दर्ज करवा दी जाएगी। ऐसे ही एक मामले में बीते दिवस मिर्ज़ापुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत जरियनपुर के सफाईकर्मी सतीशचंद्र के विरुद्ध ब्लॉक के सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) रामऔतार शर्मा ने मिर्ज़ापुर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है। जिससे सफाईकर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है। मिर्जापुर ब्लॉक के सहायक विकास अधिकारी पंचायत रामऔतार शर्मा ने दर्ज करवाई रिपोर्ट में कहा है कि बीती पांच जून को प्रातः लगभग आठ बजे उन्होंने जरियनपुर ग्राम पंचायत में सफाई कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में ग्राम पंचायत में तैनात सफाईकर्मी सतीशचंद्र अनुपस्थित पाए गए। उसके स्थान पर बीरू पुत्र नेत्रपाल बाल्मीकि सफाई कार्य करते पाया गया। सफाई कर रहे बीरू पुत्र नेत्रपाल बाल्मीकि निवासी ग्राम पहरूआ ने पूंछताछ में बताया कि यहां तैनात सफाई कर्मचारी सतीशचंद्र खुद सफाई कार्य न करके उससे तीन सौ रुपए दिहाड़ी पर सफाई करवाते हैं। एडीओ (पंचायत) ने एफआईआर में कहा है कि बीते दिवस जिलाधिकारी की समीक्षा बैठक में सख्त निर्देश दिए गए थे कि जो सफाईकर्मी खुद सफाई कार्य न करके ऐवजी में दूसरे से दिहाड़ी पर सफाई कार्य करवाता हुआ पकड़ा जाएगा,उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाई जाए। इसी क्रम में इस सफाई कर्मचारी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाकर अन्य दिहाड़ी पर सफाई करवाने वाले पंचायत विभाग सफाईकर्मियों को सचेत किया गया है। यहां यह बताना भी जरूरी है कि पंचायतों में तैनात अधिकांश गैर परम्परागत सफाईकर्मी खुद सफाई कार्य करने के बजाय परम्परागत सफाई पेशे से जुड़े निजी सफाईकर्मियों से दिहाड़ी पर सफाई करवाकर अधिकारियों की सेवा का लाभ ले रहे हैं। आरोप है कि जो सफाईकर्मी अधिकारियों की सेवा में हीला हवाली करता है,उसके विरुद्ध इसी तरह की कार्रवाई करवाकर दंडित करवा दिया जाता है। जिससे उनका कार्य आराम से चलता रहे।

# कछुआ संरक्षण में पहचान बनाएगा पहरूआ गांव का प्राचीन तालाब : प्रियांशु

**स्वतंत्र भारत मिर्ज़ापुर -शाहजहांपुर।** ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी ने लोक भारती के सदस्य आलोक कुमार मिश्रा के सहयोग से ग्राम पंचायत जरियनपुर के ग्राम पहरूआ कलां के कछुआ वाले प्राचीन तालाब की सफाई और कछुआ संरक्षण का कार्य शुरू कर दिया है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख और लोक भारती के सदस्य आलोक कुमार मिश्रा ने जागरूक ग्रामीणों बृजकिशोर शर्मा,अजय रघुवंशी,गंगा समग्र के मैथिली शरण गुप्ता आदि के साथ स्वयं तालाब की सफाई का कार्य शुरू करके किया। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि गांव के इस प्राचीन तालाब में सैकड़ों वर्षों से बड़े बड़े कछुए रहते हैं। कुछ लोग चोरी छिपे तालाब से कछुओं को पकड़कर तस्करी किए जाने की शिकायतें भी मिल रहीं थीं। उन्होंने जनभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी से मिलकर कछुआ संरक्षण और प्राचीन तालाब का सौंदर्यकरण करवाए जाने की मांग की। जिलाधिकारी ने जनभावनाओं का आधार करते हुए तालाब के सौंदर्यीकरण और कछुआ संरक्षण के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है। इसी क्रम में मंगलवार को उन्होंने जनसहयोग से तालाब की सफाई करके कार्य शुभारंभ किया। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि बहुत जल्दी यह तालाब जिले के मानचित्र में विकसित और कछुआ संरक्षण के रूप में पहचान बनाएगा।



# बड़े मंगल पर कई जगह आयोजित हुए कार्यक्रम



**पुवायां शाहजहांपुर।** बड़े मंगल पर तहसील में जगह जगह भंडारे आयोजित किए गए। जहां राहगीरों और श्रद्धालुओं ने प्रसाद का आनंद लिया। नगर के जेवा रोड पर जेवा निवासी विनोद शुक्ला द्वारा प्रतिवर्ष किए जाने वाले भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें राहगीरों और श्रद्धालुओं ने पुड़ी सब्जी और हलवा का प्रसाद ग्रहण किया। विनोद शुक्ला ने बताया कि पिछले पांच वर्षों से ज्येष्ठ मास के मंगलवार को भंडारा आयोजित कराते आए हैं और पवनसुत हनुमान जी की कृपा से आगे भी भंडारे का आयोजन करते रहेंगे। इस दौरान विनोद शुक्ला राजेंद्र शुक्ला हितेश कुमार शुक्ला मनोज शुक्ला आर्यन शुक्ला विवेक श्रीवास्तव नीतीश शुक्ला आदि श्रद्धालु मौजूद रहे। वही गंगसरा स्थित लहिया बाबा शिव मंदिर पर समाजसेवी सर्वेश गुप्ता द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई। पूजा के उपरांत भगवान शिव को भोग अर्पित किया गया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की गई। जिसके बाद कन्या भोज का आयोजन किया गया। जिसमें कन्याओं का सम्मानपूर्वक पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। कन्या भोज के पश्चात श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में क्षेत्र के गणमान्य लोगों, श्रद्धालुओं तथा ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। कार्यक्रम के आयोजक सर्वेश गुप्ता ने बताया कि धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा और सद्भावना बढ़ती है। भंडारे के सफल आयोजन में स्थानीय लोगों का भी सराहनीय सहयोग रहा। इस दौरान सर्वेश गुप्ता नन्हे लाल गुप्ता महेश गुप्ता पुरुषोत्तम मिश्रा रवि गुप्ता मुकेश गुप्ता आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# किशोरी को भगाने के आरोप में बाल अपचारी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी बाल अपचारी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।पीड़िता के पिता की तहरीर पर थाना निगोही क्षेत्र के गांव मदारीपुर निवासी एक बाल अपचारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। आरोप है कि वह 25 मई को किशोरी को अपने साथ भगा ले गया था। मामले की जांच में जुटी पुलिस ने 27 मई को किशोरी को बरामद कर लिया था। बरामदगी के बाद किशोरी को सुरक्षा के दृष्टिगत वन स्टॉप सेंटर भेज दिया गया था।मंगलवार को दोपहर 2꞉00 बजे चीनी मिल स्थित मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी बाल अपचारी को हिरासत में लेकर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया।सीओ इशिका सिंह ने बताया कि किशोरी के न्यायालय में बयान दर्ज कराने के बाद उसे वन स्टॉप सेंटर भेजा गया था। वहीं आरोपी बाल अपचारी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजने के आदेश दिए गए।

### मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन ने सोमवार शाम कार्रवाई करते हुए मिट्टी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज कर दिया। एसडीएम जीत सिंह राय और सीओ इशिका सिंह सोमवार शाम करीब 7꞉30 बजे कटरा क्षेत्र से लौट रहे थे। इसी दौरान तिलहर क्षेत्र में हाईवे पर उन्हें मिट्टी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जाती दिखाई दी। संदेह होने पर अधिकारियों ने वाहन को रुकवाकर चालक से खनन संबंधी अनुमति पत्र और अन्य आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा। चालक कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका। इस पर एसडीएम ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके पर ही सीज कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। एसडीएम ने बताया कि मामले की जांच के लिए रिपोर्ट खनन विभाग को भेज दी गई है। जांच के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध खनन में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया।

# हज से लौटे मोहम्मद सऊद अंसारी का स्वागत



स्वतंत्र भारत निगोही-शाहजहांपुर। सोमवार इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर हज करके लौटे हाजियों से सबका दिल यूनाइटेड पार्टी के प्रदेश महासचिव शाहिद अंसारी, हिन्द क्लाथ हाउस कांट प्रोपराइटर नसीम भाई , डॉक्टर दिलशाद अंसारी ,डॉक्टर अमन अंसारी ,मसूद अंसारी, ने मुलाकात कर उनका स्वागत किया! उन्होंने हज का सफर पूरा करने वालों को मुबारकबाद दी ! मुलाकात के दौरान हाजियों से मिलकर खुशी जाहिर की समाज और बतन के अमन चैन के लिए दुआएं लेकर आए हाजियों ने फ्लाइट्स से उतर कर भारत भूमि पर कदम रखा और अपनों से मिलने की तमन्ना थी! हाजी साहिबानों ने कहा कि भाजपा सरकार होंने पर आज उन्हें सफर में इतनी सुविधाए मिलती ! सफर के दौरान मौजूदा सरकार द्वारा हाजियों को दी जाने वाली सुविधाओं में भारी सावधानियां देखने को मिली ! जो कि बेहद ही प्रशांसनीत और सराहनीय है! इस बीच खाने पीने की संमुचित व्यवस्थाओं के चलते सफर में कोई दिक्कतें नहीं हुई सरकार द्वारा हाजियों को दी जाने वाली सुविधाओं के कार्य सही दिखाई देते हैं !इस वार हाजियों ने भारी खुशी जताई है! 18 दिन की सुविधा मुहैया कराई गई ! जिससे उन्हें सफर में पहली इतनी सुविधाए मिल रही है ! सफर के दौरान मौजूदा सरकार द्वारा हाजियों को दी जाने वाली सुविधाओं में भारी सावधानियां देखने को मिली ! जो कि बेहद ही प्रशांसनीय और सराहनीय है! इस बीच खाने पीने की संमुचित व्यवस्थाओं के चलते सफर में कोई दिक्कतें नहीं हुई सरकार द्वारा हाजियों को दी जाने वाली सुविधाओं के कार्य सही दिखाई देते हैं !इस वार हाजियों में खुशी जताई है! इस मौका पर महेंद्र पाल कुशवाहा वसीम वारसी संदीप राजपूत आदेश वर्मा अशोक कुमार इबरार वारसी श्रीधर पंकज सुरेश सर्वजीत राहुल सिंह राजाराम आदेश श्रीवास्तव अफजल जीशान आनंद प्रकाश अजय प्रकाश आदि लोगों ने सकुशल घर वापसी पर स्वागत किया!

# बड़े मंगलवार पर जगह-जगह लगे भंडारे व शरबत वितरण शिविर



**स्वतंत्र भारत खुदागंज शाहजहांपुर** ज्येष्ठ माह के पावन बड़े मंगलवार के अवसर पर खुदागंज क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और जनसेवा का अद्भुत नजारा देखने को मिला। क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों तथा धार्मिक संगठनों द्वारा भंडारों, शरबत वितरण शिविरों एवं शीतल जल सेवा का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी के बीच राहगीरों, श्रद्धालुओं और आमजन को ठंडा शरबत, शीतल जल एवं प्रसाद वितरित कर मानव सेवा का संदेश दिया गया। बड़े मंगलवार के अवसर पर सुबह से ही मंदिरों में भगवान हनुमान जी की विशेष पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम शुरू हो गया। इसके साथ ही क्षेत्रभर में सेवा कार्यों की भी व्यापक झलक दिखाई दी। दोवहा नदी स्थित ऊंचाई घाट के समीप शिक्षक परिवार तथा पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरुण कुमार सिंह एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष व भाजपा के वरिष्ठ नेता सुधीर सिंह के नेतृत्व में विशाल शरबत वितरण शिविर लगाया गया। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं राहगीरों को मीठा शरबत पिलाकर गर्मी से राहत पहुंचाई गई। सेवा कार्य में युवाओं और क्षेत्रवासियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। नगर के प्रतिष्ठित उद्यमी एवं नीलकंठ इंडियन गैस सर्विस के स्वामी मनोज कुमार अग्रवाल द्वारा श्रद्धालुओं के लिए भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में श्रद्धालुओं को पूरी-सब्जी सहित प्रसाद वितरित किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजकों की सराहना की और ऐसे धर्मार्थ कार्यों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।इस अवसर पर क्षेत्रीय पुलिस का मानवीय और संवेदनशील चेहरा भी देखने को मिला। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने स्वयं सड़क पर उतरकर राहगीरों एवं श्रद्धालुओं को शीतल जल और मीठा शरबत वितरित किया। पुलिस के इस सेवा भाव की स्थानीय लोगों ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की। लोगों का कहना था कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक सरोकारों और जनसेवा में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

वहीं समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा नगर के मुख्य चौराहे पर शरबत एवं शीतल पेय वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने शरबत ग्रहण किया तथा सेवा कार्य में सहयोग दिया। आयोजन स्थल पर सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और सहयोग की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली। बड़े मंगलवार के अवसर पर क्षेत्रभर में आयोजित इन सेवा कार्यों ने धार्मिक आस्था के साथ-साथ मानव सेवा के महत्व को भी रेखांकित किया। श्रद्धालुओं का मानना है कि प्यासे को पानी पिलाना और जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। भीषण गर्मी के बीच आयोजित इन सेवा शिविरों ने हजारों लोगों को राहत पहुंचाने के साथ-साथ समाज में सेवा, सहयोग और सद्भावना का संदेश भी प्रसारित किया। कार्यक्रमों में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता सुधीर सिंह, उदय प्रताप सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरुण कुमार सिंह, मनोज कुमार अग्रवाल, निर्दोष सिंह, आर्यन सिंह, अभय प्रताप सिंह, धर्मेश अग्रवाल, राम बहादुर, प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य, उपनिरीक्षक दिनेश यादव, उपनिरीक्षक सुमित कुमार, उपनिरीक्षक शिव मोहन सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।बड़े मंगलवार पर क्षेत्रभर में उमड़ी श्रद्धा और सेवा भावना ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि ÷नर सेवा ही नारायण सेवा है÷। समाज के प्रति समर्पित ऐसे सेवा कार्य न केवल मानवता को मजबूत करते हैं, बल्कि सामाजिक एकता, भाईचारे और मानवीय मूल्यों को भी सुदृढ़ बनाते हैं।

# एक वर्षीय अबोध बच्ची के साथ रेप का प्रयास

## बच्ची के चीखने पर मौके पर पहुंची मां ने आरोपी के चंगुल से बच्ची को छुड़ाया

**आरोपी धमकी देकर मौके से हुआ फरार**
**रिश्ते का चाचा बन रहा था हैवान**
**सीओ ने शुरू की जांच पड़ताल**

**स्वतंत्र भारत खुटार।** क्षेत्र के एक गांव में घर में खेल रही एक वर्ष की दुधमुंही बच्ची के साथ रिश्ते के चाचा ने दुष्कर्म करने का प्रयास किया। बच्ची के रोने पर मौके पर पहुंची मां को देखकर आरोपी धमकी देते हुए मौके से भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से जानकारी कर घटना की जांच पड़ताल शुरू की।

क्षेत्र के एक गांव की महिला ने अपने एक रिश्ते के एक देवर पर आरोप लगाते हुए बताया कि, मंगलवार दोपहर करीब 1ः30 बजे वह अपने एक वर्षीय अबोध बच्ची को लेकर घर के बरामदे में बैठकर खेल खिला रही थी। मां के साथ खेलते खेलते बच्ची को शौच आ गई। जिस पर मां ने बच्ची के कपड़े उतार कर नल पर कपड़े धोने चली गई कि उसी समय पड़ोस का ही रहने वाला रिश्ते का देवर उसके घर आ गया और बच्ची को उठाकर कमरे में लेकर चला गया और उसे खेल खिलाने लगा। कुछ देर बाद बच्ची के रोने चीखने की आवाज उसे सुनाई दी। जिस पर वह धो रही कपड़ों को छोड़कर कमरे में पहुंची तो देखा कि बच्ची का रिश्ते का चाचा उसके साथ रेप करने का प्रयास कर रहा था। जिस बच्ची चीख रही थी, जिस पर उसने अपनी बच्ची को जैसे तैसे आरोपी के चंगुल से छुड़ा लिया और आरोपी को पकड़ने का प्रयास करने लगी। लेकिन आरोपी जान से मार देने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। उधर दुधमुंही बच्ची के साथ हैवानियत करने वाले आरोपी के बारे में उसने अपने पति को फोन से सूचना दी। जबकि पति घटना के समय खेत पर मौजूद था। उसे जैसे ही सूचना मिली वह दौड़ते हुए घर पहुंचा और पूरी जानकारी की। उसके बाद बच्ची के पिता ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने जांच पड़ताल कर घटना की सूचना थाने दी। थाने से पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर बच्ची की मां के बयान दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की। उधर चांदपुर चौकी पर तैनात एक सिपाही मामले को दबाने के प्रयास में जुट गया। लेकिन बच्ची के पिता ने कहा कि वह आरोपी के खिलाफ कार्यवाही जरूर कराएगा। जिस पर सिपाही गांव में पूर्व प्रधान के यहां पहुंचा और दोनों पक्षों को बैठा कर मामले को रफा दफा करने में जुट गया। उधर बच्ची के साथ ऐसी घृणित घटना होने के बावजूद सिपाही के रवैये को देख ग्रामीणों में रोष पनपने लगा। जिस पर कुछ घंटो बाद मौके पर पहुंचे दरोगा ने मामले को शांत कर आरोपी के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने का बच्ची के माता पिता को आश्वासन दिया। बताते चलें कि एक वर्षीय दुधमुंही बच्ची के साथ ऐसी घटना होने की जानकारी जैसे ही ग्रामीणों को लगी तो ग्रामीण बच्ची के घर की तरफ दौड़ पड़े और पूरे गांव में आग की तरह बात फैल गई। और तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई। उधर एक वर्षीय बच्ची के साथ हैवानियत करने की जानकारी जैसे ही सीओ पुवायां प्रवीण मलिक को हुई वह फानन-आनन में थाने पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की।

घटना की जानकारी हुई है मौके पर पहुंचकर जांच की जा रही है जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मजदूरी के लिए चेन्नई गया युवक दो माह से लापता

## गुमशुदा युवक की मां ने पत्र भेजकर मुख्यमंत्री से लगाई गुहार



स्वतंत्र भारत ददरौल शाहजहांपुर। थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला ताहवरगंज से मजदूरी के लिए चेन्नई के लिए निकले रामू का दो माह से भी अधिक समय बीत जाने के बावजूद भी सुराग नहीं लग सका है। उसके साथ गए तीन अन्य लोग लौट आए हैं। आरोप है कि थाना आरसी मिशन थाने पर तैनात दरोगा जो मामले में विवेचक है अभद्र व्यवहार कर पीड़ित को भगा देते हैं। घर का अकेला कमाने वाला होने के चलते परिवार के आगे आर्थिक संकट की स्थिति पैदा हो गई है। मां ने मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित कर बरामद कराए जाने की गुहार लगाई है। आरसी मिशन थाना क्षेत्र के गांव ताहवरगंज निवासी मैना देवी पत्नी खुशीराम ने मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में बताया कि उनका पुत्र हथौड़ा बुजुर्ग स्थित एक ईंट भट्ठे पर काम करता था। छह अप्रैल को भट्ठे पर ही काम करने वाले तीन अन्य मजदूरों के साथ चेन्नई काम करने के लिए निकला था। आरोप है कि वहां नहीं पहुंचा। इसी दिन रात में करीब 10 बजे जब उसके मोबाइल पर काल की तो वो बहुत घबराया हुआ था और मारपीट की बात कर रहा था। थाने में शिकायत करने पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली, लेकिन तलाश करने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। जांच कर रहे दरोगा ने उसके साथ गए लोगों को थाने बुलवाया। उनमें से एक के पास से रामू का लाइसेंस और अन्य दस्तावेज बरामद हुए थे। गुमशुदा युवक की माँ ने बताया कि एक दोस्त को दूसरे जनपद से बुलाकर विवेचक ने उसके साथ काफी मारपीट की जबकि मामले में साफ तौर से शामिल दिख रहे आरोपियों से औचारिकता ही निभाई जा रही है। पुलिस मामले को ठंडे बस्ते में डाले है। मैना देवी का आरोप है कि थाने जाने पर दरोगा अभद्र व्यवहार कर भगा देते हैं। रामू के न होने से उसके पांच बच्चे सोनू, आलोक, आराध्या, आरोही, अंशिका और पत्नी कांति देवी के आगे आर्थिक संकट आ गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से रामू की बरामदगी की मांग की है। इंस्पेक्टर आरसी मिशन धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। साथ गए लोगों से भी पूछताछ की गई थी। रामू बीच में आंध्र प्रदेश की सीमा में ट्रेन से उतर गया था। वहीं तक उसकी लोकेशन मिली है। बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# रेलवे कैंटीन पर लोको पायलट ने किया भंडारा



**स्वतंत्र भारत रोजा जंक्शन शाहजहांपुर।** जेठ माह के बड़े मंगल के अवसर पर रोजा जंक्शन रेलवे कैंटीन पर लोको पायलटो ने देव टेक कंपनी के गेट पर आज शरबत भंडारे का आयोजन किया भंडारे के प्रारंभ में बजरंगबली मूर्ति का तिलक लगाकर हवन पूजन किया और उसके बाद कन्याओं को शरबत पिलाया फिर अंत में राहगीरों को शरबत वितरण किया पूरे दिन शरबत वितरण हुआ 2 दिन पूर्व सिग्नल एंड टेलीकॉम कंपनी के कर्मचारी उज्जवल मिश्रा ने सुभाष चंद्र बोस चौराहे पर भंडारा किया था आज वेबसाइट कंपनी के सामने लोको पायलट भंडारा किया इस अवसर पर जगदीश चंद्र दिनेश कुमार मिश्रा अजय कुमार मिश्रा सुशील कुमार अग्निहोत्री मुकेश शुक्ला अमित यादव सुनील गुप्ता बबलू तिवारी अजय कुमार मिश्रा सहित कई भक्तगण उपस्थित थे।

## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर चलाया अभियान

स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहाँपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में ÷विशिष्ट जन सम्पर्क अभियान में पार्टी से जु? समस्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं जन प्रतिनिधियों से जनसंपर्क करने का आवाह्न किया गया है। भाजपा (महानगर) की जिला कार्यसमिति सदस्य एवं केन्द्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र ने सेंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष संजीव अग्निहोत्री, जनपद के प्रतिष्ठित सी.ए. घनश्याम वर्मा,विभिन्न अधिवक्ताओं, शिक्षाविदों से मुलाकात कर नरेन्द्र मोदी सरकार के विश्वास,विकास एवं जनकल्याण के 12साल के कार्यों के संबंध में विस्तृत चर्चा की।

# अज्ञात कारणों के चलते युवक ने लगाई फांसी, मौत

## मातम में बदली खुशियां चल रही थी तैयारी



**सेहरामऊ दक्षिणी।** थाना क्षेत्र के कुतवापुर गांव में हर्षित मिश्रा उर्फ बंटी ने घर के बाहर बने आहते में फांसी के फंदे से लटक कर आत्महत्या करली। परिजनों की सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर साक्ष्य एकत्रित किए है। कुतुआपुर गांव निवासी 27 वर्षीय हर्षित मिश्रा उर्फ बंटी पुत्र महेश चंद्र मिश्रा किसी प्राइवेट फ़ाइनेंस कंपनी में काम करता था। वह कई दिनो से परेशान था। हर्षित की शादी आने वाली 7 जुलाई को होनी थी। घर में शादी की तैयारिया चल रही थी। परिजनों के अनुसार रात लगभग 2ः00 बजे हर्षित घर के बाहर निकाला और घर का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। सुबह जब परिजनों ने दरवाजा खोलने की कोशिश की तो दरवाजा बाहर से बंद था। बैठक का दरवाजा खोलकर परिजन बाहर निकले और जहां जानवर बांधे जाते हैं वहां आहते में जाकर देखा तो हर्षित फांसी के फंदे पर झूल रहा था। परिजनों के मुंह से चीख निकल गई। परिजनों के अनुसार हर्षित अपने अकाउंट से सभी पैसे निकाल लाया था और अपनी मां को दे दिए थे। अपना मोबाइल फोन भी रिसेट कर दिया था। परिजनों ने बताया हर्षित दो-तीन दिन पहले नई रस्सी भी खरीद कर लाया था जो मोटरसाइकिल की डिग्गी में पड़ी हुई थी। थाना पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। घटना से माँ अनीता पिता महेश का रो-रो कर बुरा हाल है।

# हथौड़ा गांव में 7 घंटे बिजली रही गुल, भीषण गर्मी से बिलबिलाए लोग



**स्वतंत्र भारत रोजा जंक्शन शाहजहांपुर।** क्षेत्र के हथोड़ा बुजुर्ग गांव में जानकीनगर रोड पर 400 वाट का ट्रांसफार्मर रखा हुआ था जिसकी बंच लाइन जलने से सैकड़ों घरों में सुबह 10 बजे से लाइट चली गई भीषण गर्मी में गांव वासी परेशान हो गए कई लोगों ने पावर हाउस फोन करके सूचना दी समरसेबल बंद हो गए घरों में पानी नहीं रहा मोबाइल और इनवर्टर बोल गए पावर हाउस पर जब जानकारी मिली केवल चलने की तो उन्होंने लाइन काट दी और अवर अभियंता कर्मचारियों के साथ जानकी नगर रोड पर केवल सही करने चले गए लेकिन जब वहां पर पहुंचे तो गांव की एक महिला ने लाइट नहीं सही करने दी और कहा पहले हमारे घर का केवल सही करो उसके बाद लाइट सही करने देंगे यह देखकर कर्मचारी और अभियंता पीछे हट गए और कोतवाली को फोन किया कोतवाली से फोर्स भेजा गया लगभग 4ःबजे के बाद जब फोर्स पहुंचा फिर कर्मचारियों ने कार्य करना शुरू किया लगभग 1 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद शाम 5 बजे घरों में लाइट आई ।

# ट्रांसफार्मर विवाद को लेकर ग्रामीणों ने किया रोड जाम

**सिधौली, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव कटिया बुजुर्ग में ट्रांसफार्मर लगाने को लेकर सोमवार शाम ग्रामीणों और बिजली विभाग के अधिकारियों के बीच विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि नाराज ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार गांव में पहले 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था, जो खराब हो गया था। इसके बाद बिजली विभाग की ओर से ट्रांसफार्मर भेजे गए, जिनमें से ग्रामीणों ने 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगवा लिया। कुछ समय बाद बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि गांव के लिए 25 केवीए का ट्रांसफार्मर स्वीकृत था और गलती से 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लग गया है, जिसे हटाना पड़ेगा।

यह सुनकर ग्रामीण नाराज हो गए। उनका कहना था कि 25 केवीए का ट्रांसफार्मर क्षमता कम होने के कारण बार-बार खराब हो जाता था, इसलिए 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया है और उसे हटाने नहीं दिया जाएगा। विवाद बढ़ने पर बिजली विभाग ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस पहुंची और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण ट्रांसफार्मर हटाने की मांग का विरोध करते हुए सड़क पर डटे रहे। प्रदर्शन के दौरान अमित वर्मा, सबील खां, सीबू, मोनिस, गुलफान, संतोष, दिलीप कुमार, राजू, कामरान व बच्चू लाल सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# जिला बदर को जनपद की सीमा से बाहर भेजा



**स्वतंत्र भारत ददरौल शाहजहांपुर।** चौक कोतवाली पुलिस ने गांव नवादा इंदेपुर निवासी पवन भारती उर्फ़ कल्लू राइडर पर जिला बदर की कार्रवाई कराते हुए जनपद की सीमा से बाहर छोड़ दिया है। छह माह तक जनपद की सीमा के भीतर दिखाई देने पर अभियोग पंजीकृत कराकर अग्रिम विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इंस्पेक्टर कोतवाली चौक प्रदीप राय ने बताया कि चौक कोतवाली इलाके के गांव नवादा इंदेपुर निवासी पवन भारती उर्फ़ कल्लू राइडर पर हत्या व हत्या का प्रयास समेत लगभग 14 अभियोग पंजीकृत हो चुके हैं। आरोपी की हिस्ट्रीशीट भी खुली हुई है। पूर्व में भी आरोपी के खिलाफ गुंडा एक्ट जैसी कार्रवाई की गई। इसके बावजूद कोई सुधार नहीं आया। अब करने के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई प्रस्तावित कर उच्चाधिकारियों को प्रेषित की गई थी। वहां से स्वीकृति मिलने के उपरांत अजीजगंज चौकी प्रभारी प्रमोद प्रसाद द्विवेदी ने पवन को जनपद कि सीमा से बाहर लखीमपुर खीरी के बार्डर पर छोड़ दिया है। उसे सख्त हिदायत दी गई है कि यदि छह माह तक जनपद की सीमा में प्रवेश किया तो अभियोग पंजीकृत कराकर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# समाजवादी पार्टी को बनाएं मजबूत : तनवीर

## विधानसभा के चुनाव व शिक्षक एमएलसी के चुनाव को हुई बैठक



**शाहजहांपुर ।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर सपा अल्पसंख्यक सभा की मासिक बैठक सपा अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष हफीज अंसारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन श्री तनवीर खान शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 2027 के विधानसभा के चुनाव व शिक्षक एमएलसी के चुनाव को लेकर चर्चा की गई। सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने कहा कि 2027 में विकास, सामाजिक न्याय और खुशहाली की नई शुरुआत के लिए समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाएं और अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदेश को आगे बढ़ाएं।÷ सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद ने कहा कि शिक्षकों के सम्मान,अधिकार और हितों की रक्षा के लिए समाजवादी पार्टी के शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी हाजी मोहम्मद दानिश अख्तर को भारी मतों से विजयी बनाएं। अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष हफीज अंसारी ने कहा कि समाजवादी पार्टी हर वर्ग के सम्मान, सुरक्षा और बराबरी के अधिकार के लिए प्रतिबद्ध है। अल्पसंख्यकों की शिक्षा, रोजगार और सामाजिक न्याय हमारी प्राथमिकता है।÷ इस मौके पर सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी,सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव सरताज खान,सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव परवे? अंसारी,सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव नाजिम फारूकी,सपा अल्पसंख्यक सभा के विधानसभा अध्यक्ष अरशद खान, सपा जिला सचिव सैयद शकील मियां, जैनुल खान,असलम खान,परविंदर यादव, मौसम खान, मोहम्मद आफाक, आरिफ खान, आसिफ कुरेशी,पप्पू कुरैशी,मोहम्मद जामिन,मोहम्मद तारिक,सलीम अहमद,शोएब,तस्लीम कुरैशी, मोहम्मद शोहराब, सपा जिला अध्यक्ष प्रतिनिधि शाहनवाज आदि मौजूद रहे। मीटिंग का संचालन सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव सरताज खान ने किया।

# पुलिस ने राहगीरों को पिलाया शरबत



स्वतंत्र भारत सिंधौली शाहजहांपुर। भीषण गर्मी और तेज धूप से लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कोतवाल रविंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा कोतवाली के सामने शरबत का पियाऊ लगाया गया। इस दौरान राहगीरों, वाहन चालकों और क्षेत्रवासियों को ठंडा शरबत वितरित किया गया। गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए पुलिस की इस पहल की लोगों ने सराहना की। पियाऊ पर बड़ी संख्या में आने-जाने वाले लोगों ने शरबत पीकर राहत महसूस की और पुलिस विभाग के इस जनहित कार्य की प्रशंसा की। लोगों का कहना था कि तपती धूप और उमस भरे मौसम में ठंडा शरबत मिलना किसी राहत से कम नहीं है। कोतवाल रविंद्र सिंह ने कहा कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज सेवा और जनकल्याण के कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाती है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर पुलिस कर्मियों ने राहगीरों को गर्मी से बचाव के उपाय भी बताए और पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे और उन्होंने लोगों को शरबत वितरित कर सेवा कार्य में सहयोग किया।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू का प्रदर्शन



**स्वतंत्र भारत खुदागंज शाहजहांपुर।** किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारियों एवं किसानों ने विकास खंड कार्यालय पहुंचकर जोरदार तरीके से अपनी आवाज बुलंद की। संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार गंगवार के नेतृत्व में किसानों ने खंड विकास अधिकारी को संबोधित छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपते हुए क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो संगठन किसानों की पंचायत बुलाकर व्यापक आंदोलन की रणनीति तय करेगा। ज्ञापन सौंपते हुए भाकियू नेताओं ने कहा कि किसानों को खेती-किसानी से जुड़े अनेक संकटों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभागों द्वारा समस्याओं के समाधान की दिशा में अपेक्षित प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। इससे किसानों में भारी रोष व्याप्त है। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में यूरिया खाद की कृत्रिम कमी पैदा कर कुछ विक्रेता किसानों का शोषण कर रहे हैं। निर्धारित मूल्य लगभग 270 रुपये प्रति बोरी होने के बावजूद किसानों को 350 से 400 रुपये तक कीमत चुकानी पड़ रही है। ज्ञापन में कृषि यंत्रों पर मिलने वाली सरकारी सब्सिडी को लेकर भी सवाल उठाए गए। संगठन का आरोप है कि वास्तविक किसानों तक योजनाओं का लाभ नहीं पहुंच पा रहा है और कुछ लोग नियमों का दुरुपयोग कर सब्सिडी प्राप्त कर मशीनों को बेच देते हैं। किसानों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर पात्र किसानों को प्राथमिकता के आधार पर लाभ दिलाने की मांग की। ज्ञापन में ग्राम भोजपुर की जलनिकासी समस्या को भी प्रमुखता से उठाया गया। किसानों का कहना है कि सड़क किनारे लंबे समय तक पानी भरा रहने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है और संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार बना हुआ है। ग्रामीणों की सुविधा एवं स्वास्थ्य सुरक्षा को देखते हुए पक्का नाला निर्माण कर स्थायी समाधान किए जाने की मांग की गई।समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी भाकियू (टिकैत) पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि किसानों की समस्याओं को लंबे समय तक नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यदि प्रशासन द्वारा जल्द ही प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन किसानों के साथ पंचायत आयोजित कर व्यापक आंदोलन का रास्ता अपनाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

इस अवसर पर संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार गंगवार के साथ दिनेश चंद्र सक्सेना, राजपाल यादव, रामवीर मौर्य, प्रेमपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह, इंद्रजीत सिंह, हरिशंकर तिवारी, सोनपाल सिंह, रामचंद्र गंगवार सहित बड़ी संख्या में किसान एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर निगम, शाहजहाँपुर

**NOTICE FOR INVITATION OF TENDER**

पत्रांक- 775/PRO/ नि0वि0 / न0नि0 शाह0/2026 — दिनांक- 09.06.2026

### ई-निविदा सूचना

नगर निगम, शाहजहाँपुर में नियोजन अनुभाग-4 के शासनादेश संख्याः-66/2026/567/35-4-2026/35-4002(003)/64/2026 दिनांक 30 मार्च, 2026 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में त्वरित आर्थिक विकास योजनान्तर्गत सामुदायिक केन्द्र के निर्माण कार्य हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृति के कम में सामुदायिक केन्द्र के निर्माण कार्य की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा प्रणाली की समस्त कार्यवाही बेबसाइट www.etender.up.nic.in पर की जायेगी। कार्य की समस्त नियम व शर्ते बेबसाइट पर उपलब्ध है जिनका अवलोकन करने उपरान्त ही निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। बिना कारण बताये टेण्डर को स्वीकृत / अस्वीकृत / निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा। उक्त निविदा के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना बेबसाइट पर अपलोड कर दी जायेगी। विवरण निम्नवत हैः-

| | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि / समय | 11-06-2026-(03.00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि / समय | 11-06-2026 - (04.00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अंतिम तिथि / समय | 01-07-2026 - (03.00 PM) |
| ई-निविदा खोली जाने की तिथि / समय | 01-07-2026 (04.00 PM) |
| फाईनेंशियल ई-निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evaluation |

ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल www.etender.up.nic.in पर किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

**नगर आयुक्त, नगर निगम, शाहजहाँपुर**

# डीएम ने पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

## राजकीय इंटर कॉलेज, खिरनी बाग परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के दिए निर्देश



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर ।** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने जनपद में 13 केंद्रों पर चल रही उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 लिखित परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने हेतु प्रथम पाली में राजकीय इंटर कॉलेज, खिरनी बाग परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कंट्रोल रूम सहित परीक्षा कक्षों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 के परीक्षा दो पालियों में (प्रथम पाली पूर्वान्ह 10.00 बजे से मध्याह्न 12.00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 03 बजे से सायं 05 बजे तक आयोजित की जा रही है। जनपद में परीक्षा सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्ष एवं सुचितापूर्ण सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए । निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूम से संचालित सीसी टीवी कैमरों को देखा। इसके साथ ही उन्होंने परीक्षा कक्षों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए है कि परीक्षा नकलविहीन, निष्पक्ष सकुशल संपन्न कराई जाए, परिक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो यह सुनिश्चित किया जाए, तथा सीसी टीवी कैमरों से निरंतर निगरानी की जाए। जिलाधिकारी ने सपष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा को गंभीरता के साथ संपन्न कराया जाए किसी प्रकार की लापरवाही किसी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# दिल्ली से घर लौट रहे राजमिस्त्री से हजारों की लूट

## अज्ञात बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम

**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)।** अज्ञात बदमाशों ने राजमिस्त्री के साथ मारपीट कर लूट की घटना को अंजाम दिया वह दिल्ली से मजदूरी करके वापस अपने घर लौट रहा था उसकी जेब में 40 हजार नगद व मोबाइल था प्रातः घटना की तहरीर पीड़ित द्वारा पुलिस को दी गई है पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है। पड़ताल की जा रही है। थाना जलालाबाद क्षेत्र के गांव राजपुर नगला निवासी राम रतन (30) सोमवार देर रात दिल्ली से मजदूरी करके घर वापस लौटा था रात्रि लगभग 10:00 बजे ई-रिक्शा से अपने गांव जा रहा था उसने बताया कि ई-रिक्शा चालक में उसे पैंदापुर गांव के चौराहे पर उतार दिया जहां से वह पैदल ही अपने घर के लिए चल दिया। इसी दौरान पीछे से आए



तीन अज्ञात बदमाशों ने आवाज लगाई जैसे ही उसने पीछे मुड़कर देखा ताबड़तोड़ उन लोगों ने कोई वजनदार वास्तु धारदार चीज उसके सिर पर मार दी जिससे वह घायल हो गया और बेहोश होकर रास्ते पर गिर पड़ा, काफी देर बाद जब होश आया तो देखा कि उसका मोबाइल और 40,000 रुपए नगद जेब से गायब है और सिर से खून बह रहा है। इन रुपयों को वह मेहनत मजदूरी करके कमाकर लाया था। प्रातः मंगलवार को थाना कोतवाली पर उसने तहरीर सौंपी है पुलिस ने घायल को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया और मामले की छानबीन शुरू कर दी। इधर पुलिस क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव ने बताया मामला संदिग्ध प्रतीत होता है घटना सोमवार रात 10:00 बजे की है जिसमें 112 पर सूचना नहीं दी, सुबह 10:00 बजे के बाद तहरीर थाने में आकर दी है मामले की पड़ताल की जा रही है।

# प्राचार्य की नियुक्ति और वेतन भुगतान कराने की मांग

## गन्ना किसान डिग्री कॉलेज के कर्मियों ने एसडीएम को सौंपा मांगपत्र

**स्वतंत्र भारत पुवायां शाहजहांपुर।** गन्ना किसान डिग्री कॉलेज के कर्मचारियों ने कालेज की समस्याओं को लेकर एक मांगपत्र उप जिलाधिकारी को सौंपा गया। जिसमें मांग की गई कि कॉलेज में नवनियुक्त प्राचार्य के त्यागपत्र के कारण प्राचार्य पद पर किसी वरिष्ठ शिक्षक को नामित किया जाए। विश्वविद्यालय संबद्धता नए विश्वविद्यालय स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय से करवाने हेतु पत्रावली तथा प्रवेश प्रक्रिया हेतु तत्काल विश्वविद्यालय में जमा करवाया जाय ताकि बच्चों के नामांकन किये न सके।प्रवेश कार्य प्रवेश कार्य में लगे शिक्षक जो ग्रीष्मावकाश पर चले गए हैं बगैर किसी सूचना के, उन्हें तत्काल प्रवेश प्रक्रिया के कार्य को कराने हेतु निर्देश दिए जाएं। तमाम पत्रों जिन पर तमाम आपत्तियां हैं, उनका निस्तारण करवाया जायें । शिक्षकों/कर्मचारियों का वेतन 3 माह से नहीं मिल पाया है जिससे वे आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं।तत्काल वेतन भुगतान कराबाया जाए। कर्मचारियों ने मांग की समस्याओं पर तत्काल प्रभाव से विचार किया जाए और उनका निस्तारण तत्काल करने हेतु प्रबंध समिति की बैठक अविलंब बुलाकर उसमें समस्या के निस्तारण पर विचार कर कार्यवाही करवाई जाएं।मांगपत्र देने वाले कर्मचारियों में डॉ. गुरुवचन सिंह ,डॉ. विनोद कुमार सिंह, रामचन्द्र, राजेश कुमार शिवराम, श्री राम, सुदीप कुमार,रामपाल,रामचन्द आदि शामिल रहे।

# आईजीआरएस शिकायत निस्तारण में जनपद ने प्रदेश में हासिल की 4वीं रैंक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** शासन की प्राथमिकता वाले कार्यक्रम आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण में जनपद शाहजहांपुर ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए प्रदेश स्तर पर 4वीं रैंक प्राप्त की है। मई 2026 की जारी रैंकिंग में जनपद शाहजहांपुर को 127/140 अंक प्राप्त हुए हैं तथा जनपद का प्राप्तांक प्रतिशत 90.71 दर्ज किया गया है। यह उपलब्धि जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन, नियमित समीक्षा एवं अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित किए जाने का परिणाम है। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया था कि आईजीआरएस पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत का निस्तारण संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ किया जाए, जिससे आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित हो सके। नियमित मॉनिटरिंग एवं शिकायतों के फीडबैक की समीक्षा के कारण जनपद ने यह सफलता प्राप्त की है। जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने इस उपलब्धि पर सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक निस्तारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को भविष्य में भी इसी प्रकार बेहतर कार्य करते हुए जनपद को शीर्ष स्थान दिलाने हेतु प्रयासरत रहने के निर्देश दिए।

# प्रदेश में अलग पहचान बना रहा हिंदू युवा संगठन : राजेश

## पुवाया में हुआ हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के कार्यालय का उद्घाटन

**स्वतंत्र भारत पुवायां।** हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश के प्रदेश संरक्षक राजेश अवस्थी ने कहा कि संगठन आज प्रदेश में अपनी अलग पहचान बना रहा है और हिंदुओं को एकजुट करने का काम कर रहा है। हिंदूवादी नेता राजेश अवस्थी मंगलवार को संगठन के पुवायां स्थित कार्यालय का उद्घाटन करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश पिछले कई सालों से हिंदुत्व की लड़ाई लड़ने का काम कर रहा है और मठ मंदिर की सुरक्षा करने के साथ ही लव जिहाद, धर्मांतरण के खिलाफ अभियान चलाने के साथ ही हिंदुओं को जगाने का काम कर रहा है। प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र ने कहा कि 4 साल के कम समय में हिंदू युवा संगठन ने अपनी अलग पहचान बनाई है और आज हर व्यक्ति संगठन के बारे में जानता है। उन्होंने कहा कि आज पुवाया में संगठन का यह दूसरा कार्यालय खुला है। जल्द ही प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में संगठन का कार्यालय खुलेगा। तत्पश्चात प्रदेश संरक्षक और प्रदेश अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर प्रदेश कोषाध्यक्ष साहिल गर्ग, प्रदेश संगठन मंत्री कमल दीक्षित, जिला अध्यक्ष पवन मिश्रा, जिला संरक्षक आनंद पांडे, महानगर अध्यक्ष दिव्यांक बाजपेई, पुवाया तहसील अध्यक्ष अजय द्विवेदी, बंडा ब्लाक प्रभारी प्रदीप कुमार, पुवायां ब्लॉक प्रभारी यश दीक्षित, मोहित राणा, ललित रावत, करण कश्यप, राहुल सिंह, दीपू कश्यप, सौरभ पटेल, जितेंद्र पांडे, नितिन पांडे, किनसुक शुक्ला, हरि श्याम मिश्रा, ख्याली राम, हर्षित पांडे, अजीत राठौर रणजीत सिंह आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# मेयर अर्चना वर्मा मिली मुख्यमंत्री से, तिकोला देवी मंदिर तक रोड चौडीकरण को दिया पत्र

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** मेयर अर्चना वर्मा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मिली था जनपद के विकास कार्य के संबंध में चर्चा की उन्होंने विशेष तौर पर जनपद के विकास खण्ड जलालाबाद के ग्राम नगरादुलरामई स्थित तिकोला देवी मंदिर तक मार्ग के चौड़ीकरण कराए जाने को पत्र भी सौंपा। उन्होंने बताया कि तिकोला देवी मंदिर क्षेत्र की जनआस्था का एक अत्यंत प्राचीन एवं प्रमुख धार्मिक स्थल है। मंदिर में प्रतिवर्ष विशाल धार्मिक मेले एवं विभिन्न धार्मिक आयोजनों का आयोजन होता है, जिनमें जनपद



सहित अन्य जनपदों एवं प्रदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होते हैं। इसके अतिरिक्त प्रतिदिन भी पर्याप्त संख्या में श्रद्धालु दर्शन एवं पूजा-अर्चना हेतु मंदिर पहुँचते हैं। तहसील मुख्यालय जलालाबाद (परशुरामपुरी) से तिकोला देवी मंदिर की दूरी लगभग 06 किलोमीटर है। वर्तमान में इस मार्ग की चौड़ाई अत्यंत कम होने के कारण आवागमन में कठिनाई उत्पन्न होती है तथा विशेष अवसरों एवं मेलों के दौरान प्रायः जाम की स्थिति बनी रहती है। इसके परिणामस्वरूप श्रद्धालुओं, स्थानीय नागरिकों एवं आसपास के ग्रामवासियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। यदि उक्त मार्ग का चौड़ीकरण कराया जाता है, तो श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों को सुगम, सुरक्षित एवं निर्बाध आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। साथ ही धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को नई गति प्राप्त होगी। मार्ग के विकसित होने से इसके किनारे छोटे एवं मध्यम स्तर के व्यापारिक प्रतिष्ठानों तथा कुटीर एवं लघु उद्योगों की स्थापना की संभावनाएँ भी बढ़ेंगी, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि जनहित एवं क्षेत्रीय विकास एवं पर्यटन को दृष्टिगत रखते हुए जलालाबाद (परशुरामपुरी) से ग्राम नगरादुलरामई स्थित तिकोला देवी मंदिर तक स?क चौ?ीकरण करवाया जाए। मेयर अर्चना वर्मा के साथ उनके पति राजेश वर्मा भी मौजूद रहे।

# नवागत बीएसए जयशंकर से मिला शिक्षक संघ

## शिक्षक समस्याओं के समाधान पर हुई विस्तृत चर्चा

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने संघ के प्रांतीय महामंत्री संजय सिंह के नेतृत्व में नवागत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जयशंकर श्रीवास्तव से भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर जनपद की बेसिक शिक्षा व्यवस्था को प्रदेश में उत्कृष्ट स्थान दिलाने तथा शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं के समाधान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। प्रांतीय महामंत्री संजय सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सदैव शासन एवं विभागीय आदेशों के क्रियान्वयन में सहयोगी भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आवश्यक है कि शिक्षक अनावश्यक समस्याओं और मानसिक तनाव से मुक्त होकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि विद्यालयों का निरीक्षण दंडात्मक के बजाय सुधारात्मक दृष्टिकोण से किया जाना चाहिए, जिससे विद्यालयों में



शैक्षिक वातावरण और बेहतर हो सके । इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जयशंकर श्रीवास्तव ने कहा कि शासन एवं विभागीय आदेशों का प्रभावी अनुपालन उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि बेसिक शिक्षा परिवार से जुड़े शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, रसोइया एवं कार्यालय कर्मचारी अनावश्यक रूप से परेशान न हों तथा उन्हें कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लंबित शिक्षक समस्याओं का शीघ्र एवं प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा।प्रतिनिधिमंडल में मुनीश मिश्र, देवेश बाजपेई, राजकुमार तिवारी, यशपाल सिंह, रविन्द्र पाल प्रजापति, सरताज अली, आदेश सिंह, राजकुमार सिंह, महेन्द्र सिंह, विजय प्रताप सिंह, अश्विनी अवस्थी, आनंद गंगवार, अरविंद सिंह, नितिन मिश्रा, धर्मेंद्र सिंह, धर्मवीर सिंह, कौशलेंद्र भदौरिया, प्रदीप सिंह, परवेज आलम, इमरान सईद, कृष्ण कुमार सिंह, अशोक कुमार सहित जनपद के समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, मंत्री एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# लापता शिवम की पत्नी मिली सीओ से

**स्वतंत्र भारत (जलालाबाद-शाहजहांपुर)।** 15 दिन पहले बझेड़ा साप्ताहिक बाजार से अचानक युवक लापता हुआ था जिसका अभी तक सुराग नहीं लगा, उसकी गर्भवती पत्नी ने तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में एसपीआरए से शिकायत कर पुलिस के सुस्त रवैया पर सवाल उठाए थे जिस पर एसपीआरए ने कोतवाल अरविंद सिंह चौहान को युवक का पता लगाने के लिए सख्त निर्देश दिए थे। फर्रुखाबाद जनपद के थाना अमृतपुर के गांव अमैयापुर निवासी शिवम पुत्र शेर सिंह मोटरसाइकिल पर सवार होकर रिश्ते के मामा ओमपाल के साथ बकरी बेचने के लिए बझेड़ा साप्ताहिक बाजार में प्रातः 8:00 बजे आया था, बकरी बेचने के बाद मंगलवार को साप्ताहिक बाजार बझेड़ा से कहीं लापता हो गया साथ में आए रिश्ते के मामा ओमपाल द्वारा थाना जलालाबाद में शिवम के लापता होने की गुमशुदगी दर्ज कराई थी इस मामले में अभी तक पुलिस के हाथ खाली हैं लापता शिवम की कोई सुरागरसी नहीं हो पाई है। शिवम की पत्नी नैंसी ने शक जाहिर करते हुए बताया था कि साथ में आए रिश्ते के मामा ओमपाल ने गुमशुदगी में शिवम को मंदबुद्धि बताया है जो कि गलत है तथा उन्होंने शिवम के साथ अपनी मौजूदगी भी नहीं दर्शायी है जो कहीं ना कहीं संदिग्धता के घेरे में आता है। इधर पुलिस क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव से पूछने पर उन्होंने बताया कि यह पूरा मामला कोतवाल अरविंद सिंह चौहान ने उनके संज्ञान में दिया है इस पर विधिवत्त रूप से सुरागरसी की जा रही है युवक के पता लगाने के हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं शीघ्र सफलता मिलेगी। उधर इस मामले में अपराध निरीक्षक रवि शंकर सिंह यादव से पूछने पर उन्होंने बताया कि मामले की विवेचना विपिन कुमार उप निरीक्षक को सौंपी गई है, पंपलेट छपवाए गए हैं, क्षेत्र में फोटो दिखाकर लोगों से जानकारी लेने का प्रयास जारी है, इसके अतिरिक्त जो भी जरूरी कदम हो सकते हैं उठाए जाएंगे।

# आत्महत्या करने वाले छात्र के मामले में एक अज्ञात सहित 5 के खिलाफ मुकदमा दर्ज


## मृतक छात्र के पिता ने 5 सहपाठियों पर जताया प्रताड़ित करने का संदेह

**पुवायां शाहजहांपुर।** नगर के एक कॉलेज के छात्र का शव छात्रावास के कमरे में लटकता मिला था। जिसके बाद से ही मृतक छात्र के पिता ने छात्र के सहपाठियों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्यवाही किए जाने की मांग की। वही पुलिस ने तहरीर के आधार पर 5 छात्रों को संदेह के घेरे में लेते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया। बिहार के जनपद रोहतास के थाना इंद्रपुरी के गांव बस्तीपुर निवासी विनोद कुमार पुत्र सरजू प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका 24 वर्षीय बेटा अजय राज पुवायां के एक मेडिकल कॉलेज में बी एस सी नर्सिंग का छात्र था और कॉलेज के छात्रावास में रहता था। 27 मई 2026 को अजय घर से कॉलेज आया था। 29 मई 2026 को कॉलेज के उसके सहपाठियों ने फोन पर सूचना दी कि अजय ने खुदकुशी कर ली है। जिसके बाद अपनी पत्नी और रिश्तेदारों के साथ शाहजहांपुर जिला अस्पताल पहुंचा और बेटे का शव देखा और पोस्टमार्टम करवाया। जिसके बाद शव को लेकर अपने गांव चला गया और अंतिम संस्कार कर दिया। पीड़ित पिता ने कालेज के उसके सहपाठियों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही किए जाने की मांग की। वही पुलिस ने संदेह के आधार पर सुमित, आयुष्मान, आर्यन, नैतिक तथा एक अज्ञात सहपाठी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# काला मठ मंदिर पर हुआ सुंदरकांड का पाठ

## हिंदू युवा संगठन के पदाधिकारियों ने की सहभागिता

**स्वतंत्र भारत पुवायां।** हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) की ओर से नगर स्थित काला मठ मंदिर पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र, प्रदेश संरक्षक राजेश अवस्थी ने आयोजक मंडल के लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के प्रदेश संरक्षक राजेश अवस्थी, प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र, प्रदेश कोषाध्यक्ष साहिल गर्ग, प्रदेश



संगठन मंत्री कमल दीक्षित, जिला अध्यक्ष पवन मिश्रा, जिला संरक्षक आनंद पांडे, महानगर अध्यक्ष दिव्यांक बाजपेई, पुवाया तहसील अध्यक्ष अजय द्विवेदी, बंडा ब्लाक प्रभारी प्रदीप कुमार, पुवायां ब्लॉक प्रभारी यश दीक्षित, मोहित राणा, ललित रावत, करण कश्यप, राहुल सिंह, दीपू कश्यप, सौरभ पटेल, जितेंद्र पांडे, नितिन पांडे, किनसुक शुक्ला, हरि श्याम मिश्रा, ख्याली राम, हर्षित पांडे, अजीत राठौर रणजीत सिंह आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## समाचार एक नजर में

# बहनोई पर दुष्कर्म का आरोप

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** क्षेत्र की एक महिला ने अपने बहनोई पर शादी से पहले जबरन शारीरिक संबंध बनाने और अब दोबारा संबंध बनाने का दबाव डालने का आरोप लगाया है। मंगलवार को महिला ने डीएम कार्यालय पहुंचकर शिकायत पत्र सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की।महिला का आरोप है कि थाना सिधौली क्षेत्र के गांव महमूदापुर निवासी उसके बहनोई ने करीब आठ वर्ष पहले शादी से पूर्व उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए थे। लोकलाज और भय के कारण उसने उस समय किसी से घटना का जिक्र नहीं किया। महिला का कहना है कि अब आरोपी फिर से उस पर संबंध बनाने का दबाव बना रहा है। विरोध करने पर उसे बदनाम करने और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी जा रही है।पीड़िता ने बताया कि वह कई दिनों से थाना सिधौली और थाना तिलहर पुलिस के चक्कर लगा रही थी, लेकिन उसकी शिकायत पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद मजबूर होकर उसने डीएम से न्याय की गुहार लगाई।डीएम को दिए गए शिकायत पत्र में महिला ने निष्पक्ष जांच कराकर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।डीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शिकायत पत्र प्रभारी निरीक्षक तिलहर को भेज दिया और निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा ने बताया महिला की शिकायती पत्र के मामले की पुलिस टीम जांच में जुट गई है।

# विद्युत लाइन चालू न होने से किसानों में रोष

**सिंधौली।** ब्लॉक मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर पश्चिम गांव पाता काजीपुर कटिया पलनापुर वचुईया नथुआपुर अख्तियारपुर में मोटर की विद्युत लाइन अभी सुचारू रूप से चालू नहीं हो पाई है वहीं किसानों ने प्रति मोटर सुविधा शुल्क 500 रुपए लिए जाने पर दुख जताया है कहा कि बिजली के न आने से पहले से ही किसान एवं ग्रामीण परेशान है वही लाइनमैन सुविधा शुल्क के रूप में हर केबल कनेक्शन पर 500 रुपए की मांग कर रहे हैं कई किसानों ने वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए अल्टीनेटर से अपनी सिंचाई शुरू कर दी है जिसमें डीजल की बड़ी खपत हो रही है क्योंकि गन्ने में पानी की बड़ी आवश्यकता है यदि समय रहते सिंचाई न हुई तो गन्ना सूख कर खराब हो जाएगा और किसने की लागत भी नहीं निकल पाएगी वहीं ढकिया हमीद नगर क्षेत्र में हाई वोल्टेज एवं लो वोल्टेज का ड्रामा अभी समाप्त नहीं हुआ है जिससे ग्रामीण परेशान होकर रात-रात पर जाग रहे हैं सभी के इनवर्टर बैट्री डाउन हो चुके हैं ज्यादातर इनवर्टर हाई वोल्टेज के कारण फुंक भी चुके हैं परंतु बिजली व्यवस्था अभी भी सुचारू रूप से नहीं चल पा रही है।

# भीषण गर्मी के चलते दो ट्रेनों में यात्रियों की हालत बिगड़ी

**स्वतंत्र भारत रोजा जंक्शन शाहजहांपुर।** 14674 शहीद एक्सप्रेस के कोच नंबर क्ब4 बर्थ नंबर 55 पर पूनम देवी रुड़की से जयनगर जा रहे थे बरेली से निकलने के बाद पूनम देवी के पेट में तेज दर्द होने लगा पूनम देवी ने ट्रेन में चल रही टीटी को बताया टीटी ने कंट्रोल को बताया कंट्रोल के आदेश पर ट्रेन पर शाहजहांपुर का क्या रेलवे के डॉक्टरों की टीम ने प्रास्तियां को उपचार किया उसके बाद ट्रेन को रवाना किया गया दूसरी हो रही है 31 52 कोलकाता जम्मू तवी एक्सप्रेस के कोच नंबर क्क बिरजू शाह का 7 साल का बेटा जिनकी अचानक तबीयत खराब हो गई उल्टी दस्त की प्रॉब्लम हुई बरेली से निकलने के बाद बिरजू साहब ने ट्रेन में चल रहा है टीटी को बताया टीटी ने कंट्रोल को बताया कंट्रोल का आदेश को ट्रेन को शाहजहांपुर में रोका गया जहां उसका प्राथमिक उपचार हुआ उसके बाद ट्रेन को रवाना किया गया स्टेशन अभी तक उन्हें कंट्रोल के आदेश पर जो ट्रेनों में यात्रियों की हालत बिगड़ गई थी जिनका शाहजहांपुर जंक्शन पर रोककर उपचार किया गया।

# ट्रेन की टक्कर से रेलकर्मी की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** रेलवे स्टेशन पर तैनात अशोक कुमार उम्र लगभग 40 वर्ष टेक्नीशियन के पद पर कार्य थे दोपहर बाद शाम को कहलिया रेलवे स्टेशन के पास किसी ट्रेन से टकराकर उनकी मौत हो गई राजधानी एक्सप्रेस के चालक ने बाकी टॉकी से स्टेशन मास्टर और कंट्रोल को बताया कंट्रोल के आदेश पर रोजा जीआरपी चौकी प्रभारी अजीत सिसोदिया मौके पर पहुंचे और उन्होंने शव को कब्जे में लिया परिवार को सूचना दी परिवार में सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया जीआरपी चौकी प्रभारी अजीत सिसोदिया ने बताया किसी ट्रेन से टकराकर अशोक कुमार की मौत हो गई थी सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# बिजली के खंभे से टकराकर युवक गंभीर घायल

**स्वतंत्र भारत जलालाबाद-शाहजहांपुर।** मोटरसाइकिल पर सवार किसी काम से तहसील पर जा रहा युवक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गया घटना तहसील रोड थाना गेट के पास की है तुरंत मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरिया बुजुर्ग में भर्ती कराया जहां हालत चिंताजनक देख डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र अल्हागंज के गांव कटियुली निवासी शिव शंकर शर्मा (18) पुत्र गंगानन्द शर्मा किसी आवश्यक कार्य से तहसील पर जा रहा था काफी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल पर नियंत्रण खो बैठा और सड़क किनारे लगे बिजली के खंबे से टकराकर सड़क पर गिर गया मोटरसाइकिल भी टूट गई और युवक के सिर में गंभीर चोट लगी है वहीं एक पर ही फ्रैक्चर हो गया है। लहूलुहान अवस्था में काफी देर सड़क पर पड़े रहने के बाद पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरिया बुजुर्ग में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद युवक को मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया है जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई गई है।





# छठे मंगलवार को भक्तिमय रहा माहौल, भंडारे हुए आयोजित






- हनुमान मंदिरों में रही भारी भीड़
- जय श्री राम के जयकारे करते रहे भक्त

स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर-खीरी।** ज्येष्ठ मास के छठे मंगलवार को भी जिले भर में हनुमान भक्ति का माहौल रहा। मंदिरों में लोगों ने राम-नाम का जाप करते हुए बजरंग बली के दर्शन किए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने शर्बत, पूड़ी-सब्जी, हलवा, कढ़ी-चावल आदि का भंडारा आयोजित किया। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस चौकसी बरतती रही।

**बिजुआ।** बरम बाबा स्थान पर समाजसेवी और भाजपा नेता अचल कुमार मिश्र 'पाले भईया' ने अपने प्रतिष्ठान पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इसी आयोजन में भीरा थानाध्यक्ष रोहित दुबे भी शामिल हुए। भाजपा नेता अचल कुमार मिश्र ने उन्हें अंगवस्त्र भेंटकर उनका स्वागत किया। इसके अतिरिक्त, पवित्र चौसंधे बाबा स्थान के साथ ही पड़रिया तुला में भी कई स्थानों पर भंडारे आयोजित किए गए। भक्तों ने भीषण गर्मी के बीच राहगीरों को शीतल मीठा जल पिलाया। ब्लॉक क्षेत्र के अन्य कस्बों और गांवों में भी छठे मंगलवार को लेकर विशाल भंडारे और शीतल जल वितरण के कार्यक्रम हुए। गर्मी के मौसम में श्रद्धालुओं द्वारा किए गए इन भंडारों और जल वितरण से राहगीरों को काफी राहत मिली।



**मितौली।** कस्बा निवासी ओमप्रकाश पाल एवं उनके सहयोगियों ने विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया। हनुमान जी की आराधना के उपरांत सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसके बाद आयोजित भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। वहीं बबौना स्थित पंचायत भवन परिसर तथा लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग पर भी विशाल भंडारे आयोजित किए गए। यहां श्रद्धालुओं और राहगीरों को पूड़ी-सब्जी, बूंदी, हलवा एवं शरबत का प्रसाद वितरित किया गया। सुबह से देर शाम तक प्रसाद वितरण का सिलसिला चलता रहा। आयोजन में क्षेत्र के युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी सक्रिय सहयोग किया। इसके अलावा मितौली कस्बे में इंडियन बैंक के निकट अटल राठौर किराना स्टोर पर भी श्रद्धालुओं के लिए पूड़ी-सब्जी और हलवे के प्रसाद की व्यवस्था की गई। आयोजकों ने बताया कि बड़े मंगल का पर्व सेवा, सहयोग और जनकल्याण की भावना को मजबूत करने का संदेश देता है। इस अवसर पर क्षेत्र के मंदिरों में भजन-कीर्तन, सुंदरकांड पाठ एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

**पलिया कलां।** ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल के अवसर पर बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड, पलिया द्वारा कर्मचारियों एवं अधिकारियों के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राहगीरों को शरबत पिलाया गया तथा प्रसाद वितरित किया गया। चीनी मिल की कॉलोनी गेट पर आयोजित भंडारे का शुभारंभ यूनिट हेड ओ.पी. चौहान ने किया। भीरा रोड से गुजरने वाले लोगों के लिए हलवा, चना और शरबत की विशेष व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं एवं राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर विकास मलिक, राजीव तोमर, संजीव दुबे, संजीव श्रीवास्तव, मनोज मिश्र, सतीश श्रीवास्तव, वैभव सिंह, यूनियन नेता निर्भय नारायण, सुरेंद्र पांडे, सतीश सिंह तथा नीरज शुक्ला सहित अन्य लोगों ने प्रसाद वितरण में सहयोग किया। नगर के प्रमुख व्यापारी एवं अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश गर्ग (पप्पी भइया) के नेतृत्व में स्टेशन रोड स्थित भाजपा नेता सुनील गुप्ता के प्रतिष्ठान मां वैष्णो किराना स्टोर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे से पूर्व सभी सेवादारों और श्रद्धालुओं ने पुराना बाजार स्थित प्राचीन श्री हनुमान मठिया मंदिर में विधि-विधान से बजरंगबली की पूजा-अर्चना की। इसके बाद दिल्ली के प्रसिद्ध रगड़ा छोले, करारी पूड़ी, जीरा राइस और पुदीना रायते के प्रसाद के साथ भंडारे का शुभारंभ हुआ। देर शाम तक चले आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय सचिव एवं जिला उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री अमित महाजन, राकेश गर्ग (गोकुल धाम वाले), सुनील गुप्ता, असलम अली, संदीप कोहली, वर्षा गर्ग, मोना मल्होत्रा, प्राची गर्ग, सीमा महाजन, श्रुति गर्ग, पिंकी गर्ग, नितिन गर्ग, दिव्यांश अग्रवाल, शेरा वर्मा, गोविंद वर्मा, निखिल वर्मा, आकाश महेंद्रा, कमलेश कुमार, अमन गुप्ता, इमरान अली, गुड्डू भाई, शादाब, दिनेश गर्ग, आशीष गुप्ता, इरफान लल्ला तथा कारीगर अमित गुप्ता सहित अनेक लोगों ने सेवा कार्य में सहयोग किया। नगर के स्टेशन रोड स्थित श्यामल डेयरी पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे से पूर्व डेयरी के प्रोपराइटर सलिल अग्रवाल ने परिवार एवं सेवादारों के साथ प्राचीन हनुमान मंदिर में विधि-विधान से बजरंगबली की पूजा-अर्चना की। इसके बाद क्रीम और मेवा युक्त ठंडी लस्सी का भोग लगाकर प्रसाद वितरण शुरू किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों और श्रद्धालुओं को ठंडी लस्सी वितरित की गई, जिससे लोगों को काफी राहत मिली। सुबह से शुरू हुए इस भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं, व्यापारियों, गणमान्य नागरिकों और राहगीरों ने कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया।

जंगबहादुरगंज। कस्बा जंगबहादुरगंज में लालू गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, उमेश गुप्ता, वकील, नन्हे, संजीव, पवन, टिशू चंद, नंदराम और कपिल गुप्ता के सहयोग से विशाल भंडारा आयोजित किया गया। वहीं डॉ. अवनीश यादव ने नेशनल हाईवे-30 स्थित प्रगुण नर्सिंग होम के पास शरबत स्टॉल लगाकर लोगों को ठंडा शरबत पिलाया। बरखेरिया जांट स्थित शिवालय के निकट आयोजित भंडारे में बालाजी महाराज की पूजा-अर्चना के बाद कन्याभोज कराया गया। इस आयोजन में अमन गुप्ता, राहुल गुप्ता, अतर सिंह कोटेदार, मोहित कन्नौजिया, अंकुल गुप्ता, दीपू गुप्ता, बलवंत राठौर, शिवांशु कश्यप और गोविंद कारीगर का सहयोग रहा। इसके अलावा अमिताभ तिवारी के बालाजी हॉस्पिटल द्वारा भी विशाल भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं को छोला-चावल और बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया।

**ओयल।** ज्येष्ठ माह के छठे बड़े मंगलवार पर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पूजा-अर्चना, कन्या भोज और भंडारों का आयोजन किया गया। इस दौरान भगवान श्रीराम और हनुमान जी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। बेहजम तिराहा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. जेड खान एवं समस्त स्टाफ ने विधि-विधान से पूजन कर पूड़ी-सब्जी का भंडारा कराया। वहीं लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन स्थित बस स्टैंड के पास प्राचीन हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं ने भंडारे का आयोजन किया। ढकवा बाजार सब्जी मंडी के निकट हनुमान मंदिर में शीतल शरबत वितरित किया गया, जबकि पुलिस चौकी के पास अनन्य ज्वेलर्स द्वारा छोले-चावल का भंडारा कराया गया। गुलरीपुरवा स्थित हनुमान मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारों में हजारों भक्तों ने भाग लिया।

## सपा की मासिक बैठक आयोजित

**लखीमपुर-खीरी।** समाजवादी पार्टी के लोहिया भवन में आयोजित मासिक बैठक में सांसद उत्कर्ष वर्मा ने कहा कि पीडीए संविधान और आरक्षण की सबसे बड़ी ढाल है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी नौकरियों में पिछड़े और दलित वर्ग को मिलने वाले आरक्षण के साथ अन्याय किया गया है। समाजवादी पार्टी पीडीए वर्ग के अधिकारों और संविधान की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष कर रही है। उत्कर्ष वर्मा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार महंगाई नियंत्रित करने, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने में विफल रही हैं। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2019 से 2026 के बीच पीडीए वर्ग के 11,554 से अधिक आरक्षित पदों की अनदेखी की गई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 2027 विधानसभा चुनाव के लिए बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने कहा कि बिजली आपूर्ति, महंगाई और कानून-व्यवस्था के मुद्दों पर सरकार पूरी तरह असफल रही है। उन्होंने कहा कि पीडीए वर्ग को न्याय दिलाने के लिए समाजवादी पार्टी सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। बैठक से पूर्व आयोजित प्रेसवार्ता में सांसद उत्कर्ष वर्मा, जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल और मो. कयूम खां ने भी आरक्षण के मुद्दे पर चिंता व्यक्त की। बैठक को पूर्व एमएलसी शशांक यादव, डॉ. आर.ए. उस्मानी, दाऊद अहमद, विनय तिवारी, सुनील लाला, रामसरन, आर.एस. कुशवाहा, शमशेर बहादुर सिंह, प्रीतेन्द्र सिंह कक्कू, वरुण चौधरी, श्रीकृष्ण राज सहित कई नेताओं ने संबोधित किया।

## राम नाम महायज्ञ में शामिल होने दिल्ली रवाना हुआ पलिया का श्रद्धालु दल

**पलिया कलां (खीरी)।** नई दिल्ली के झंडेवाला स्थित श्री हर श्री नाथ जी मंदिर में आयोजित 17वें श्री राम नाम महायज्ञ एवं संकीर्तन महोत्सव में शामिल होने के लिए पलिया नगर से श्रद्धालुओं का एक जत्था पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ रवाना हुआ। सोमवार को मालगोदाम रोड स्थित बाले आरा मशीन परिसर से श्रद्धालु विशेष बस द्वारा दिल्ली के लिए रवाना हुए। इस दौरान 'जय श्री राम' और 'हर श्री नाथ' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। दिल्ली पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने श्री हर श्री नाथ जी मंदिर से निकली भव्य राम नाम महाशोभायात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और हर श्री नाथ नाम तथा भगवान श्रीराम का जाप करते हुए लगभग 14 किलोमीटर की पैदल यात्रा पूरी की। श्रद्धालुओं ने बताया कि कोपरगांव (महाराष्ट्र) स्थित मूल मंदिर में अखंड रूप से प्रज्ज्वलित 'श्री राम नाम ज्योति' एवं अखंड जाप परंपरा के 16 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह आयोजन किया गया। परम पूज्य सद्गुरुदेव जी महाराज के सान्निध्य में निकली शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह भंडारे एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी।

## दूषित पेयजल को लेकर सौंपा ज्ञापन

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** ग्रामीण जनहित सेवा समिति उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष महेश वर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी गोला प्रतीक्षा त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपकर ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि विकास खंड कुम्भी (गोला) एवं बांकेगंज की कई ग्राम पंचायतों में स्थित प्राथमिक, उच्च प्राथमिक तथा कंपोजिट विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर लगे हैंडपंपों से दूषित एवं गंदा पानी निकल रहा है। ऐसे में स्कूली बच्चे और अन्य लोग वही पानी पीने को मजबूर हैं। संगठन का आरोप है कि पंचायतों द्वारा प्रतिवर्ष हैंडपंपों की मरम्मत एवं रिबोर पर लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति संतोषजनक नहीं है। संगठन ने हैंडपंपों के पानी की गुणवत्ता की जांच कराए जाने तथा आर्सेनिक की जांच कराने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश महासचिव विकास शुक्ला, तहसील अध्यक्ष दीपक सिंह रघुनायक, एडवोकेट विवेक गौतम, रमाकांत चौधरी, अशर्फी लाल गौतम, विक्रम सिंह, मनोज कुमार, सुनील कुमार, कल्पना तिवारी, रनसिंह सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## गन्ना उत्पादन बढ़ाने को लेकर कृषक संगोष्ठी आयोजित

स्वतंत्र भारत



**खम्भारखेड़ा-खीरी।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड, चीनी मिल खम्भारखेड़ा द्वारा गन्ना उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि के उद्देश्य से कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान गन्ना शोध संस्थान, शाहजहाँपुर से आए वैज्ञानिक एवं सहायक निदेशक डॉ. प्रवीण कुमार कपिल ने मिल क्षेत्र का भ्रमण कर विभिन्न गन्ना फसलों का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान डॉ. कपिल ने क्षेत्र में प्रचलित प्रमुख गन्ना प्रजातियों को0 0118, को0ल0ख0 14201, को0शा0 13235, को0शा0 13231 तथा को0 98014 का अवलोकन किया। निरीक्षण में सभी फसलें स्वस्थ, सुदृढ़ तथा कीट एवं रोगों से मुक्त पाई गईं। उन्होंने किसानों द्वारा अपनाई जा रही उन्नत कृषि तकनीकों एवं गन्ना विकास विभाग के प्रयासों की सराहना की। इसके बाद ग्राम मुकुन्दा में महाप्रबंधक (गन्ना) पुष्पेन्द्र ढाका, सहायक महाप्रबंधक (गन्ना) राजेन्द्र सिंह तथा संजीव कुमार की उपस्थिति में कृषक गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में किसानों को उन्नत एवं अधिक उत्पादन देने वाली गन्ना प्रजातियों की वैज्ञानिक विधि से बुवाई, फसल प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा आधुनिक कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही किसानों की समस्याओं एवं सुझावों को भी गंभीरता से सुना गया। डॉ. कपिल ने किसानों से स्वीकृत एवं उन्नत गन्ना प्रजातियों की अधिकाधिक बुवाई करने तथा वैज्ञानिक खेती अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि यूरिया की उपलब्धता में आ रही कठिनाइयों को देखते हुए किसान 1 किलोग्राम एनपीके, 1 लीटर नैनो यूरिया एवं कीटनाशक का खड़ी फसल पर छिड़काव करें तथा सिंचाई का विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सहित बड़ी संख्या मंं किसान उपस्थित रहे।

## आमने-सामने भिड़ीं दो बाइकें, महिला सहित दो घायल

**खमरिया-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** कस्बा खमरिया के परसिया रोड पर सड़क किनारे अवैध रूप से खड़ी ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली के कारण मंगलवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। ट्रॉली से बचने के प्रयास में दो बाइकें आमने-सामने टकरा गईं, जिससे एक महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार आमानगर, थाना तंबौर (सीतापुर) निवासी सुमन अपने पति सुनील के साथ बाइक से पड़ोसी गांव अल्लीपुर स्थित मायके जा रही थीं। इसी दौरान परसिया रोड पर सड़क किनारे खड़ी ईंटों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली के कारण सामने से आ रही बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में सुमन तथा दूसरी बाइक पर सवार शीलू वर्मा पुत्र विजय वर्मा निवासी परसिया, थाना खमरिया गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइकें क्षतिग्रस्त हो गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खमरिया पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने हादसे का कारण बनी ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली और क्षतिग्रस्त बाइकों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, परिजनों ने जताया संदेह

**तिकुनियां-खीरी।** ग्राम पंचायत कोलहौरी निवासी अजय कश्यप (21) की सड़क दुर्घटना में हुई मौत के बाद मंगलवार को गांव में तनावपूर्ण स्थिति बन गई। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने मौत पर संदेह जताते हुए न्यायिक जांच की मांग की और अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। जानकारी के अनुसार अजय कश्यप अपनी गाड़ी से ग्राम चमनटांडा निवासी मनप्रीत सिंह और गंगानगर निवासी विक्रम सिंह को लेकर रुद्रपुर जा रहे थे। रास्ते में मनप्रीत के पिता की तबीयत खराब होने की सूचना मिलने पर वे वापस लौट रहे थे। इसी दौरान मैलानी-भीरा जंगल के बीच वाहन पलट गया, जिससे अजय की मौत हो गई, जबकि मनप्रीत सिंह और विक्रम सिंह सुरक्षित बच गए। सूचना पर भीरा पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मंगलवार को शव गांव पहुंचने पर परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी निघासन शिवम कुमार और कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार ने परिजनों को समझाया।

## दूसरे दिन सख्त पहरे में संपन्न हुई यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा, डीएम-एसपी रहे भ्रमणशील

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जनपद के 16 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा 2025 दूसरे दिन सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान दोनों पालियों में कुल 13248 अभ्यर्थियों में से 9856 ने परीक्षा दी, जबकि 3392 अनुपस्थित रहे। परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसपी डॉ. ख्याति गर्ग, एडीएम (न्यायिक) सहित नोडल अधिकारी व सेक्टर मजिस्ट्रेट लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते रहे। स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी केंद्रों पर मुस्तैदी से तैनात रहे। डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने एडीएम ब्रजपाल सिंह दोनों सत्रों की परीक्षा में भ्रमणशील रहकर जनपद खीरी में स्थित परीक्षा केंद्रों (इस्लामिया इंटर कॉलेज, अबुल कलाम गर्ल्स इंटर कॉलेज) का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर परीक्षा को सकुशल एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने जरूरी निर्देश दिए। डीएम-एसपी ने परीक्षार्थियों हेतु भौतिक सुविधाओं/सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए सीसीटीवी कैमरों को चैक किया व संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट को परीक्षा में आयोग के शत प्रतिशत निर्देशों के अनुपालन के निर्देश दिए। वही सेक्टर मजिस्ट्रेट ने भी भ्रमणसील रहकर अपने सेक्टर के परीक्षा केंद्रों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए पूरी परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया।

## तेंदुए की तलाश में लगाए पिंजरे और कैमरे

स्वतंत्र भारत

**खमरिया-खीरी।** ईसानगर क्षेत्र के रायपुर गांव में तेंदुए के हमले में मासूम बालक की मौत के बाद वन विभाग पूरी तरह सक्रिय हो गया है। तेंदुए को पकड़ने और क्षेत्र में उसकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए वन विभाग ने विभिन्न स्थानों पर पिंजरे लगाने के साथ-साथ नाइट विजन कैमरे भी स्थापित किए हैं। यही नही वन विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में गश्त कर रही है और ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए प्रचार वाहन के माध्यम से सतर्कता संदेश प्रसारित कर रही है। विभाग द्वारा लोगों से अपील की जा रही है कि शाम ढलने के बाद अकेले घर से बाहर न निकलें तथा खेतों और जंगल के आसपास जाने पर समूह में ही जाएं। इस बाबत वन अधिकारियों ने बताया कि तेंदुआ सहित अधिकांश जंगली जानवर सांझ के समय अधिक सक्रिय हो जाते हैं। इसी कारण ग्रामीणों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। बच्चों को अकेले बाहर न भेजने और पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर बांधने के निर्देश भी दिए गए हैं। साथ ही विभाग के अनुसार, लगाए गए नाइट विजन कैमरों से तेंदुए की गतिविधियों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। कैमरों और पिंजरों की निगरानी लगातार की जा रही है ताकि जल्द से जल्द तेंदुए को पकड़कर क्षेत्रवासियों को राहत दी जा सके। फिलहाल कुछ भी हो रायपुर की घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है, जबकि वन विभाग लोगों को सतर्क रहने के साथ अफवाहों से बचने की सलाह दे रहा है। वन अधिकारी किसी भी जंगली जानवर के दिखाई देने पर तत्काल वन विभाग को सूचना दें और स्वयं उसे पकड़ने या भगाने का प्रयास न करें की बात कह रहे है।

## संक्षिप्त समाचार

### सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**पलियाकलां-खीरी।** बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड, चीनी मिल पलिया के सभागार में सुरक्षा जागरूकता को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें चीनी मिल, आसवनी के कर्मचारियों, अधिकारियों एवं संविदाकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनिट हेड ओ.पी. चौहान ने की। लखनऊ से आए पर्यावरण एवं सुरक्षा विभाग के उपाध्यक्ष बृजेश श्रीवास्तव ने कर्मचारियों को सुरक्षित कार्य व्यवहार, दुर्घटना रोकथाम तथा सुरक्षा मानकों के पालन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कार्य के दौरान परिवार को ध्यान में रखकर सावधानीपूर्वक काम करने से दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। उन्होंने घर और सड़क पर भी सुरक्षा नियमों का पालन करने तथा हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग पर जोर दिया। यूनिट हेड ओ.पी. चौहान ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शून्य दुर्घटना के लक्ष्य के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

### बंदी की मौत मामले में मजिस्ट्रियल जांच शुरू

**लखीमपुर खीरी।** जिला कारागार में निरुद्ध विचाराधीन महिला बंदी अनीता (55) पत्नी बदलू निवासी सैदापुर, थाना फूलबेहड़ की उपचार के दौरान हुई मृत्यु के मामले में मजिस्ट्रियल जांच शुरू कर दी गई है। अपर उपजिलाधिकारी अर्चना ओझा ने घटना से संबंधित जानकारी रखने वाले लोगों से 16 जून को उपस्थित होकर साक्ष्य एवं अभिकथन प्रस्तुत करने की अपील की है। जानकारी के अनुसार अनीता आबकारी अधिनियम की धारा 60(2) के तहत दर्ज मुकदमे में 8 मई 2026 को जिला कारागार भेजी गई थीं। तबीयत बिगड़ने पर जेल चिकित्साधिकारी ने उनका उपचार किया। स्वास्थ्य में सुधार न होने पर उन्हें जिला अस्पताल और बाद में केजीएमयू, लखनऊ रेफर किया गया, जहां 11 मई 2026 को सुबह 5:07 बजे चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डीएम के आदेश पर मामले की मजिस्ट्रियल जांच कराई जा रही है। अपर उपजिलाधिकारी अर्चना ओझा ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति 16 जून 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे कलेक्ट्रेट स्थित न्यायालय कक्ष संख्या-22 में उपस्थित होकर अपना पक्ष एवं साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं।


### कैंसर से जंग हार गए शिक्षामित्र सर्वेश वर्मा

**खमरिया-खीरी।** ईसानगर विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय गंगान में तैनात शिक्षामित्र सर्वेश कुमार वर्मा का उपचार के दौरान निधन हो गया। वह लंबे समय से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। सूचना मिलते ही क्षेत्र के शिक्षकों, शिक्षामित्रों और शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। साथी शिक्षकों और शिक्षामित्रों ने उनके निधन को शिक्षा विभाग के लिए अपूरणीय क्षति बताया। ब्लॉक के शिक्षकों और शिक्षामित्रों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सर्वेश वर्मा की कार्यशैली, मिलनसार व्यक्तित्व और शिक्षा के प्रति समर्पण को हमेशा याद किया जाएगा। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।



### एक ही फ्रेम में नजर आए बाघ और गैंडा

**पलिया कलां-खीरी।** दुधवा टाइगर रिजर्व में सफारी के दौरान पर्यटकों को प्रकृति का बेहद दुर्लभ और रोमांचक दृश्य देखने को मिला। भीषण गर्मी के बीच एक गैंडा जंगल के तालाब में पानी का आनंद ले रहा था, तभी झाड़ियों से निकलकर एक विशालकाय बाघ वहां पहुंच गया। बाघ तालाब के किनारे शांत खड़ा होकर पानी में मस्ती कर रहे गैंडे को निहारता रहा। सोमवार शाम लखनऊ से आए पर्यटकों और वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर्स का दल गाइड राजू के साथ सफारी पर निकला था। इसी दौरान उन्हें यह दुर्लभ नजारा देखने को मिला। दोनों शक्तिशाली वन्यजीवों को एक साथ देखकर पर्यटक रोमांचित हो उठे और उन्होंने इस दृश्य को अपने कैमरों में कैद कर लिया। गाइड राजू ने भी अपने मोबाइल से इसका वीडियो बनाया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पार्क प्रशासन के अनुसार, बाघ और गैंडे का एक साथ दिखाई देना दुधवा टाइगर रिजर्व के समृद्ध वन्यजीव एवं सुरक्षित प्राकृतिक वातावरण का प्रतीक है।



### सिद्ध बाबा मंदिर में विराट कवि सम्मेलन

**बिजुआ-खीरी।** सिद्ध बाबा मंदिर, पूजा गांव मुड़िया में आयोजित श्री साम्ब सदा शिव रुद्र महायज्ञ के अंतर्गत विराट कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। रात 8 बजे शुरू हुआ कार्यक्रम देर रात तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में श्रोताओं ने काव्य रस का आनंद लिया। सम्मेलन में इंद्रपाल वर्मा, अतुल मधुकर, कुलदीप समर, रोहित सिरफिरा, मुनेन्द्र ऋतु, संदीप मोहन, शशिकांत तिवारी और शैलेश माही सहित कई प्रतिष्ठित कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संयोजन कवि संदीप कटियार ने किया। शशिकांत तिवारी ने संस्कृति और सियासत पर, इंद्रपाल वर्मा ने किसानों की समस्याओं पर, अतुल मधुकर ने भगवान राम के आदर्शों पर, कुलदीप समर ने सामाजिक सद्भाव पर तथा मुनेन्द्र ऋतु ने बेटियों के महत्व पर ओजपूर्ण काव्य पाठ किया। वहीं संयोजक संदीप कटियार ने बदलते सामाजिक रिश्तों और मानवीय मूल्यों पर अपनी भावपूर्ण रचना प्रस्तुत की। देर रात तक चले इस काव्य आयोजन में क्षेत्र के साहित्य प्रेमियों की भारी भीड़ मौजूद रही। आयोजकों ने सभी कवियों, श्रोताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

### लाइनमैन की हाईटेंशन लाइन से हुई मौत

**जंगबहादुगंज खीरी।** गोकन पावर हाउस के लाईनमेन की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गयी। घटना थाना उचौलिया क्षेत्र के ग्राम लुनियापुर की है जहां बिजली विभाग की लापरवाही के चलते अतुल मिश्रा की जान चली गयी। अतुल मिश्रा सिड डाउन लेकर 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन पर काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक पीछे से लाइन में विद्युत आपूर्ति चालू कर दी गयी। बिजली दौड़ते ही लाइनमैन अतुल मिश्रा तेज करंट लगने से पोल से नीचे गिर गया जहां उसकी दर्दनाक मौके पर ही मौत हो गयी। हादसे के बाद घटना स्थल पर भारी भीड़ जमा हो गयी और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा बिजली विभाग व परिजनों को सूचना दी गयी। परिजनों ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। लाइनमैन की मौत से ग्रामीणों और परिजनों ने बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की मांग की है। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुँची और मामले की जाँच में जुटी है।

### सिद्ध बाबा मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न

**बिजुआ-खीरी।** पूजा गांव स्थित सिद्ध बाबा मंदिर परिसर में चल रहे श्री साम्ब सदाशिव श्री रुद्र महायज्ञ एवं संत सम्मेलन के अंतर्गत मंगलवार को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञाचार्यों ने विधि-विधान से वेदी पूजन, मंडप प्रवेश और अग्नि प्राकट्य संपन्न कराया। अग्नि प्राकट्य के साथ यज्ञ में आहुतियों का क्रम शुरू हुआ। इस अवसर पर दूर-दूर से आए संत-महात्माओं और विद्वानों ने श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और मानव कल्याण का संदेश दिया।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## अब आतंक और राजनीति

देश में अपराध और राजनीति के गठजोड़ पर अक्सर चिंता जताई जाती रही है जो वास्तव में चिंतनीय है भी। अब इसकी एक नई दिशा खुल गई है जिसमें सियासत की छत्रछाया तले आतंकवाद को सुरक्षित रखने की योजना तैयार की गई है। खबर यह है कि बदनाम पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई ने भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की कार्रवाई और आतंकी घटनाओं की जांच से बचने के लिए जम्मू-कश्मीर में स्थापित अपने ओवर ग्राउंड वर्कर्स(ओजीडब्ल्यू) को मुख्य धारा के राष्ट्रीय राजनीतिक दलों में घुसपैठ करने के निर्देश दिए हैं। पिछले साल के ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद आतंकी गिरोहों द्वारा भारत की पब्लिक लाइफ यानी सार्वजनिक जीवन में जड़ें जमाने की चालें उजागर होने के बाद आईएसआई को राजनीतिक संरक्षण हासिल कर लेना सबसे सुरक्षित लग रहा है। चूंकि देश के कुछ नेताओं के अपराधी तत्वों के साथ तालमेल बनाने के मामले सामने आते रहते हैं तो यह कोशिश अस्वाभाविक नहीं है। इसीलिए एजेंसी की कोशिश यह है कि नब्बे के दशक की शुरुआत में स्थापित आतंकी संगठनों को फिर सक्रिय किया जाए जिससे आतंकवादी हिंसा को स्थानीय जामा पहनाया जा सके और उसमें पाकिस्तान की सीधी भूमिका को छिपाया जा सके। उसके लिए ऐसा करना इसलिए भी जरूरी है कि पाकिस्तान पर धनशोधन और आतंकवाद के वित्त पोषण के लिए वैश्विक संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्यबल यानी एफएटीएफ की लगातार निगरानी बनी हुई है। इसलिए भी सबसे आसान रास्ता आईएसआई ने अपने आतंकी समर्थकों की वैध राजनीतिक ढांचे में घुसपैठ कराकर उन्हें सुरक्षाबलों के जारी अभियानों से बचाने का निकाला है। उसकी यह साजिश इसलिए भी तैयार की गई है क्योंकि पिछले करीब दो सालों के दौरान कंप्यूटर इंजीनियर, टीचर और डॉक्टर जैसे समाज में सम्मानित पेशों से जुड़े लोगों को उसने अपने नेटवर्क से जोड़ा और उनका जल्दी ही पर्दाफाश भी हो गया। अब चूंकि पाकिस्तान ने भारत के भीतर आतंकवाद को हर कीमत पर सक्रिय रखने को अपनी अघोषित राष्ट्रीय नीति बना रखा है तो राजनीति का संरक्षण हासिल करने की कोशिश की जा रही है। यह देश की सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के लिए चुनौती है क्योंकि पुख्ता सुबूतों के बाद भी राजनेताओं पर हाथ डालना आसान नहीं होता। सरकार को इस बारे में विशेष जांच-पड़ताल करके जरूरत हो तो कानून में संशोधन करने का कदम भी उठाना चाहिए।

## बेलगाम विकृति

पिछले साल 19 मार्च को लखनऊ में एक ऑटो चालक द्वारा एक महिला से गैंगरेप के बाद उसकी हत्या की घटना पर शहर में बड़े पैमाने पर चिंता जताई गई थी। उम्मीद थी कि ऐसी घटनाएं रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। विडंबना ही है कि ऐसी गंभीर उम्मीद पर भी 'लेकिन' लग गया। पिछले दस दिनों में दुष्कर्म, उसके प्रयास और उसे लेकर जानलेवा हमलों की चार घटनाओं ने ऑटो और ई-रिक्शा से महिलाओं के सफर की असुरक्षा को सामने ला दिया है। यह ठीक है कि ऐसे अपराधी घटना के बाद मारे गए या पकड़े गए लेकिन कानून व्यवस्था का मतलब यह तो नहीं कि पहले खुला छोड़ दिया जाए, बाद में जो होगा देखा जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे लोग विकृत मानसिकता, संवेदनहीन सोच और आपराधिक प्रवृत्ति के होते हैं जिन्हें कानून की परवाह नहीं होती। इनके लिए इस तरह की वारदातें कर लेना ही बड़ी कामयाबी होती है जिसके लिए ये रास्ते तलाशते रहते हैं। हालांकि अपराधों पर काफी हद तक अंकुश लगा है पर छोटे पेशे में लगे लोगों द्वारा वारदातें करने के खिलाफ कोई कदम उठाया नहीं जा सका है। इसीलिए ऐसी आपराधिक मानसिकता वालों के लिए ऑटो-टेंपो की ड्राइवरी सबसे आसान रास्ता बन गई है जिस पर कोई बंदिश भी नहीं है और 'शिकार' भी आसानी से मिल जाता है। बड़ी सीधी और स्पष्ट बात है कि केवल कानून बना देने भर से कोई अपराध नहीं रुक जाता बल्कि इसके प्रावधानों को कड़ाई से लागू करना भी जरूरी है। लेकिन नियमों के होने के बावजूद ऑटो चालकों की जांच तक नहीं होती। पंजीकरण, वाहन फिटनेस की नियमित जांच, निर्धारित स्टैंड का न होना, वर्दी की अनिवार्यता न होना आदि नियमों का पालन नहीं कराया जाता। नतीजा यह है कि इन वाहनों के चालक खुली सड़क पर अराजकता का नंगा नाच करते हैं। इससे बढ़ा हौसला किसी की अस्मत लूटने तक पहुंच जाना बहुत स्वाभाविक है। जरूरी यह है कि अपराध होने की मानसिकता ही न पैदा होने दी जाए।

## काँव-काँव

♦♦♦

**ईरान इजरायल में दो महीने बाद फिर जंग शुरू**
इतना बम गोला बारूद बचाकर भी क्या करेंगे?

**हर दो महीने में इंडिया गठबंधन की बड़ी बैठक**
कुछ नये जुड़ते रहेंगे, कुछ पुराने टूटते रहेंगे!

**प्रधानमंत्री मोदी ने तोड़ दिया नेहरू का रिकॉर्ड**
चीन से हारने का रिकॉर्ड वैसे अभी भी बाकी है!

**बिना शादी शारीरिक संबंध दुष्चरित्रता नहीं-कोर्ट**
दुष्चरित्रता दरअसल एक कानूनी चीज़ होती है!

**नयी पीढ़ी में दिख रहे डिजिटल थकान के लक्षण**
ज्वार के बाद भाटे का आना प्राकृतिक घटना है!

**देश में पचास करोड़ पौधों की है जरूरत-कांग्रेस**
यूपी में ही दो सौ बयालीस करोड़ पौधे लग गये!

♦♦♦

# देश की सुरक्षा एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**- शिवप्रकाश**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 जून को संवैधानिक चुनाव पद्धति से चयनित सबसे अधिक कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री हो जायेंगे। मोदी देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का 4398 दिनों का रिकॉर्ड ध्वस्त कर 4399 दिन अपनी देश सेवा के पूर्ण करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी अपने मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री दोनों के कार्यकाल को जोड़कर 25 वर्षों के साथ ही 9007 दिनों की अनवरत राष्ट्र सेवा को भी पूर्ण करेंगे। यह उत्साही ,अविश्रांत, अनथक कर्मयोगी की यात्रा है ।

देश के विकास के लिए अनेक कीर्तिमान गढ़ने वाले कठोर निर्णयों के लिए तो 12 वर्षों का उनका कार्यकाल अविस्मरणीय रहेगा ही साथ-साथ देश की सुरक्षा के लिए भी उनके योगदान और भुलाया नहीं जा सकता । राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत का अनुपालन करते हुए उन्होंने आतंकवाद से प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाया । 13 जून 2014 को भारतीय सेना के साउथ ब्लॉक में स्थित रक्षा वॉर रूम में सेना उच्च अधिकारियों के साथ संवाद एवं रक्षा तैयारियों की समीक्षा कर ही अपनी सुरक्षा के प्रति प्राथमिकता को स्पष्ट कर दिया था। जब समस्त देश दीपावली पर दीपों से अपने-अपने घरों को प्रकाशमान करता है तब प्रधानमंत्री सीमा पर सुरक्षा में तैनात जवानों के बीच में उपस्थित रहकर देश उनके साथ है ऐसा संदेश देते हैं । सियाचिन से प्रारंभ कर 12 वर्षों में 12 स्थानों पर जाकर उन्होंने अपनी सीमा सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट की है।

आचार्य चाणक्य ने राष्ट्र की सुरक्षा के संदर्भ में कहा था कि मजबूत सेना के बिना राष्ट्र सुरक्षित नहीं रह सकता। 1962 में चाइना युद्ध में हमारी पराजय तथा 1964 में चाइना के परमाणु परीक्षण के बाद निर्मित निराशाजनक स्थिति से उबारने के लिए भारत को भी परमाणु शक्ति युक्त होना चाहिए , यह मांग जनसंघ ने 4 दिसम्बर 1964 को पटना अविवेशन में की थी। तब कांग्रेस सहित समस्त दलों ने इस माँग का उपहास किया था। जनसंघ के इसी संकल्प की पूर्ति को 11 मई 1998 को प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने पोखरण विस्फोट कर पूर्ण किया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आने के बाद 2014 रक्षा विभाग का बजट 2.27 लाख की तुलना में 3 गुना 7.85 लाख करोड़ हो गया। आज हम 100 से अधिक देशों को अपने रक्षा उत्पाद बेच रहे हैं । अब हमारा निर्यात में 2014 की तुलना में 686 करोड़ से बढ़कर 2025 -26 में 38424 करोड़ अर्थात 56 गुना वृद्धि हुई है । अब हम हाइपर सोनिक मिसाइल , ब्रह्मोस ,बैलिस्टिक मिसाइल , एयर डिफेन्स एवं रडार सिस्टम को ध्वस्त करने वाले रुद्रम -2, प्रलय, आकाश एयर डिफेन्स मिसाइल बना रहे हैं । भारत का स्वदेशी आईएनएस विक्रांत, राफेल, एस - 400 विमानों से हम युक्त हैं। आर्मेनिया ने येरेवान रिपब्लिक स्क्वायर में भारत में बनी आकाश एयर डिफेन्स मिसाइल एवं पिनाका रॉकेट लौनचर्स का प्रदर्शन भारतीयों को मस्तक ऊँचा करता हैं। 15 अगस्त 2025 को लाल किला से प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि स्वदेशी क्षमताओं, मेड इन इंडिया हथियारों ने सिद्ध किया कि राष्ट्रीय सुरक्षा विदेशी निर्भरता पर नहीं टिक सकती। इसी का परिणाम ऑपरेशन सिंदूर में हमारी सेना ने 22 मिनट में ही सभी निर्धारित लक्ष्य पूर्ण कर किए थे। 72000 करोड़ की लागत से तैयार होने वाली ग्रेट निकोबार परियोजना भारत की आर्थिक समृद्धि, सामुद्रिक रणनीति एवं सुरक्षा का आधार बनेगी। सेना में स्वदेशी रक्षा उत्पाद, रक्षा बजट में वृद्धि, सेना के आधुनिकीकरण के साथ-साथ आंतरिक सुरक्षा पर सफलता प्राप्त करना ऐतिहासिक कदम है । 2014 से पूर्व पाकिस्तान प्रेरित आतंकवाद चरम पर था। केवल कश्मीर ही नहीं देश का कोई शहर सुरक्षित नहीं था। मुंबई, जयपुर, दिल्ली, काशी सहित अनेक आतंकी घटनाएं आज भी हमको विचलित करती हैं। सुरक्षाबलों को आधुनिक शस्त्र, बुलेट प्रूफ जैकेट, टेरर फंडिंग पर रोक हेतु नो मनी फॉर टेरर जैसे कड़े कदम , एफएटीएफ के माध्यम से वित्तीय दबाव के साथ सर्जिकल एवं बालाकोट एयर स्ट्राइक के माध्यम से आतंकी नेटवर्क को ध्वस्त करने का कार्य किया। ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान में स्थापित आतंकी केंद्रों का सफाया एवं पाकिस्तान के सुरक्षा तंत्र को ध्वस्त किया। 370 को हटाने का ऐतिहासिक निर्णय कर देश की एकात्मता को सुदृढ़ किया है । इस ऐतिहासिक दिन को देश ही नहीं सम्पूर्ण विश्व स्मरण करेगा जब हमने कहा कि 31 मार्च 2026 वामपंथ प्रेरित नक्सलवाद से हम मुक्त हो रहे हैं। 2024 में 126 जिले नक्सलवादी आतंक से युक्त थे । 2024 में ही केवल 290 नक्सली मारे गए। 1090 गिरफ्तार हुए। 881 ने आत्मसर्पण कर भारत की मुख्यधारा में लौटने का संकल्प किया 7 अब बस्तर सहित सभी नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास की बयार बह रही है।


घुसपैठिये देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था, सुरक्षा के लिए खतरा एवं जनसांख्यिकी असंतुलन निर्माण कर रहे हैं । भारत सरकार ने इस संकट से उबरने के लिए डिटेक्ट , डिलीट, डिपोर्ट नीति के अंतर्गत कठोर कार्यवाही की है। सीमा की निगरानी को सख्त किया है। बंगाल भाजपा विजय के पश्चात् बांग्लादेशी घुसपैठियों की बांग्लादेश की ओर वापसी की लाइन हम देख रहे हैं।



15,106 किलोमीटर सीमा सोती रेखा से जागती दीवार लक्ष्य में लेज़र वॉल, वाइब्रेशन सेंसर, नाइट विज़न कैमरा का उपयोग हो रहा है। सीमा सुरक्षा के लिए 49 प्रतिशत बजट वृद्धि कर 5597 करोड़ निर्धारित किया गया है। अदृश्य युद्ध के माध्यम से भारत की साइबर सुरक्षा को चुनौती देने का कार्य भारत विरोधी शक्तियां कर रही हैं। राज्यसभा में प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार भारत ने लगभग 54 लाख साइबर शिकायतों एवं 31594 करोड़ रुपयों के ठगी के प्रयासों का सामना करने में भारत सफल रहा। भारत सरकार ने 2024 में साइबर कमांडो व्यवस्था निर्माण का साइबर सुरक्षा प्रदान करने की व्यवस्था की है। डीसीवाईए (डिफेंस साइबर एजेंसी) एवं आई4सी के माध्यम से समन्वय कर साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में प्रयास हो रहा है । देश को नशामुक्त बनाने हेतु व आतंकवाद जैसी समस्याओं के आय के प्रमुख स्त्रोत ड्रग्स के गैर कानूनी व्यापार पर करारा प्रहार करते हुए लगातार उनको जब्त किया जा रहा है। 2024 में ही 25,330 करोड़ रुपये के ड्रग्स की जब्ती इस बात का पुख्ता प्रमाण है।

सीमा सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान सीमावर्ती गाँव में बसे ग्रामीणों का रहता है। उनके मन में अपने प्रति उपेक्षा भाव न रहे इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2023 में कहा, ये अंतिम गाँव नहीं, भारत माँ के प्रथम गाँव है। वीवीपी (वाइब्रेंट विलेजेज़ प्रोग्राम) फेज 1 -2 के अंतर्गत 4121 गाँवों के विकास के लिए लगभग 11639 करोड़ का बजट निर्धारित किया है जिसके द्वारा मौसम अनुकूल सड़क (ऑल-वेदर रोड), सौर उर्जा, मोबाइल कनेक्टिविटी, शिक्षा स्वास्थ्य एवं पर्यटन का ढांचा खड़ा किया जा रहा है। 2023 में लालकिला के मैदान में 600 सीमावर्ती गाँवों के सरपंचों की सहभागिता ने सीमा एवं दिल्ली का संगम कर दिया है। अपने पंच प्रण के संकल्प में भारत को गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का आह्वान भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। इसका अनुपालन करते हुए ऑपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति एवं भारतीय स्वाभिमान में वृद्धि के अनेक प्रयास हुए हैं । आईपीसी, सीआरपीसी की धारायें अब भारतीय न्याय संहिता हो गई है। राजपथ अब कर्तव्यपथ, 7 रेस कोर्स रोड-7 लोक कल्याण मार्ग , प्रधानमंत्री कार्यालय - सेवा तीर्थ एवं राजभवन - लोकभवन हो गए हैं । सीडीएस की नियुक्ति ने तीनों सेनाओं में समन्वय किया है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथैकादशोऽध्याय:

(गतांक से आगे

'भुजा' कार्य का प्रतीक है। वे भीतर भी कार्य करते हैं और बाहर भी, यही चतुर्भुज स्वरूप है। उनके हाथों में शंख, चक्र, गदा और पद्म क्रमशः वास्तविक लक्ष्यघोष, साधन-चक्र का प्रवर्तन, इन्द्रियों का दमन और निर्मल-निर्लेप कार्यक्षमता का प्रतीक मात्र है। यही कारण है कि चतुर्भुज रूप में उन्हें देखने पर भी अर्जुन ने उन्हें मनुष्य रूप में ही पाया। चतुर्भुज महापुरुषों के शरीर और स्वरूप से कार्य करने की विधि-विशेष का नाम है, न कि चार हाथवाले कोई श्रीकृष्ण थे।

श्रीभगवानुवाच

सुदुर्दर्शमिदं रूपं दृष्टवानसि यन्मम । देवा अप्यस्य रूपस्य नित्यं दर्शनकाङ्क्षिणः ।।52।।

महात्मा श्रीकृष्ण ने कहा- अर्जुन ! मेरा यह रूप देखने को अतिदुर्लभहै, जैसा कि तूने देखा है; क्योंकि देवता भी सदा इस रूप के दर्शन की इच्छा रखते हैं। वस्तुतः सभी लोग सन्त को पहचान ही नहीं पाते। 'पूज्य सत्संगी महाराज' अन्तःप्रेरणावाले पूर्ण महापुरुष थे; लेकिन लोग उन्हें पागल समझते रहे। किसी-किसी पुण्यात्मा को आकाशवाणी हुई कि ये सद्गुरु हैं; केवल उन्होंने उन्हें हृदय से पकड़ा, उनके स्वरूप को पाया और अपनी गति पा ली। यही श्रीकृष्ण कहते हैं कि जिनके हृदय में दैवी सम्पद् जागृत है, वे देवता भी सदा इस रूप के दर्शन की आकांक्षा रखते हैं। तो क्या यज्ञ, दान अथवा वेदाध्ययन से आप देखे जा सकते हैं? वह महात्मा कहते हैं-

नाहं वेदैर्न तपसा न दानेन न चेज्यया। शक्य एवंविधो द्रष्टुं दृष्टवानसि मां यथा ।। 53 ।।

न वेदों से, न तप से, न दान से और न यज्ञ से मैं इस प्रकार देखा जाने को सुलभ हूँ, जिस प्रकार तूने देखा है। तब क्या आपको देख पाने का कोई उपाय नहीं है? क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**हतं ज्ञानं क्रियाहीनं हतपश्चाज्ञानतो नरः**
**हतं निर्नायकं सैन्यं स्त्रियो नष्टा ह्यभर्तृकाः**

जिस प्रकार सेनापति के बिना सेना व्यर्थ होती है तथा पुरूष के बिना स्त्री का जीवन व्यर्थ होता है, उसी प्रकार आचरण के बिना ज्ञान व्यर्थ होता है। इस प्रकार यह सिद्ध होता है कि अज्ञानी व्यक्ति का जीवन व्यर्थ होता है।

♦♦♦

# अपने अस्तित्व पर आया खतरा तो ममता को याद आया इंडिया गठबंधन



**- अशोक भाटिया**

साल 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद और हालिया विधानसभा चुनावों में करारी शिकस्त झेलने के बाद, करीब एक साल बाद पूरा विपक्ष एक मेज पर आया है ।लेकिन इस बैठक की टाइमिंग और इसके पीछे का राजनीतिक तनाव बेहद गहरा है। यह बैठक एकजुटता दिखाने से ज्यादा, गठबंधन के भीतर सुलग रही अंदरूनी बगावत, राज्यों में खोई जमीन और 2029 की चुनावी गोटियां सेट करने की एक हताश कोशिश है। हाल ही आए पांच राज्यों के चुनावी नतीजों ने विपक्ष को एकजुट होने के लिए मजबूर कर दिया है। राजनीतिक समीकरण कुछ यूं बदला है किज जो ममता बनर्जी 2024 से पहले इंडिया गठबंधन में कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ बागी तेवर दिखा रही थींज अब वहीं ममता कांग्रेस के पीछे खड़ी नजर आ रही हैज जबकि जो डी एम के कांग्रेस के साथ खड़ी थी अब बागी हो चुकी हैज्ऐसे में सवाल ये है कि आखिर विपक्ष इस बार किन मुद्दों पर एकजुट होगाज और कैसे ? डी एम के का बागी होना इंडिया गठबंधन के लिए कितना घातक साबित होगा ?

दरअसल 'इंडिया गठबंधन' ममता बनर्जी का एक ऐसा महत्वाकांक्षी राजनीतिक ख्वाब था, जो अधूरा ही रह गया। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के खिलाफ विपक्षी एकजुटता की वकालत करते हुए इस मोर्चे के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, लेकिन उनकी यह रणनीति बंगाल में कांग्रेस और वाम दलों के साथ मतभेदों के चलते धरातल पर नहीं उतर सकी। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में हार के बाद फाल्टा री-पोलिंग में टीएमसी प्रत्याशी का जमानत जब्त होने और पार्टी में लगातार बगावत झेल रहीं ममता बनजी को इंडिया गठबंधन की याद आई है। टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने रविवार को एक फेसबुक लाइव में विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस को याद किया। ममता ने कहा कि इंडिया गठबंधन के लोग जून के पहले सप्ताह में एक बार फिर से मिलेंगे। साथ ही उन्होंने दावा किया कि इंडिया गठबंधन की बैठक में एक संयुक्त रणनीति पर चर्चा हो सकती है। यह भी कहा कि विपक्षी खेमा एक लंबी राजनीतिक लड़ाई के लिए तैयार है। ममता बनर्जी को विपक्षी एकता की याद आना हास्यास्पद विषय प्रतीत होता है। मोदी विरोधी विपक्षी इंडिया गठबंधन को ताकत देने के उद्देश्य से उसकी बैठक में शामिल हुई ममता बनर्जी को तब एक और बड़ा झटका लगा जब इंडिया गठबंधन की बैठक के समानांतर तृणमूल कांग्रेस के 20 सांसदों ने अलग से बैठक कर टीएमसी से अलग होने और नया गुट बनाने का फैसला कर लिया। यही नहीं, टीएमसी के कई सांसदों ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से भी मुलाकात की और इस दौरान पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी भी उपस्थित रहे। इन घटनाक्रमों ने राष्ट्रीय राजनीति में भारी हलचल पैदा कर दी है और ममता बनर्जी के नेतृत्व पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस मिलन के पहले 2024 के लोकसभा चुनाव से करीब एक साल पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बीजपी से अलग होकर इंडिया गठबंधन बनाने की शुरुआत की थी। नीतीश कुमार खुद सभी राज्यों में गए और विपक्षी नेताओं को एकजुट करने की कोशिश की। इसी प्रयास से 23 जून 2023 पटना में करीब 15-16 विपक्षी दलों का जुटान हुआ। इसके बाद 17 और 18 जुलाई 2023 को बेंगलुरु में दूसरी बैठक हुई, जिसमें राहुल गांधी ने इसको औपचारिक नाम इंडिया गठबंधन दिया। इसी बैठक में नीतीश कुमार को संयोजक बनाए जाने की बात हो रही थी, लेकिन ममता बनर्जी बैठक पूरी तरह खत्म होने के पहले ही बेंगलुरु से कोलकाता की फ्लाइट पकड़ लीं।



इसके बाद 31 अगस्त और 1 सितंबर 2023 को मुंबई में हुई बैठक में इंडिया गठबंधन के लिए 14 सदस्यीय केंद्रीय समन्वय समिति बनी, लेकिन ममता बनर्जी के अड़ंगे की वजह से एक बार फिर नीतीश कुमार को संयोजक नहीं बनाया गया। माना जाता है कि तभी से नीतीश कुमार नाराज हो गए और उन्होंने विपक्षी एकता को छोड़कर एक बार फिर से एनडीए में आने का फैसला ले लिया था। इससे विपक्षी एकता के प्रयास को जबरदस्त झटका लगा, क्योंकि जिस नेता ने इंडिया गठबंधन के कॉन्सेप्ट की शुरुआत की थी वही छोड़कर भाग गए। नीतीश कुमार के अलग होने के बाद राहुल गांधी आगे बढ़कर इंडिया गठबंधन को बनाए रखने की कोशिश में जुटे। लेकिन यहां भी ममता बनर्जी ने अपनी हनक दिखाई। 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी ने टीएमसी के साथ गठबंधन करने के लिए हर संभव कोशिश की। मीडिया में खबर यहां तक आई कि राहुल गांधी केवल लोकसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी के लिए केवल बहरामपुर सीट पर भी टीएमसी से गठबंधन को तैयार थे, लेकिन सत्ता की हनक में ममता बनर्जी कहां सुनने वाली थीं। उन्होंने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को एक भी सीट देने से मना कर इंडिया गठबंधन की एकता को तिलांजलि देती दिखीं। यहां तक कि उन्होंने कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी को बहरामपुर से हराने के लिए क्रिकेटर यूसूफ पठान को उतारकर साफ संदेश दे दिया कि वह कांग्रेस को कतई तवज्जो देने वाली नहीं हैं। इतना ही नहीं, ममता ने यह तक कहा- 'राहुल गांधी विपक्ष का चेहरा बने रहे तो नरेंद्र मोदी को कोई नहीं हरा सकता।' जबकि 2026 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी के सामने बुरी हार होने के बाद धैर्य बनाए रखने की अपील करते हुए सबसे पहला फोन कॉल राहुल गांधी ने ही उन्हें किया था। इसके अलावा इंडिया गठबंधन की पहली बैठक से ही वामदल हमेशा साथ नजर आए। समय काल परिस्थिति को समझते हुए कांग्रेस ने कई बार प्रयास किया कि ममता बनर्जी वामदलों को साथ लेने पर हामी भरें, लेकिन वह कभी भी तैयार नहीं हुईं। राजनीति के जानकारों ने कहा कि जिस तरह से बिहार में लालू-नीतीश साथ आए, यूपी में 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा साथ आने की हिम्मत जुटाई, उसी तरह ममता बनर्जी अगर बंगाल में वामदलों और कांग्रेस को साथ लेकर चलती हैं तो शायद इंडिया गठबंधन आज कुछ ज्यादा ही मजबूत नजर आता।

## प्रेरक प्रसंग

### नेपोलियन की सूझबूझ

फ्रांस में अतिवृष्टि के कारण एक नदी में बाढ़ आ गई। शाम का समय था। एक किशोर नदी के किनारे-किनारे चलता हुआ अपने गांव की ओर जा रहा था। एकाएक उसकी दृष्टि नदी पर बने बांध की ओर गई। उसने देखा कि बांध में मामूली-सा छेद होने से पानी रिस रहा था। वह सोचने लगा, यदि इसी तरह पानी बहता रहा तो कुछ समय पश्चात पूरा गांव ही जलमग्न हो जाएगा। उसने मिट्टी से उस छेद को भर दिया लेकिन पानी का बहना तब भी बंद नहीं हुआ, बल्कि छेद और बड़ा होता जा रहा था।फिर उसने सोचा कि जब तक गांव जाकर सूचना दूंगा तब तक तो यह बांध टूट भी सकता है। यही सोचकर वह उस छेदवाले स्थान पर कमर सटाकर लेट गया और सारी रात इसी तरह लेटा रहा।उधर घर न पहुंचने पर उसके माता-पिता को चिंता होने लगी। रात जैसे-तैसे काटकर वह भोर में ही नदी किनारे की ओर चल पड़े। उस लड़के ने अपने माता-पिता को निकट बुलाकर कहा कि आप लोग गांव में जाकर पानी रोकने की व्यवस्था करने के लिए लोगों से कहें। उसके माता-पिता ने गांव में जाकर पानी रोकने की व्यवस्था करवाई। फ्रांस की सरकार ने उस बालक को उसके साहस, देशभक्ति व वीरता के लिए सम्मानित किया। उस देशभक्त बालक का नाम था नेपोलियन, जो बाद में फ्रांस का शासक बना। सिगनेचर की कीमत 1931 में गांधीजी गोलमेज परिषद की बैठक में भाग लेने के लिए विलायत गए। एक अमेरिकी पत्रकार वेब उनसे मिलने आया और उनकेसामने सिगरेट केस रखते हुए बोला, आप भी इस पर सिगनेचर कर दें। उस डिबिया पर अन्य अनेक लोगों के सिगनेचर्स पहले से किए हुए थे। गांधीजी ने डिबिया हाथ में ली और खोलकर देखा तो उसमें सिगरेट थीं।

## आपका पत्र मिला

### प्रतिस्पर्धा का दबाव और युवाओं का भविष्य

प्रतियोगी परीक्षाएं बच्चों के जी का जंजाल बन गई है। पढ़ाई का बोझ, माता-पिताओं की आकांक्षा और कोचिंग क्लास में अव्वल रहने की लालसा जब बच्चे पूरी नहीं कर पाते तब वह हताश होकर अवसाद में चले जाते हैं और आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते हैं। वैसे कठिन परीक्षाओं की प्रतिस्पर्धा में बच्चों को भी संयम रखने की जरूरत है तभी वे सफलता अर्जित कर सकेंगे। रीवा की छात्रा की आत्महत्या की यह घटना केवल एक व्यक्तिगत त्रासदी नहीं बल्कि देश की परीक्षा-केंद्रित शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न है।आज प्रतियोगी परीक्षाएं लाखों युवाओं के लिए अवसर का माध्यम होने के साथ-साथ मानसिक दबाव का बड़ा कारण भी बनती जा रही हैं। वास्तविकता यह है कि किसी एक परीक्षा में सफलता या असफलता जीवन का अंतिम सत्य नहीं होती। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का उद्देश्य केवल चयन नहीं, बल्कि ज्ञान, अनुशासन, धैर्य और व्यक्तित्व का विकास भी होना चाहिए। परिवारों को बच्चों पर अवास्तविक अपेक्षाओं का बोझ डालने के बजाय उनका भावनात्मक सहयोग करना चाहिए।

वहीं स्कूलों, कोचिंग संस्थानों और सरकार को मानसिक स्वास्थ्य परामर्श, तनाव प्रबंधन और करियर के वैकल्पिक मार्गों की जानकारी उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देना होगा। एक स्वस्थ, आत्मविश्वासी और संतुलित युवा ही समाज और राष्ट्र की वास्तविक पूंजी है। प्रतियोगिता आवश्यक है लेकिन जीवन उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।

**अमृतलाल मारू 'रवि'**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।

**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# कॅरियर स्विच करने का बना रहे हैं प्लान तो इन बातों का रखें ध्यान

कई बार ऐसा होता है कि लोग कॅरियर में स्विच करते हैं। जिस फील्ड को लोग चुनते हैं, उसको छोड़कर अन्य किसी इंडस्ट्री के साथ कनेक्ट हो जाते हैं। हालांकि ऐसा फैसला विभिन्न परिस्थितियों में लिया जाता है। कई बार प्रोफेशनल ग्रोथ के लिए तो कभी अपनी पसंद की प्रोफेशन में जाने के लिए लोग कॅरियर स्विच करते हैं।

यह वीनर्स नकली दांतों से 300 गुना बेहतर है! और कीमत बहुत सस्ती हैऔर जानें

ऐसे में अगर आप भी संबंधित फील्ड को छोड़कर कॅरियर स्विच करने के बारे में सोच रहे हैं, तो आपको कुछ जरूरी बातों को ध्यान में रखना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कॅरियर स्विच करने से पहले कुछ जरूरी बातों के बारे में बताने जा रहे हैं।

अगर आप भी कॅरियर स्विच करने की सोच रहे हैं, तो सबसे पहले इस बात पर गौर करें कि आप अपने इस फैसले को लेकर कितना श्योर हैं। क्योंकि प्रोफेशन लाइफ में कदम रखने के बाद आप यह बहुत अच्छे से समझ सकते हैं कि इस मोड़ पर कॅरियर स्विच करना कैसा होगा।

ऐसे में क्या आप इस फैसले के लिए मानसिक रूप से तैयार हैं। आप चाहें, तो संबंधित फील्ड के अनुभवी और एक्सपर्ट लोगों से सलाह ले सकते हैं। उनकी राय आपको सही फैसला लेने में मदद करेगी। आप जिस भी फील्ड में जाना चाहते हैं, वहां पर कॅरियर के क्या ऑप्शन हैं, आपका फ्यूचर कितना सिक्योर है और आगे कहां तक प्रोफेशनल ग्रोथ कर पाएंगे। इस सारी बातों पर भी ध्यान देना बेहद जरूरी होता है। इसलिए यह फैसला जल्दबाजी में न लें। बल्कि सोच-समझकर आगे बढ़ें। सबसे पहले यह चेक करलें कि दूसरे कॅरियर में स्विच करने के लिए आपके पास पर्याप्त क्वालिफिकेशन और स्किल्स हैं या नहीं। अगर आपके पास पर्याप्त स्किल और क्वालिफिकेशन नहीं है, तो पहले यह सोचें कि आप जॉब के साथ क्वालिफिकेशन और स्किल्स को पूरा करेंगे, या फिर छोड़कर। अगर आप नौकरी के साथ यह करते हैं, तो क्या आप इसके लिए पर्याप्त समय निकाल पाएंगे या नहीं। अगर आप जॉब के साथ इसको नहीं कर पाएंगे, तो क्या आपके पास इसके लिए पर्याप्त सेविंग्स हैं या नहीं। क्योंकि आपको भी नए प्रोफेशनल में सेटल होने में समय लग सकता है।आप जिस भी फील्ड में स्विच करने की सोच रहे हैं, तो उस फील्ड के लोगों के साथ नया नेटवर्क तैयार करने का प्रयास करें। जिससे की आपको उस फील्ड में आने वाली नौकरी के बारे में मालूम हो सके।



*कई बार प्रोफेशनल ग्रोथ के लिए तो कभी अपनी पसंद की प्रोफेशन में जाने के लिए लोग कॅरियर स्विच करते हैं। ऐसे में अगर आप भी संबंधित फील्ड को छोड़कर कॅरियर स्विच करने के बारे में सोच रहे हैं, तो आपको कुछ जरूरी बातों को ध्यान में रखना चाहिए।*

# डेटा साइंटिस्ट फील्ड में बनकर पा सकते हैं जबरदस्त ग्रोथ

डेटा साइंस शब्द से अक्सर आप रूबरू होते होंगे। जाहिर सी बात है लोगों के दिमाग में डेटा साइंस को लेकर कई सवाल भी रहते होंगे। जैसे-जैसे देश-दुनिया में डेटा का महत्व बढ़ रहा है। उसी तेजी के साथ डेटा साइंटिस्ट, डेटा एनालिटिक्स जैसे जॉब के अवसर भी सामने आ रहे हैं। डेटा साइंस शब्द से अक्सर आप रूबरू होते होंगे। जाहिर सी बात है लोगों के दिमाग में डेटा साइंस को लेकर कई सवाल भी रहते होंगे। वहीं कुछ लोग इन सवालों का जवाब पाने के लिए इंटरनेट का सहारा भी लेते हैं। अगर आप भी डेटा साइंट के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी हासिल करना चाहते हैं तो फिर यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि इस आर्टिकल के जरिए हम आपको डेटा साइंस से जुड़े सभी सवालों के जवाब देने की कोशिश करेंगे। भारत में नए कान की मशीनों की कीमत (और आकार) आपको चौंका देगीआपको बता दें कि जैसे-जैसे देश-दुनिया में डेटा का महत्व बढ़ रहा है। उसी तेजी के साथ डेटा साइंटिस्ट, डेटा एनालिटिक्स जैसे जॉब के अवसर भी सामने आ रहे हैं। बता दें कि बताया जा रहा है कि आने वाले 10-15 सालों में इस कोर्स का स्कोप काफी ज्यादा होगा। इस सेक्टर में नौकरियों की भरमार होने वाली है। ऐसे में अगर आपको लैपटॉप और कंप्यूटर की अच्छी खासी जानकारी है। तो डेटा साइंस से जुड़ा कोई भी कोर्स आपके लिए है। इस फील्ड में आप अपना शानदार कॅरियर बना सकते हैं।




**12वीं के बाद डेटा साइंस का कोर्स-** इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी के बढ़ते इस दौर में डेटा का महत्व काफी बढ़ गया है। ऐसे में डेटा साइंस एक उभरती हुई फील्ड है। वहीं इससे जुड़े कोर्सेज में एडमिशन लेने और पढ़ाई करने की दौड़ भी तेज हो गई है। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि 12वीं के बाद डेटा साइंस की पढ़ाई के लिए कौन से कोर्सेज में दाखिला लिया जा सकता है। साथ ही यह भी जानेंगे कि इसमें कॅरियर की क्या संभावनाएं हैं। 12वीं के बाद छात्रों के सामने कई ऑप्शन हैं। 12वीं के बाद इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए कोर्सेज किये जा सकते हैं।

**बीटेक डाटा साइंस-** बीटेक डाटा साइंस का कोर्स चार साल का होता है। इसे आप रेगुलर मोड में भी किया जा सकता है। इस कोर्स में स्टूडेंट्स को डेटा से जुड़े टूल्स और टेक्निक्स सिखाये जाते हैं। जिसकी मदद से डेटा का इस्तेमाल किया जा सकता है। इस कोर्स में यह भी बताया जाता है कि उस डेटा को कैसे काम में लाया जाता है। साथ ही इंजीनियरिंग फिजिक्स से लेकर अलग-अलग थ्योरीज को पढ़ाया जाता है। बीटेक करने के लिए पीसीएम के साल 12वीं में 50%अंक होना अनिवार्य है। हांलाकि कई अच्छे कॉलेजों में पीसीएम के साथ 60% अंक मांगते हैं। लेकिन अगर आईटीआई आप आईटीआई जैसे संस्थान में दाखिला लेना चाहते हैं तो आपको बीटेक करने के लिए 75%नंबर होना जरूरी है।

**बीएससी डाटा साइंस-** यह डिग्री कोर्स तीन साल का है। इसमें कई तरह के डोमेन होते हैं। जैसे- बिजनेस एनॉलिटिक्स, कंप्यूटर साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आदि। इस कोर्स में छात्रों को बिजनेस और कंप्यूटर के साथ एएल के बारे में भी बताया जाता है। डेटा साइंस में बिग डेटा एनॉलिटिक्स, मशीन लर्निंग और स्टैटिस्टिक्स जैसे कई कॉन्सेप्ट्स पढ़ाए जाते हैं। जिनके इस्तेमाल से आम लोगों से जुड़ी समस्याओं को हल किया जाता है। डेटा साइंस में BSc करने के लिए छात्रों के 12वीं में 50 फीसदी अंक होना अनिवार्य है। इस कोर्स को करने से लिए 12वीं में साइंस स्ट्रीम का होना जरूरी है। अन्य स्ट्रीम वाले स्टूडेंट्स को भी कुछ कॉलेज एडमिशन देते हैं। यहां पर कॅरियर ऑप्शन की कमी नहीं है। बैंकिंग जैसे क्षेत्र में डेटा साइंटिस्ट, प्रोसेस एनॉलिस्ट, बिजनेस, हेल्थकेयर और बिजनेस एनालिस्ट की नौकरियां उपलब्ध हैं। **बीसीए-** बीसीए भी तीन साल का अंडरग्रेजुएट कोर्स है। इस कोर्स में कंप्यूटर और मैथमैटिकल साइंस से जुड़ा करिकुलम छात्रों को पढ़ाया जाता है। आज की तेजी से बदलती ढ्ढञ्ज इंडस्ट्री को ध्यान में रख कर ये कोर्स बनाया गया है। इस कोर्स में छात्रों को डेटा साइंस से जुड़े कॉन्सेप्ट्स को और उनके एप्लिकेशन को समझाने पर जोर दिया जाता है। इस कोर्स में दाखिला लेने के लिए स्टूडेंट्स के 12वीं में 50 फीसदी अंक होने जरूरी हैं। इस कोर्स में साइंस स्ट्रीम वाले छात्रों को भी सुविधा दी जाती है। छात्रों को कॅरियर बनाने के लिए अनेक मौके यहां पर उपलब्ध हैं। विप्रो, अमेजॉन और [illegible] जैसी बड़ी कॉरपोरेट कंपनियों में डेटा इंजीनियर, डेटा आर्किटेक्ट और डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर के पदों पर काम करने का मौका मिलता है।

**डिप्लोमा इन डेटा साइंस-**डेटा साइंस में डिप्लोमा दो साल का हो सकता है। इसमें स्टूडेंट्स को डेटा एनॉलिटिक्स और डेटा साइंस में ट्रेंड किया जाता है। बता दें कि डिग्री के मुकाबले डिप्लोमा कोर्स में कम खर्च होता है। इस कोर्स को करने से कम समय में ज्यादा स्किल्स सीखने का मौका मिलता है।

## कॅरियर अलर्ट

### रेलवे असिस्टेंट लोको पायलट भर्ती

रेलवे में सरकारी नौकरी लेने का भी शानदार मौका है। आरआरबी असिस्टेंट लोको पायलट के 11127 पदों पर भर्ती में आवेदन चल रहे हैं, जिसके लिए 14 जून 2026 तक अप्लाई किया जा सकता है। फॉर्म भरने के लिए 10वीं और संबंधित फील्ड में आईटीआई मांगी गई है। बी.ई/बीटेक की डिग्री मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग वाले भी अप्लाई कर सकते हैं। एज लिमिट 18-30 वर्ष तय की गई है।

### यूपीएसएसएससी लोअर पीसीएस भर्ती

यूपी में सरकारी नौकरी पाने की बढ़िया अपॉर्चुनिटी है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने लोअर पीसीएस के 2516 पदों पर आवेदन आमंत्रित किए हैं। सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा (स्नातक स्तरीय) मुख्य परीक्षा के जरिए निदेशालय कोषागार, सहकारी समितियां, कृषि उत्पादन मंडी, नगर निकाय निदेशालय,परिवार कल्याण महानिदेशालय समेत विभिन्न विभागों में भर्ती की जाएगी। जिन भी उम्मीदवारों के पास ग्रेजुएशन की डिग्री और पीईटी 2025 स्कोरकार्ड है, वो इस भर्ती में अप्लाई कर सकते हैं। हालांकि पदानुसार अलग-अलग योग्यता भी तय की गई है। इस वैकेंसी में आवेदन की प्रक्रिया 29 मई से 18 जून 2026 तक आधिकारिक वेबसाइट upsssc.gov.in पर चलेगी।

### एसएससी सीजीएल 2026

स्टाफ सेलेक्शन कमीशन ने एसएससी सीजीएल वैकेंसी की भी घोषणा कर दी है। इस साल 12256 पदों पर रिक्तियां निकली हैं। जिसके लिए ग्रेजुएट कैंडिडेट्स एसएससी की ऑफिशियल वेबसाइट ssc.gov.in पर लास्ट डेट 22 जून 2026 तक अप्लाई कर सकते हैं। वहीं एप्लिकेशन फीस 23 जून 2026 तक भरी जा सकेगी। सीजीएल टियर I अगस्त/सितंबर 2026 में आयोजित किया जा सकता है। वहीं इस साल से सीजीएल के एग्जाम में सेक्शनल टाइमिंग लागू होगी। टियर में हर सेक्शन के लिए 15 मिनट का समय मिलेगा।

### यूपीएसएसएससी टेक्निकल असिस्टेंट भर्ती

उत्तर प्रदेश में ग्रुप सी टेक्निकल असिस्टेंट के 2759 पदों पर बड़ी भर्ती निकली हुई है। जिन भी उम्मीदवारों ने मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बीएससी एग्रीकल्चर/हॉर्टिकल्चर/होमसाइंस/कम्युनिटी साइंस/फॉरेस्ट्री या बी.ई/बीटेक इंजीनियरिंग की डिग्री एग्रीकल्चर में हासिल की है और उनके पास पीईटी-2025 का स्कोरकार्ड भी है, वो इसमें अप्लाई कर सकते हैं। लास्ट डेट 11 जून 2026 तक आवेदन जारी रहेंगे। इस अवधि के दौरान आप कभी भी ऑनलाइन ऑफिशियल वेबसाइट upsssc.gov.in पर फॉर्म भरने की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।

### आर्मी TES 56 वैकेंसी

इंडियन आर्मी ज्वाइन करने का भी शानदार मौका है। भारतीय सेना में अभी 10+2 टेक्निकल एंट्री स्कीम (ञ्जश्वस्) जनवरी 2027 के आवेदन चल रहे हैं। जिन कैंडिडेट्स ने फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ के साथ 12वीं में 60 प्रतिशत या इससे अधिक अंक हासिल किए हैं और साथ में जेईई मेन्स 2026 में शामिल हुए हैं, वो अप्लाई कर सकते हैं। 90 वैकेंसी है। जो आवश्यक्ता के मुताबिक घट-बढ़ सकती हैं। आर्मी की इस एंट्री के लिए लास्ट डेट 12 जून 2026 तक फॉर्म अप्लाई कर सकते हैं।

# फिटनेस में है रुचि तो न्यूट्रिशन बन चमकाएं अपना कॅरियर

*न्यूट्रीशनिस्ट हेल्दी और बैलेंस्ड न्यूट्रीशन का महत्व समझते हैं। साथ ही यह अपने क्लाइंट्स को भी हेल्दी और बैलेंस्ड न्यूट्रीशन के बारे में जानकारी देते हैं। यह एक ऐसा काम है, जो हमेशा से ही डिमांड में रहता है। ऐसे में आप इस क्षेत्र में अपना कॅरियर चमका सकते हैं।*

किस व्यक्ति को किस तरह की डाइट लेनी चाहिए, किस खाने में कौन से पोषक तत्व पाए जाते हैं। किसी तरह की बीमारी होने पर डाइट में किन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। ऐसे बहुत से सवालों के जवाब यदि आपको पता हैं, या आप इन सवालों के जवाब देने में रुचि लेते है। तो बता दें कि आप डायटीशियन या न्यूट्रीशनिस्ट के तौर पर अपने कॅरियर की शुरूआत कर सकते हैं।

न्यूट्रीशनिस्ट हेल्दी और बैलेंस्ड न्यूट्रीशन का महत्व समझते हैं। साथ ही यह अपने क्लाइंट्स को भी हेल्दी और बैलेंस्ड न्यूट्रीशन के बारे में जानकारी देते हैं। या फिर व्यक्ति की जरूरत के अनुसार, डाइट लेना सजेस्ट करते हैं। साथ ही यह वजन बढ़ाने से लेकर कम करने तक में मदद करते हैं।यह एक ऐसा काम है, जो हमेशा से ही डिमांड में रहता है। या ऐसा भी कहा जा सकता है कि बदलते वक्त के साथ इसकी डिमांड भी बढ़ती जा रही है। लोग जैसे-जैसे अपनी हेल्थ और वेट को लेकर जागरुक हो रहे हैं। वैसे-वैसे न्यूट्रीशनिस्ट भी डिमांड में आते जा रहे हैं। वेलनेस सेंटर, हॉस्पिटल, हेल्थ सेंटर, ब्यूटी सेंटर, क्लीनिक से लेकर फिटनेस सेंटर्स तक पर इनकी जरूरत पड़ती है।



**ऐसे में इस क्षेत्र में आप का कॅरियर खूब फलेगा-फूलेगा-**

**कोर्स-**

इस फील्ड में अपना कॅरियर बनाने के लिए कैंडिडट का साइंस बैकग्राउंड होना जरूरी है। 12वीं पास करने के बाद छात्र फूड एंड न्यूट्रीशन में [illegible] और MSc कोर्स किए जा सकते हैं। हायर स्टडीज के लिए आप इस फील्ड में पीएचडी भी कर सकते हैं। कई यूनिवर्सिटी में यह कोर्सेज ऑफर किए जाते हैं। इनमें सेलेक्शन लेने के लिए छात्रों को सामान्य तौर पर प्रवेश परीक्षा पास करनी होती है।

**इन फील्ड में कर सकते हैं काम**

इस कोर्स को करने के बाद अपने स्पेशलाइजेशन और रुचि के अनुसार, आप हेल्थ कोच, हेल्थ एजुकेटर एंड कम्यूनिटी हेल्थ वर्कर, पिडियाट्रिक न्यूट्रीशनिस्ट, पब्लिक हेल्थ न्यूट्रीशनिस्ट, क्लिनिकल डायटीशियन, होलिस्टिक न्यूट्रीशनिस्ट, स्पोर्ट्स न्यूट्रीशनिस्ट, कंसल्टेंट न्यूट्रीशनिस्ट आदि के तौर पर प्राइवेट और सरकारी विभागों में काम कर सकते हैं।

**कितनी मिलेगी सैलरी-**

इस फील्ड में सैलरी अनुभव और पद के अनुसार मिलती है। ऐसे बताया जाए तो गवर्नमेंट ऑर्गेनाइजेशन में आपको 2.50 से 3.50 लाख रुपये तक आप कमा सकते हैं। वहीं प्राइवेट ऑर्गेनाइजेशन में साल के 3 से 5 लाख रुपये तक कमा सकते हैं। वहीं अनुभव बढ़ने के साथ ही आपकी सैलरी 8 लाख रुपए तक पहुंच सकती है।

## अभ्यास

1. निम्न में से किस दिन हर साल अंतर्राष्ट्रीय अभिलेखागार दिवस मनाया जाता है?
(क) 6 जून
(ख) 7 जून
(ग) 8 जून
(घ) 9 जून
**उत्तर-(घ)**

2. निम्न में से किस स्थान पर कलिंग साहित्य महोत्सव का चौथा संस्करण आयोजित किया गया?
(क) पटना
(ख) भोपाल
(ग) काठमांडू
(घ) ढाका
**उत्तर-(ग)**

3. निम्न में से किसे कार्टूनिंग के लिए प्रतिष्ठित बार्टन अवार्ड 2026 के लिए चुना गया है?
(क) सुभानी शेख
(ख) गौरव सिन्हा
(ग) सौरव गुप्ता
(घ) ज्योति सक्सेना
**उत्तर-(क)**

5. नवनिर्मित 'सबरीसम' भवन के उद्घाटन के लिए चर्चा में रहा अय्यप्पा मंदिर कहाँ स्थित है?
(क) पुडुचेरी
(ख) मध्य प्रदेश
(ग) बिहार
(घ) नई दिल्ली
**उत्तर-(घ )**

6. निम्न में से किस राज्य सरकार ने तंबाकू जैसे मद्य पदार्थों पर एक वर्ष का प्रतिबंध लगाया है?
(क) मध्य प्रदेश
(ख) बिहार
(ग) नागालैंड
(घ) तमिलनाडु
**उत्तर-(ग)**

# SC-ST विद्यार्थियों के लिए आवेदन शुरू


छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थियों के लिए उत्कर्ष योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 6वीं में प्रवेश की राज्य स्तरीय चयन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित

## 5 जुलाई को प्रवेश परीक्षा

जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के ग्रामीण अंचलों के मेधावी विद्यार्थियों को प्रदेश के प्रतिष्ठित एवं उत्कृष्ट निजी विद्यालयों में अध्ययन का अवसर देना है। चयनित छात्र-छात्राओं को कक्षा 6वीं से 12वीं तक की शिक्षा पूर्णतः निःशुल्क मिलेगी, जिसका पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के अनुसार, योजना में प्रवेश के लिए राज्य स्तरीय लिखित चयन परीक्षा 05 जुलाई 2026 (रविवार) को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। इसके माध्यम से चयनित विद्यार्थियों को एक गुणवत्तापूर्ण और प्रतिस्पर्धात्मक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। **पात्रता एवं मापदंड-**आवेदक का छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है। छात्र वर्तमान में किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5वीं में नियमित अध्ययनरत हो तथा कक्षा 4वीं की वार्षिक परीक्षा में न्यूनतम 80 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त किया हो। अभिभावक की सभी स्रोतों से कुल वार्षिक आय 2.50 लाख रूपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसके लिए वैध आय प्रमाण पत्र और स्वघोषणा पत्र आवश्यक है। यह योजना विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के लिए है। इसलिए केवल ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और नगर पंचायत क्षेत्र के स्कूलों से कक्षा 4वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी ही इसके पात्र होंगे। आवेदकों को अपने मूल निवास जिले में ही आवेदन करना होगा। **महत्वपूर्ण तिथियां और चयन प्रक्रिया-** 20 जून 2026 (शाम 5 बजे तक) तक पात्र विद्यार्थियों द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र अपने विद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि। 22 जून 2026 तक विद्यालय प्रमुखों द्वारा आवेदनों की जांच कर उन्हें संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय भेजना। 24 जून 2026 तक विकासखंड स्तर से संकलित सूची सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय को प्रेषित करना।

# आ गई जीडीएस भर्ती की चौथी मेरिट लिस्ट

भारतीय डाक विभाग ने ग्रामीण डाक सेवक जिन उम्मीदवारों का नाम चौथी मेरिट लिस्ट में शामिल है, उन्हें भर्ती प्रक्रिया के अगले चरण यानी दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया जाएगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे अपने सभी आवश्यक दस्तावेज पहले से तैयार रखें। भर्ती 2026 की चौथी मेरिट लिस्ट जारी कर दी है। भर्ती प्रक्रिया में शामिल अभ्यर्थी अब आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर नवीनतम मेरिट लिस्ट डाउनलोड कर सकते हैं। यह सूची देश के विभिन्न डाक सर्किलों के लिए जारी की गई है। **28,636 पदों पर हो रही है भर्ती-** इंडिया पोस्ट द्वारा आयोजित इस भर्ती अभियान के माध्यम से कुल 28,636 रिक्त पदों को भरा जाना है। भर्ती के तहत निम्नलिखित पद शामिल हैं- ग्रामीण डाक सेवक, शाखा पोस्टमास्टर, सहायक शाखा पोस्टमास्टर। मेरिट लिस्ट का चयन उम्मीदवारों के शैक्षणिक अंकों के आधार पर किया गया है। **मेरिट लिस्ट में क्या-क्या जानकारी होगी-** जारी की गई मेरिट लिस्ट में उम्मीदवारों से संबंधित कई महत्वपूर्ण विवरण दिए गए हैं, जिनमें शामिल हैं- डिवीजन कार्यालय, पोस्ट आईडी, पद का नाम, श्रेणी/समुदाय, रजिस्ट्रेशन नंबर, प्राप्त प्रतिशत अंक, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे सूची में अपने रजिस्ट्रेशन नंबर की जांच कर लें और भविष्य की प्रक्रिया के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर नजर बनाए रखें। चौथी मेरिट लिस्ट में स्थान पाने वाले उम्मीदवारों को अब दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया में शामिल होना होगा। सत्यापन की तारीख और अन्य निर्देश संबंधित डाक सर्किलों द्वारा जारी किए जाएंगे। इसलिए अभ्यर्थियों को नियमित रूप से आधिकारिक वेबसाइट पर अपडेट चेक करते रहने की सलाह दी गई है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**बुधवार, 10 जून 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे दशमी तिथौ बुध वासरे 24/59/ उत्तर भाद्रपद नक्षत्रे 09/22/ आयुष्मान योग 06/31/ वणिज करणे 13/53/ मीन राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

व्रत एवं त्यौहार- पंचक। भद्रा घं.13 मि. 53 से घं.24मि.59तक।

**मेष :** परीक्षा प्रतियोगिता में सफलता के योग रहेंगे। उत्तरदायित्वों की पूर्ति होगी। दैनिक सुख संसाधनो की वृद्धि होगी।

**वृष :** श्रेष्ठजनो का अनुग्रह मिलेगा। मिथ्यारोप भय रहेगा। भागदौड़ की अधिकता रहेगी। कानूनी कार्यों पर व्यय होगा।

**मिथुन :** शिक्षा प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। आर्थिक एवं सामाजिक पक्ष मजबूत होंगे।

**कर्क :** परिवार का सहियोग मिलेगा। यात्रा एवं देशाटन की स्थिति सुखद होगी।

**सिंह :** निजी सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। जीवन के क्षेत्र में प्रगति होगी। सम्मान में वृद्धि होगी।

**कन्या :** व्यवसयिक योजना को बल मिलेगा। सम्बन्धो में निकटता आएगी। जीवन साथी का सहियोग मिलेगा।

**तुला :** सत परामर्श से मार्ग प्रशस्त होगा। दांपत्य सुख उत्तम रहेगा। वृद्ध परिजन की चिंता रहेगी। संचित कोष में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** सम्बन्धों में निकटता आयेगी। किसी कार्य के सम्पन्न होने से प्रभाव में वृद्धि होगी।

**धनु :** विरोधी परास्त्र होंगे। घरेलू व्यय भार बढ़ेगा। इच्छित वस्तु की प्राप्ति होगी। आकस्मिक यात्रा का योग बनेगा।

**मकर :** सन्तान के दायित्व की पूर्ति होगी। व्यवसायिक एवं आर्थिक स्थति में सुधार होगा।

**कुंभ :** सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। लाभ मार्ग प्रशस्त होगा। उधार देने से बचे। जनसंपर्क में वृद्धि होगी।

**मीन :** जीवनसाथी का सहयोग रहेगा। रुके कार्यों में प्रगति होगी। नए कार्यों को टालना हितकर रहेगा। वाद-विवाद टाले

# शिक्षा ऋण लेना चाहते हैं, तो किन डॉक्यूमेंट्स की पड़ती है जरूरत

कई बार ऐसी परिस्थितियां बनती हैं कि मनपसंद करियर के सामने फाइनेंशियल प्रॉब्लम सामने खड़ी हो जाती है। स्टूडेंट्स के पास इतना पैसा नहीं होता है कि वे संबंधित संस्थान की भारी-भरकम फीस भर सके। ऐसे में कई बार उन्हें सपनों को मारना भी पड़ता है। हालांकि, ऐसे मौके पर एजुकेशन लोन काफी मददगार साबित होता है। मेडिकल से लेकर इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट सहित अन्य कोर्सेज के लिए बैंक से मिलने वाले इस लोन से फीस भरने की समस्या से काफी हद तक निजात मिलती है। यहां तक कि विदेश में पढ़ने का ख्वाब भी इस हेल्प से सच साबित हो सकता है। अब अगर आप भी इस दिशा में सोच रहते हैं तो हम आपको आज बताने जा रहे हैं, कि अगर आप शिक्षा ऋण लेना चाहते हैं तो आपको किन-किन डॉक्यूमेंट्स की जरूरत पड़ेगी। आइए डाले हैं एक नजर। इन



**डॉक्यूमेंट्स की होती है जरूरत : -**

बैंक लोन के लिए उम्मीदवारों को 10वीं, 12वीं की मार्कशीट, बैंक पासबुक, आय प्रमाण पत्र, पहचान प्रमाण पत्र (पासपोर्ट/ड्राइविंग/ वोटरआईडी), प्रवेश परीक्षा परिणाम, जिस कोर्स के लिए एंट्रेंस एग्जाम क्लीयर किया है उसका साक्ष्य, एज फ्रूफ, स्टूडेंट्स और पैरेंट्स दोनों का आधार कार्ड सहित अन्य डॉक्यूमेंट्स की जरूरत पड़ती है। इसके साथ ही यह भी चेक किया जाता है कि कहीं कोई पिछला लोन तो आवेदक पर तो नहीं है।

**योग्यता : -**

इस लोन के लिए अप्लाई करने वाले कैंडिडेट्स को देश का नागरिक होना चाहिए। आवेदक का एकेडिमक रिकॉर्ड बेहतर होना चाहिए। इसके अलावा, उम्मीदवार जिस कोर्स के लिए अप्लाई करना चाहता है उसकी रोजगार का प्रतिशत क्या है। इन पहुलओं के साथ कई अन्य चीजों को देखने के बाद स्टूडेंट्स इस लोन के हकदार बन पाते हैं। बता दें कि बैंक अलग-अलग लोन देता है। इसके तहत, कुछ ऋण स्टूडेंट्स खुद लेते हैं। वहीं, कभी-कभी पैरेंट्स भी बच्चे की पढ़ाई के नाम यह बैंक से कर्ज लेते हैं।

# कार्यों में लापरवाही बरतने वाले एच.ई.ओ. का पन्द्रह दिन का वेतन काटा जाये-डा. राजागणपति आर.

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरगांव में संचालित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का डीएम ने किया निरीक्षण

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर । सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरगांव में संचालित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पी०एम०एस०एम०ए०) का जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उक्त अभियान के अन्तर्गत आयी हुयी गर्भवती महिलाओं से वार्ता करते हुये उनकी टीकाकरण संबंधी पुस्तिका का अवलोकन किया। प्रभारी चिकित्साधिकारी से प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान के तहत की गयी तैयारियों के विषय में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने ब्लड प्रेशर मशीन का अवलोकन किया, जहां ब्लड प्रेशर मशीन खराब दशा में पायी गयी। गर्भवती महिला की टीकाकरण पुस्तिका देखा, जिसमें महिला का टीकाकरण नही पाया गया तथा वहां के उपकरणों को देखा व चिकित्सकों से वार्ता करते हुये ब्लड प्रेशर मशीन सही न होने पर कड़ी फटकार चिकित्सकों को लगायी। कार्यों में रूचि एवं अन्य कमियां पाये जाने पर एच०ई०ओ० १५ दिन का वेतन एवं अनुशासनिक कार्यवाही करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। साथ ही इस लापरवाही पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के निर्देश दिये व अभियान के अन्तर्गत त्वरित चिकित्सकों का १५ दिन का वेतन रोके जाने के निर्देश संबंधित को दिये। तदोपरान्त जिलाधिकारी ने एक्सरे कक्ष पहुंचकर मशीन को देखा। एक्सरे फिल्म न होने की दशा में पूछे जाने पर कोई सही जवाब नहीं दिया गया तथा एक्सरे किये गये किसी भी मरीज का मोबाइल नम्बर न होने पर संबंधित कर्मचारी पर अनुशासनिक कार्यवाही के साथ अग्रिम आदेशों तक वेतन रोके जाने के निर्देश दिये।



# तीन आटोलिफ्टर गिरफ्तार, पांच चोरी की मोटरसाईकिलें बरामद

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में लूट/चोरी/वाहन चोरी /नकबजनी/धोखाधड़ी/ठगी आदि जैसी घटनाओं में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त दिये गये निर्देशो के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद वेदप्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में थाना महमूदाबाद पुलिस टीम द्वारा वाहन चोरी की घटना के संबंध में पंजीकृत मु०अ०सं० ११६/२०२६ धारा ३०३(२)/३१७(२)/३१७(४) बीएनएस, मु०अ०स० १३४/२०२६ धारा ३०३(२)/ ३१७ (२)/३१७(४) बीएन, मु० अ० सं० २२३/ २०२५ धारा ३०३(२)/ ३१७(२)/ ३१७(४) थाना महमूदाबाद व मु०अ०स० २११/ २०२६ धारा ३०३(२)/ ३१७(२) /३१७(४) बीएनएस थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी का सफल अनावरण करते हुए ०५ अदद मोटरसाइकिल के साथ तीन अभियुक्तगण सलमान पुत्र इस्लाम निवासी मोहल्ला जलालपुर कस्बा व थाना बिसवा जनपद सीतापुर व हालपता ग्राम हरैया थाना सदरपुर छोटू यादव उर्फ राज कुमार यादव पुत्र श्रीपाल निवासी ग्राम सेल्हवा थाना थानगांव , पंकज कुमार पुत्र अजमेर सिंह निवासी हरैया थाना सदरपुर को बाबाकुटी पुलिया से गिरफ्तार कर सफलता प्राप्त की गयी । अभियुक्त गणो के विरुद्ध बाद आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।



# सांस्कृतिक महोत्सव में शिक्षा और स्वास्थ्य संस्थानों ने भी बढ़ाया सहयोग मेले में झूलों और बाजार का लोगों ने उठाया आनंद

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। सामाजिक संस्थाओं और शिक्षण संस्थानों की भी सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। सिटी लाइफ हास्पिटल एंड ट्रामा सेंटर, लखनऊ की ओर से बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाने की घोषणा की गई। वहीं श्रीकृष्णा ग्रुप आफ इंस्टीट्यूट, नैपालपुर सीतापुर द्वारा मंच पर प्रस्तुति देने वाले बच्चों को प्रवेश लेने पर विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात कही गई। इस पहल को लेकर अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने आयोजकों की सराहना की। लोगों का कहना था कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों में शिक्षा, कला और सामाजिक जागरूकता के प्रति रुचि बढ़ती है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ मेले में लगे मनोरंजन साधनों और बाजारों में भी लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। बच्चों और युवाओं ने रशियन जलपरी, टावर झूला और रेंजर झूले का जमकर आनंद उठाया। देर रात तक झूलों के आसपास लोगों की लंबी कतारें लगी रहीं। मेले में लगे विभिन्न स्टालों पर लोगों ने जमकर खरीदारी की। खाने-पीने के स्टालों पर भी भीड़ उमड़ती रही जहां लोगों ने अलग-अलग व्यंजनों का स्वाद लिया। चाट, फास्ट फूड, मिठाइयों और पारंपरिक व्यंजनों की दुकानों पर सबसे ज्यादा भीड़ नजर आई। सांस्कृतिक मंच संयोजक अतुल कृष्ण पांडेय, संदीप अग्निहोत्री और अलीशा मेराज खान ने संयुक्त रूप से बताया कि यह मंच पूरी तरह से सभी लोगों के लिए खुला है। कोई भी व्यक्ति अपना नाम दर्ज कराकर मंच पर अपनी प्रस्तुति दे सकता है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य सीतापुर की छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच देना है।आयोजक गिरीश मिश्रा ने लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर कलाकारों का उत्साहवर्धन करें।



# महिला ने लगाया दुराचार का आरोप उच्चाधिकारियों से मांगा न्याय

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। झगड़े की पुलिस को दी गई तहरीर से आक्रोशित महिला ने ११२ डायल कर दुराचार का आरोप लगाया। सूचना मिलते ही सदरपुर पुलिस के साथ सीओ मौके पर पहुंचे और मामले की विस्तृत जांच करते हुए रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी। सदरपुर के एक गांव की सलीमुन पत्नी हफीज का सोमवार को खेतों से खाना बनाने के लिए तोड़ी गई पापुलर की लकड़ी के बंटवारे को लेकर गांव की ही एक युवती से विवाद हो गया था। सलीमुन ने सोमवार की सायं सदरपुर थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि सलीमुन द्वारा थाने में दिए गए प्रार्थनापत्र की जानकारी के बाद आरोपी महिला ने मंगलवार की सुबह ११२ डायल कर पुलिस को सूचना दी गई कि उसके साथ दुराचार किया गया है। सूचना मिलते ही सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव, थानाध्यक्ष मुकेश वर्मा पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल करते हुए शिकायतकर्ता के साथ अन्य ग्रामीणों के बयान दर्ज किए। सीओ ने बताया कि कल दिए गए प्रार्थनापत्र से नाराज होकर महिला ने दुराचार का आरोप लगाते हुए ११२ डायल कर शिकायत दर्ज कराई थी, जांच कराई गई जिसमें आरोप निराधार पाए गए। जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है।

# आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा केंद्र का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। दूसरे दिन आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-२०२६ के अंतर्गत आयोजित परीक्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर० एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल जायजा लेने बिड़ला विद्या मंदिर इण्टर कालेज, हरगांव पहुंचे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों, पेयजल, शौचालय एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गर्मी के दृष्टिगत परीक्षार्थियों के लिए पर्याप्त मात्रा में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परीक्षा का आयोजन पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं सुरक्षा के साथ किया जाए। उन्होंने निर्धारित मानकों के अनुरूप परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने भी सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुये संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये।



# केंद्र सरकार ने हर वर्ग के विकास और कल्याण के लिए काम किया है-राजीव मौर्य

**( स्वतंत्र भारत )**

महमूदाबाद-सीतापुर। केंद्र सरकार के १२ वर्ष पूर्ण होने पर तहसील सभागार में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसडीएम डा. अंजलि सिंह, तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी की मौजूदगी में शासन की योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम को भाजपा नगर अध्यक्ष कमलेश राजपूत, जिला मंत्री सुधीर सिंह, अधिवक्ता राजीव मौर्य, राकेश गुप्त ने संबोधित करते हुए सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला। राजीव मौर्य ने कहा कि केंद्र सरकार ने हर वर्ग के विकास और कल्याण के लिए काम किया है। योजनाओं का लाभ भी प्रशासन की सक्रियता से निचले पायदान तक पहुंच रहा है। इस दौरान नायब तहसीलदार राकेश त्रिवेदी, लेखपाल रमाकांत रावत, पूर्णेन्द्र प्रकाश आदि उपस्थित रहे।



# पुलिस ने कई वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के नियंत्रण तथा वांछित/वारंटी अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) दुर्गेश कुमार सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) के निकट पर्यवेक्षण में तथा संबंधित क्षेत्राधिकारियों के कुशल निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों (पिसावां, रामकोट व सकरन, इमलिया, मछरेहटा, अटरिया) की पुलिस टीमों द्वारा कुल ३० अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार नागेन्द्र चौबे के निर्देशन में थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह तोमर के कुशल नेतृत्व में थाना पिसावां की पुलिस टीम द्वारा कुल २१ नफर वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। रामकोट क्षेत्राधिकारी नगर के निर्देशन व थाना अध्यक्ष थाना रामकोट के कुशल नेतृत्व में रामकोट पुलिस टीम द्वारा न्यायालय के आदेश के अनुपालन में ०३ वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।इसी प्रकार थाना सकरन में क्षेत्राधिकारी बिसवां के कुशल निर्देशन में थाना सकरन पुलिस द्वारा विभिन्न गंभीर धाराओं में वांछित ०२ अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई। थाना अटरिया में क्षेत्राधिकारी सिधौली के कुशल निर्देशन में थाना अटरिया पुलिस द्वारा विभिन्न गंभीर धाराओं में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई। अंशुल तिवारी पुत्र राज कुमार उर्फ छोटे निवासी ग्राम कान्हमऊ थान कमलापुर , अंकुल मिश्रा पुत्र अश्वनी मिश्रा निवासी ५३८ क/१४५ तपस्वी नगर त्रिवेणी नगर सीतापुर रोड थाना अलीगंज लखनऊ संबंधित मु०अ०सं० १२९/२०२६ धारा १०९(१)/ १९१(२) /१९१(३) /१९० बीएनसएस थाना अटरिया थाना मछरेहटा पुलिस टीम द्वारा वाद संख्या ५६४/१९ में वारण्टी पप्पू उर्फ आनन्द प्रकाश पुत्र जवाहिर निवासी पहाड़पुर थाना मछरेहटा को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। थाना इ०सु०पुर पुलिस टीम द्वारा मु०अ०सं १०३/२६ धारा ३३१(४)/३०५ए/३१७(२) बीएनएस में वांछित/ प्रकाश में आये अभियुक्त भोजपाल पुत्र नबलकिशोर निवासी ग्राम करौंदी थाना महोली को गिरफ्तार किया गया जिसके पास से १२५० रूपये नगद व एक सिलींग फैन बरामद हुआ है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। सभी गिरफ्तार ३० अभियुक्तों के विरुद्ध थानों द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए उन्हें संबंधित न्यायालय, के समक्ष पेशी हेतु भेजा जा रहा है।



# जय हनुमान, जय श्री राम के जयकारों के साथ मन्दिरों पर वितरित किया गया भण्डारे का प्रसाद

**( स्वतंत्र भारत )**

सीतापुर। ज्येष्ठ माह के छठें मंगलवार को हनुमान भक्तो ने अपनी श्रद्धा दिखाते हुये सुबह से ही हनुमान मन्दिरो में पूजा अर्चन के पश्चात् भण्डारे का प्रसाद वितरित किया। इसी क्रम में शहर के जेल रोड स्थित बड़े हनुमान मन्दिर, घंटाघर स्थित छोटा हनुमान मन्दिर, मालगोदाम पर स्थित चांदी वाला हनुमान मन्दिर, रोडवेज स्थित हनुमान मन्दिर, सहित फायर बिग्रेड परिसर में स्थित मन्दिर, जेल रोड स्थित ओवरब्रिज के पास भी विशाल भण्डारा किया गया । वही इसके के आलावा प्रमुख मार्गो पर भण्डारो का सिलसिला लगातार चलता रहा। इसी क्रम में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष / जिला अध्यक्ष रवींद्र दीक्षित के नेतृत्व में मंगलवार को छोटे हनुमान मंदिर के निकट विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम भगवान हनुमान जी के पूजन-अर्चन रवींद्र दीक्षित व अजय भार्गव के द्वारा किया गया । इसके पश्चात छोटे हनुमान मंदिर में प्रसाद अर्पित किया गया तथा कन्या भोज का आयोजन संपन्न हुआ। कन्या पूजन के उपरांत ष्श्रद्धालुओं एवं आमजन के लिए भंडारे का शुभारंभ किया गया। इस भंडारे में बेसिक शिक्षा अधिकारी डाक्टर गोरखनाथ पटेल व बड़ी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी, पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने प्रसाद ग्रहण कर कार्यक्रम की सराहना की तथा आयोजन की सफलता के लिए आयोजकों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में रत्नेश मिश्र, नवीन श्रीवास्तव,पुनीत कुमार शुक्ल जीतू, अर्पित, विवेक राठौर, उमेश शुक्ल, मनीष, पवन, अश्वनी, विवेक पंडित, प्रदीप वर्मा , विनय गिहार, लक्ष्मी, राजेश, रोमेश, अमित, ब्रजेश शुक्ला आदि उपस्थित रहे। नगर स्थित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यालय के निकट वरिष्ठ समाजसेवी शत्रुघन रस्तोगी द्वारा ज्येष्ठ माह के पावन बड़े मंगल के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

भंडारे के आयोजन में समस्त रस्तोगी परिवार के सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई तथा श्रद्धाभाव से सेवा कार्य किया। इसके साथ ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सेवार्थ विद्यार्थी गतिविधि के कार्यकर्ताओं ने भी व्यवस्था संचालन एवं प्रसाद वितरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह एवं समर्पण भाव से आगंतुकों की सेवा कर भारतीय संस्कृति की सेवा-परंपरा को सशक्त किया। भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए कढ़ी-चावल, आम-पना तथा खीर का विशेष प्रसाद तैयार किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सराहना की। पूरे कार्यक्रम का वातावरण भक्तिमय एवं सौहार्दपूर्ण रहा। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की निरंतर उपस्थिति बनी रही तथा सभी ने बड़े मंगल के इस पुण्य अवसर पर भगवान श्री हनुमान जी का स्मरण करते हुए सेवा एवं परोपकार के भाव को आत्मसात किया। इस अवसर पर उपस्थित सम्मानित नागरिकों ने श्री शत्रुघन रस्तोगी एवं उनके परिवार द्वारा किए गए इस सामाजिक एवं धार्मिक आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, सद्भाव एवं सेवा की भावना को प्रोत्साहित करते हैं।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय खेल भारत प्रमुख अजय प्रताप शुक्ला, प्रांत सेवार्थ विद्यार्थी संयोजक अलख कांत श्रीवास्तव, विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान, जिला प्रचारक आकाश समेत अनेक गणमान्य नागरिकों, श्रद्धालुओं एवं समाजसेवियों ने सहभागिता कर प्रसाद ग्रहण किया। पवित्र पावन ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार को भगवान परशुराम चौक पर स्थित भगवान परशुराम मंदिर में विशाल भंडारे के आयोजन किए गए सर्वप्रथम भगवान परशुराम मंदिर में भगवान जी को फूलों से सुगंधित एक बड़ी माला पहनाई गई उसके बाद मंदिर में बालाजी का विधिवत पूजन अर्चन किया गया हनुमान जी की आरती उतारी गई सभी बालाजी के भक्तों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया जय बालाजी के उदघोष के साथ भोग लगाकर भंडारा प्रारंभ किया गया भंडारे के आयोजन में परशुराम मंदिर के संस्थापक सभासद पंडित धीरज पाण्डेय व उनकी कमेटी ने अपना योगदान किया, बालाजी के भक्त शिवांश शुक्ला पुत्र स्वर्गीय विजय शुक्ला और प्रमोद पाल के द्वारा भंडारा कराए गए, भंडारे में पूरी सब्जी, शरबत व मीठी बूंदी का प्रसाद वितरण किया गया, इस शुभ अवसर पर महंत योगी 'श्री तेजनाथ जी' महाराज गोरक्षपीठाधीश्वर गुरु गोरखनाथ धाम कुरूक्षेत्र हरियाणा जी की गरिमा में उपस्थिती प्रार्थनीय रही बालाजी के विशाल भंडारे में जिले व शहर के तमाम प्रतिष्ठित व समाजसेवी गण उपस्थित रहे और सभी ने भंडारे का प्रसाद चखा, भगवान बालाजी महाराज आप सभी भक्तगणों पर अपनी कृपा बनाए रखें विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजा पाठ का कार्य आचार्य पंडित शिवकुमार शुक्ला जी के द्वारा कराया गया।





# डीएम के निर्देशन में योग दिवस की तैयारियां तेज, स्वस्थ जीवनशैली का दिया संदेश

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के भव्य और सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा के दौरान डीएम अविनाश सिंह ने विभिन्न विभागों द्वारा की जा रही तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया गया और कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि योग दिवस से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूरी की जाएं, ताकि प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम स्थल की तैयारियों, साफ-सफाई, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, चिकित्सा सहायता और अन्य आवश्यक सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया कि अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, जिससे योग के प्रति जनजागरूकता बढ़े और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश समाज के हर वर्ग तक पहुंचे। स्कूलों, कॉलेजों, स्वयंसेवी संगठनों और विभिन्न विभागों के सहयोग से व्यापक जनसहभागिता का लक्ष्य निर्धारित किया गया।

आयुष विभाग के अधिकारियों ने योग दिवस की रूपरेखा और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। इस दौरान आयुष विभाग की अधिकारी एवं योग प्रशिक्षक श्रीमती नित्या शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में योग को स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवन का आधार बताते हुए आयोजन को यादगार बनाने का संकल्प लिया गया।

# सीएम की आहट से सरगर्म हुआ बरेली, 297 बसों से पहुंचेगी भीड़, तैयारियों को अंतिम रूप

### बड़ी संख्या में विभिन्न लाभार्थियों को किया जाएगा सम्मानित

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित दौरे की आहट ने प्रशासनिक गलियारों से लेकर राजनीतिक हलकों तक हलचल तेज कर दी है। हालांकि कार्यक्रम की आधिकारिक घोषणा अभी शेष है, लेकिन गुरुवार या शुक्रवार को मुख्यमंत्री के आगमन की संभावना को देखते हुए तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं। अन्य विधानसभा क्षेत्र या बरेली कॉलेज में प्रस्तावित जनसभा में विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग ने भी कमर कस ली है। सूत्रों के अनुसार, जिले के नौ विभागों और विधानसभा क्षेत्रों से लोगों को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाने के लिए 297 बसों की व्यवस्था की जा रही है। प्रशासनिक अमला




कार्यक्रम को सुव्यवस्थित और सफल बनाने में जुटा है। मंडलायुक्त भूपेंद्र एस. चौधरी, डीएम अविनाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक तथा लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता भगत सिंह समेत कई अधिकारी तैयारियों की लगातार समीक्षा कर रहे हैं। शहर में यह चर्चा भी तेज है कि मुख्यमंत्री का यह दौरा विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी संदेशों के साथ बरेली को नई सौगातों की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हो सकता है।

# एसडीएम के खिलाफ अधिवक्ताओं ने पांचवें दिन भी किया प्रदर्शन, न्यायालयों का बहिष्कार भी जारी

-स्वतंत्र भारत-



**नवाबगंज।** एस डी एम की कार्यशैली से नाराज़ अधिवक्ताओं ने तहसील के सभी न्यायालयों का बहिष्कार कर रखा है जो आज पांचवे दिन भी जारी रहा। इस दौरान अधिवक्ताओं ने रोज़ की तरह आज भी एसडीएम कार्यालय जाकर उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

गुजरी 5 जून से तहसील के अधिवक्ता एसडीएम उदित पवार की कार्यशैली से नाराज़ होकर तहसील की सभी न्यायालयों का बहिष्कार कर रहे हैं। एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार की अध्यक्षता में हुई संगठन की जनरल हाउस की बैठक में एसडीएम उदित पवार पर कई आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ आंदोलन करने का निर्णय लिया गया था।शुक्रवार से ही अधिवक्ता तहसील की सभी न्यायालयों का बहिष्कार कर रोज एसडीएम उदित पवार के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन कर रहे हैं। आज पांचवे दिन भी संगठन के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह गंगवार की अनुपस्थिति में वार के संरक्षक सुधाकर लाल रस्तोगी, पूर्व अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी, सचिव पुष्पाल सिंह गंगवार के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने जुलूस निकाला और एसडीएम के कार्यालय पहुंचकर उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस प्रदर्शन में कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र पटेल, पूर्व सचिव दुष्यन्त गंगवार, संजीव गंगवार, मोहन स्वरूप गंगवार, श्रीपाल गंगवार, जमील अहमद अंसारी, सुरेंद्र गंगवार, उपेन्द्र गंगवार, रामबहादुर मौर्य, नरेश गंगवार, अजय गंगवार, प्रेमपाल गंगवार, ओमेंद्रदेव आर्य, अरविन्द गंगवार, सलमान हैदर, रामपाल गंगवार, विपिन पाण्डे, सईद अब्बास अंसारी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल रहे। दूसरी ओर तहसील के न्यायालयों का बहिष्कार किए जाने से आज भी वादकारों को तारीखें लेकर ही लौटना पड़ा। न्यायालयों में सन्नाटा पसरा रहा।

# आई क्रस्ट मोबाइल स्टोर संचालक के घर ईडी की दबिश, वित्तीय दस्तावेजों की गहन पड़ताल

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** शहर के प्रमुख मोबाइल कारोबारियों में शामिल आई क्रस्ट मोबाइल स्टोर के संचालक आशुतोष अग्रवाल के आवास पर मंगलवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने छापेमारी की कार्रवाई की। टीम के पहुंचते ही इलाके में हलचल बढ़ गई और आसपास के लोगों में चर्चा का माहौल बन गया।

सूत्रों के मुताबिक, जांच एजेंसी को संदिग्ध वित्तीय लेन-देन और धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) से जुड़े कुछ इनपुट मिले थे। इन्हीं जानकारियों के आधार पर ईडी अधिकारियों ने आवास पर पहुंचकर तलाशी अभियान शुरू किया। कार्रवाई के दौरान टीम ने वित्तीय अभिलेख, बैंकिंग दस्तावेज, डिजिटल रिकॉर्ड और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जांच की। कुछ महत्वपूर्ण कागजात और



डेटा को परीक्षण के लिए अपने कब्जे में लिए जाने की भी चर्चा है। बताया जा रहा है कि तलाशी के दौरान घर के विभिन्न हिस्सों की बारीकी से जांच की गई और अधिकारियों ने संभावित वित्तीय साक्ष्यों की तलाश में कई दस्तावेजों का मिलान किया। कार्रवाई के समय सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी रखी गई और अनधिकृत लोगों के प्रवेश पर रोक लगाई गई। हालांकि, प्रवर्तन निदेशालय की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है। जांच एजेंसी की कार्रवाई जारी है और पूरे मामले की स्थिति जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

# कैनविज धोखाधड़ी के पीड़ितों का अल्टीमेटम, 15 जून से धरना-अनशन की चेतावनी, सौंपा ज्ञापन

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** कैनविज कंपनी में निवेश कर कथित तौर पर ठगी का शिकार हुए लोगों ने मंगलवार को सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा को ज्ञापन सौंपकर मामले में त्वरित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि कंपनी ने सुनियोजित ढंग से लोगों की गाढ़ी कमाई हड़प ली, लेकिन अब तक न तो सभी आरोपियों की गिरफ्तारी हुई और न ही उनकी धनराशि वापस मिली है। ज्ञापन में प्रशासन से अब तक की जांच और कार्रवाई की स्थिति सार्वजनिक करने, सभी पीड़ितों की एफआईआर तत्काल दर्ज कराने तथा मुख्य आरोपियों और सहयोगियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने की मांग की गई है। साथ ही, निवेशकों की जमा पूंजी ब्याज सहित वापस दिलाने की भी अपील की गई है।

पीड़ितों का कहना है कि आर्थिक नुकसान के कारण कई परिवार गंभीर मानसिक और सामाजिक संकट से गुजर रहे हैं। उनका आरोप है कि कई बार शिकायत देने के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय में न्यायोचित कदम नहीं उठाए गए तो 15 जून 2026 से जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन और अनशन शुरू किया जाएगा।इस दौरान केपी सिंह,प्रमोद कुमार,अनुज भाई ,सूरजपाल सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# आईजीआरएस में बरेली का परचम बुलंद, परिक्षेत्र अव्वल, 61 थानों ने भी मारी बाज़ी

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** 'वो खुद ही जान लेते बुलंदी आसमानों की परिंदों को दी नहीं जाती तालीम उड़ानों की' ..इन पंक्तियों को डीआईजी रेंज अजय कुमार सहनी ने सार्थक कर दिखाया है। जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण में बरेली परिक्षेत्र ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। शासन की जनसुनवाई समाधान प्रणाली (आईजीआरएस) की मई-2026 की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में बरेली परिक्षेत्र ने उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार साहनी के निर्देशन में परिक्षेत्र के जनपद बरेली, बदायूं और शाहजहांपुर ने संयुक्त रूप से प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया, जबकि पीलीभीत को 28वीं रैंक मिली है। इसके अलावा परिक्षेत्र के कुल 61 थानों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संयुक्त रूप से



प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बरेली के 25, बदायूं के 12, पीलीभीत के छह और शाहजहांपुर के 18 थानों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। शिकायतों के प्रभावी निस्तारण में योगदान देने वाले परिक्षेत्र कार्यालय के आईजीआरएस कर्मी उपनिरीक्षक शालू, कंप्यूटर ऑपरेटर अमरेन्द्र कुमार और आरक्षी सलिल सक्सेना को नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। डीआईजी ने स्पष्ट किया कि जिन जनपदों और थानों का प्रदर्शन अपेक्षानुसार नहीं रहा है, उनके कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

# फरीदपुर के मुख्य बाजार में सड़क के दोनों तरफ फैले अतिक्रमण के कारण आए दिन लगने वाले जान से जनता परेशान

-स्वतंत्र भारत-



**फरीदपुर।** नगर की मुख्य बाजार में सड़क के दोनों ओर अतिक्रमणकारियों ने इस तरह कब्जा जमा लिया है कि आम लोगों का निकलना तक मुश्किल हो गया है। दुकानों के बाहर रखा सामान, सड़क तक फैले टीन-शेड, ठेले और अवैध कब्जों के कारण बाजार में हर समय जाम जैसे हालात बने रहते हैं। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को उठानी पड़ रही है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पालिका की लापरवाही के चलते अतिक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है। अतिक्रमण और जाम की भीड़ के वजह से कई माह पहले एक महिला की रोडवेज से कुचलकर मौत हो गई थी जिसके बावजूद नगर पालिका प्रशासन की ओर से कोई स्थायी कार्रवाई नहीं की गई। बाजार में सड़क सिकुड़ने से छोटे वाहन ही नहीं, एंबुलेंस और जरूरी सेवाओं के वाहनों को भी निकलने में दिक्कत होती है।

वही राहगीरों का कहना है कि कुछ लोगों ने पूरी सड़क को अपनी निजी संपत्ति समझ रखा है। दिनभर लगने वाले जाम से व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। लोगों ने का कहना कि जल्द ही अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाऐ जिससे अतिक्रमण से मुक्ति मिल सके तथा नगर पालिका से मुख्य बाजार का स्थलीय निरीक्षण कराकर तत्काल अतिक्रमण हटाया जाए और दोबारा कब्जा करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। वहीं नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं कि आखिर नगर पालिका प्रशासन की आंखों के सामने सड़क पर कब्जे कैसे बढ़ते जा रहे हैं।

नगर के अधिशासी अधिकारी पुनीत कुमार ने बताया कि नगर में बढ़ते अतिक्रमण को गंभीरता से लिया गया है। जल्द ही विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्य बाजार और सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों को चिन्हित किया जा रहा है। साथ ही व्यापारियों और दुकानदारों से स्वयं अतिक्रमण हटाने की अपील भी की गई है, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे और आम जनता को जाम की समस्या से राहत मिल सके।

# जनसमस्याओं की उपेक्षा पर सपा नेता संजीव कुमार सक्सेना ने कैंट विधायक की कार्यशैली पर उठाए तीखे सवाल



**बरेली।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य और कैंट विधानसभा के प्रबल दावेदार संजीव कुमार सक्सेना ने कैंट की जनता की समस्याओं से वर्तमान विधायक द्वारा उपेक्षा किए जाने पर होर्डिंग वार शुरू कर दिया। संजीव कुमार सक्सेना ने होर्डिंग के माध्यम से कैंट विधायक से जवाब मांगा है कि सरकारी मॉल आता है फिर भी जनता बेहाल क्यूं,उन्होंने समस्याओं से लड़ती हुई जनता की तरफ से पूछा कि समस्याओं का अम्बार है समाधान कही नहीं और विधायक अंजान बने हुए मस्त है जनता त्रस्त है। संजीव कुमार सक्सेना ने पूछा विधायक जी काम नहीं सिर्फ वादे है आपके क्या इरादे है,उन्होंने महगाई पर हमला करते हुए कहा कि जनता हारी हुई महसूस कर रही है विधायक जी अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहे है,संजीव कुमार सक्सेना ने आगे कहा कि सुभाष नगर पुलिया, और श्मशान का पुल आज तक नहीं बना उन्होंने कहा यह जन जागरण चलता रहेगा और हम पोल खोल आंदोलन चलाएंगे कैंट की जनता इस बार बदलाव चाहती है और अपने बीच रहने वाला विधायक चाहती है ना कि मस्ती में चूर जनता से दूर..हम जनता की आवाज़ बनकर संघर्ष करते रहेंगे।

# आईसीएआई बरेली शाखा द्वारा शरबत वितरण एवं जल सेवा



**बरेली।** आईसीएआई बरेली शाखा द्वारा चौकी चौराहा पर शर्बत वितरण और जल सेवा का शुभारंभ पूर्व अध्यक्ष सीए विजय अग्रवाल द्वारा किया गया। शाखा अध्यक्ष सीए नीरज अग्रवाल ने बताया कि यह सेवा तीस जून तक लगातार चलेगी जिसमें हर मंगलवार को शर्बत वितरण किया जायेगा. सभी सीए तन,मन,धन से सहयोग कर रहे हैं. इस अवसर पर सीए रतन गुप्ता, राजेश कुमार, सुमित अग्रवाल, विनीश अरोरा, निखिल गोयल, अमित टंडन अर्पित खंडेलवाल सहित अनेक सीए उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### शीशगढ़ में राहगीरों को शरबत बांटा, भीषण गर्मी से राहत देने के लिए किया गया वितरण



**शीशगढ़।** मंगलवार को भाजपा नेता प्रवेश कुमार देवल ने राहगीरों को ठंडा शरबत वितरित किया। यह पहल भीषण गर्मी से परेशान लोगों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी।

शरबत वितरण का कार्यक्रम होली चौराहा स्थित प्रवेश कुमार देवल की दुकान के पास मुख्य मार्ग पर एक स्टॉल लगाकर आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य अत्यधिक गर्मी से जूझ रहे लोगों को तत्काल शीतलता और सुकून पहुंचाना था। राहगीरों ने ठंडा शरबत पीकर गर्मी से कुछ हद तक राहत महसूस की। इस तरह की पहल से स्थानीय लोगों को भीषण तापमान से निपटने में मदद मिली। इस अवसर पर विनोद देवल, लालता प्रसाद राठौर, दिनेश देवल, राहुल देवल और छत्रसेन सागर सहित कई अन्य लोग भी मौजूद रहे।

### किशोरी को भगाकर ले जाने के आरोप में दो युवक गिरफ्तार, पॉक्सो एक्ट में जेल भेजे गए

**भुता।** लगभग एक सप्ताह पूर्व एक किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार सोनू निवासी अमरा करोड़ थाना बीसलपुर तथा सर्वेश निवासी मधुपुरी थाना बरखेड़ा, जनपद पीलीभीत को गिरफ्तार किया गया है।

बताया गया कि दोनों आरोपी नाबालिग लड़की को लेकर फरार हो गए थे। मामले की जांच एवं तलाश के दौरान पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध पोक्सो एक्ट सहित संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

### थाने के पास मिठाई की दुकान में धधकी आग, लाखों का नुकसान



**बरेली।** शहर के थाना सीबीगंज क्षेत्र स्थित आईटीआर मार्केट में मंगलवार सुबह एक मिठाई की दुकान में अचानक लगी आग से अफरा-तफरी मच गई। थाना परिसर से कुछ ही दूरी पर हुई इस घटना में दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। समय रहते दमकल टीम के पहुंचने से आसपास की दुकानों को बड़ी क्षति से बचा लिया गया।

जानकारी के अनुसार आईटीआर कॉलोनी गेट स्थित नारायण स्वीट्स एंड कंफेक्शनरी के संचालक गौरव अग्रवाल सोमवार रात दुकान बंद कर घर चले गए थे। मंगलवार सुबह करीब सवा छह बजे राहगीरों ने दुकान के अंदर से धुआं उठता देखा। कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप ले लिया, जिसके बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। दमकल कर्मियों ने शटर तोड़कर अंदर प्रवेश किया और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की लपटें पड़ोसी दुकानों तक पहुंचने से पहले ही नियंत्रित कर ली गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। दुकान मालिक के मुताबिक आग में मिठाई, कंफेक्शनरी का सामान, फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण समेत लाखों रुपये की संपत्ति नष्ट हो गई। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट को आग लगने की वजह माना जा रहा है। पुलिस और दमकल विभाग मामले की जांच कर रहे हैं।

### 17 जून को होगा रामलीला सोसाइटी अध्यक्ष का चुनाव

**नवाबगंज।** धार्मिक संस्था रामलीला सोसाइटी की कार्यकारिणी सदस्यों के निर्विरोध चुने जाने के बाद अव सबकी नजरें अध्यक्ष पर आकर टिक गई हैं। कार्यकारिणी सदस्य 17 जून को अपने अध्यक्ष का चुनाव करेंगे।

रामलीला सोसाइटी की 20 सदस्यीय कार्यकारिणी के निर्विरोध चुने जाने के बाद अव क्षेत्र और नगर के लोगों की नजरें सोसाइटी के अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष पर टिक गई हैं। कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने निर्विरोध चुने जाने पर सभी कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई दी है साथ ही उन्होंने 17 जून को होने वाले रामलीला सोसाइटी के अध्यक्ष, महामंत्री के साथ ही कोषाध्यक्ष को भी निर्विरोध चुने जाने का आवाहन किया है।

### युवती को पड़ोस का युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया, पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर

**नवाबगंज।** क्षेत्र के एक गांव की युवती ने उसके पड़ोस का युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया था, उससे दिल्ली में शादी करने के बाद उसे अपने घर लाकर बंधक बनाकर रखा गया। किसी तरह छूट कर आई युवती ने मंगलवार को कोतवाली पहुंचकर युवक और उसके घर वालों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में युवती ने कहा है कि उसके पड़ोस के युवक का उसके घर आना जाना हो गया था, जिसके चलते उसने उसे अपने प्रेमजाल में फंसा लिया और 15 अप्रैल को वह उसे बहला फुसलाकर भगा ले गया था। दिल्ली में एक किराए के कमरे में रखे जाने के बाद युवक ने उसके साथ आर्य समाज पद्धति से शादी कर ली थी। युवती के अनुसार 24 अप्रैल को युवक उसे अपने घर गांव वालपुर ले आया जहां उसे बंधक बनाकर रखा गया। आरोप है कि युवक और उसके परिजनों ने उसके साथ मारपीट भी की। किसी तरह उनके चंगुल से छूटकर यहां पहुंची युवती ने पुलिस को उनके खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# भीषण गर्मी में भाजपा नेताओं ने लगाया शरबत व ठंडे जल का प्याऊ, राहगीरों को मिली राहत

-स्वतंत्र भारत-



**भुता।** भीषण गर्मी और तेज धूप से परेशान राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से शनिवार को ग्राम भुता में शरबत एवं ठंडे जल का प्याऊ लगाया गया। इस सेवा कार्य में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में विधानसभा फरीदपुर के स्वर्गीय विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल के सुपुत्र ईशान ग्वाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयं अपने हाथों से शरबत तैयार कर राहगीरों को पिलाया तथा ठंडा पानी वितरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में प्यासे लोगों की सेवा करना सबसे बड़ा मानव धर्म है।

कार्यक्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के रेशम सिंह ढिल्लो, शानू गुप्ता, पूर्व प्रधान दीपक चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र देव सिंह, रमेश शर्मा सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने इस जनसेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में मानवता और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। तपती धूप में गुजर रहे राहगीरों ने शरबत और ठंडा पानी पाकर राहत महसूस की तथा आयोजनकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने भाजपा नेताओं द्वारा किए गए इस सेवा कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन गर्मी के मौसम में लोगों के लिए बेहद उपयोगी साबित होते हैं।

# फर्जी बैनामा, धोखाधड़ी, जान से मारने की धमकी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग

-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम नवादावन निवासी संतोष पुत्र स्व. मुन्ना लाल ने फरीदपुर पुलिस क्षेत्राधिकारी को शिकायती पत्र देकर जमीन के फर्जी बैनामे, धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत के अनुसार संतोष की कृषि भूमि ग्राम नवादावन में स्थित है। आर्थिक जरूरत के चलते उन्होंने गांव के ही दो लोगों से लगभग एक बीघा भूमि का सौदा 3 लाख 20 हजार रुपये में किया था। आरोप है कि क्रेताओं ने बैंक चेक के जरिए भुगतान का भरोसा देकर बैनामा अपने पक्ष में करा लिया, लेकिन बाद में खाते में धनराशि जमा नहीं हुई।

पीड़ित का आरोप है कि जब उन्होंने रुपये मांगे तो आरोपियों ने टालमटोल शुरू कर दी और बाद में फर्जी तरीके से इकरारनामा तैयार कराकर जमीन पर कब्जे की कोशिश की। संतोष का कहना है कि 3 फरवरी 2026 को उपनिबंधक कार्यालय फरीदपुर में एक इकरारनामा पंजीकृत कराया गया, जिसमें उनके साथ धोखाधड़ी की गई। शिकायती पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि 16 मई 2026 को क्रेताओं और उनके साथियों ने संतोष के पुत्र को जबरन गाड़ी में बैठाकर दबाव बनाया और जान से मारने की धमकी देते हुए फर्जी बैनामे पर हस्ताक्षर करा लिए। पीड़ति का कहना है कि आरोपियों ने बैंक चेक दिखाकर धोखे से जमीन अपने नाम करा ली, जबकि उन्हें कोई भुगतान प्राप्त नहीं हुआ। क्रेता द्वारा फर्जी तरीके से एक ही नंबर के चेक को दो बार अलग-अलग देना दर्शाया गया था विक्रेता ने क्रेताओं द्वारा धोखाधड़ी किए जाने का सीओ फरीदपुर को प्रार्थना पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# जेठ मास के बड़े मंगल पर सिद्धबली दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पर हुआ सुंदरकांड का पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन

-स्वतंत्र भारत-



**फतेहगंज पूर्वी।** नगर के नेशनल हाईवे पर नगर पंचायत कार्यालय के बराबर में प्रसिद्ध सिद्धबली दक्षिण मुखी हनुमान जी के मंदिर पर आज नगर के एक श्रद्धालु द्वारा जेठ मास के छठे बड़े मंगल पर सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया सुंदरकांड के बाद मे प्रभु श्री राम के सेवक एवं कलयुग के आराध्य देव भगवान श्री हनुमान को पीली बूंदी एवं पूडी और सब्जी का भोग अर्पित किया गया इसके बाद विशाल भंडारे में दूर-दूर से आए हुए लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया सुबह से लेकर शाम तक सैकड़ो की तादात में श्रद्धालुओं ने पूरी सब्जी का भंडारा का प्रसाद पाया वहीं छटे बड़े मंगल पर सिद्धबली दक्षिण मुखी हनुमान जी के मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी नगर के बुद्धिमान ब्राह्मण पंडित उमेश चंद्र शर्मा शास्त्री जी द्वारा श्री सुंदरकांड का पाठ पूर्ण किया गया इस अवसर पर आयोजन करता अरविंद गुप्ता,अनीता गुप्ता, विनीत गुप्ता, आशीर्वाद गुप्ता, आशुतोष गुप्ता ,राजाराम गुप्ता, लाल गुप्ता , राजन उपाध्याय ,अमित गुप्ता, समेत हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे इस मंदिर की प्रसिद्धी बहुत दूर तक विख्यात हो चुकी है। मंदिर पर आने वाले समस्त भक्ति बहुत ही उत्साह और प्रेम से अपनी मनोकामना भगवान हनुमान को बताते हैं और दक्षिण मुखी सिद्धबली हनुमान जी अति शीघ्र उनकी मनोकामनाओं को पूरा करते हैं उन्होंने बताया कि इस मंदिर की विशेषता है कि जब से दक्षिण मुखी हनुमान जी महाराज यहां स्थापित हुए हैं तब से इस जगह पर एक्सीडेंट होना बंद हो गए हैं पहले आए दिन इस ओवरब्रिज के कट पर एक्सीडेंट होते रहते थे





# आरोपी के समर्थन में उतरे भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व जिलाध्यक्ष

## एसडीएम पर हमले के बाद शाहाबाद में गरमाई सियासत

चैतन्य गुप्ता

**शाहाबाद।** एसडीएम शाहाबाद के साथ हुई मारपीट के मामले में भाजपा कार्यकर्ता के साथ खड़े हुए ब्क्षुक्कजिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, उन्होंनें कहा लालाराम के साथ अन्याय नहीं होगा, हम सब उनके साथ हैं, सोशल मीडिया पर पार्टी के जिला महामंत्री सत्येंद्र राजपूत की पोस्ट पर ब्क्षुक्क जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने दी प्रतिक्रिया...

शाहाबाद ।। क्षेत्र में विकास कार्यों और आरआरसी सेंटर की जांच करने पहुंचे एसडीएम के साथ कथित अभद्रता, चुनौतीपूर्ण व्यवहार और बाद में हुए हमले की घटना ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब इस मामले में वर्तमान व पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष के कूदने से सियासत पूरी तरह गर्मा गई है।

### जांच के दौरान बवाल और एसडीएम पर पथराव

शाहाबाद क्षेत्र में जब प्रशासनिक टीम आरआरसी सेंटर की व्यवस्थाओं और भुगतान संबंधी जानकारी मांगने पहुंची, तो वहां का माहौल अचानक तनावपूर्ण हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अधिकारियों के सवालों से नाराज कुछ लोगों ने पहले तीखी नोकझोंक की और फिर अपने समर्थकों को मौके पर बुला लिया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि प्रशासनिक टीम को भारी विरोध और हंगामे का सामना करना पड़ा। इसके बाद हालात पूरी तरह बेकाबू हो गए और कथित तौर पर पथराव शुरू हो गया, जिसमें एसडीएम घायल हो गए। प्रशासनिक अधिकारी पर हमले की खबर फैलते ही पूरे जिले के पुलिस-प्रशासन में हड़कंप मच गया।

## एसडीएम पर हमले को लेकर अखिलेश यादव का भाजपा सरकार पर निशाना

**लखनऊः हरदोई।।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हरदोई के शाहाबाद क्षेत्र के परियल गांव में एसडीएम सुशील मिश्रा पर हुए हमले की घटना को लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा राज में उत्तर प्रदेश में हर तरफ टकराहट का माहौल है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की 'भ्रष्ट, पक्षपाती और नफरती राजनीति' ने समाज को हिंसक बना दिया है, जिसके चलते अब प्रशासनिक अधिकारी भी निशाने पर आ रहे हैं। सपा प्रमुख ने अपने पोस्ट में कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक होती जा रही है और शासन-प्रशासन के प्रति सम्मान का माहौल कमजोर हुआ है। उन्होंने इस घटना को सरकार की नीतियों का परिणाम बताते हुए भाजपा पर तीखा हमला बोला। गौरतलब है कि हरदोई के परियल गांव में निरीक्षण के दौरान एसडीएम शाहाबाद सुशील कुमार मिश्रा पर पथराव हुआ था, जिसमें वह घायल हो गए थे। घटना के बाद प्रशासन ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। इस बीच अखिलेश यादव के बयान के बाद घटना को लेकर राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई है।

### आरोपी के पक्ष में आए सौरभ मिश्रा 'नीरज'ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा

मै लालाराम राजपूत के साथ हूँ, क़ानून पब्लिक अपने हाँथ मे ले या प्रशासन के अहंकारी लोग, दोषी दोनों हैं। घटना की तह मे जाये बिना एकतरफा कार्यवाही कतई स्वीकार नहीं है।' भाजपा नेता के इस बयान से साफ है कि वह इस घटना के लिए केवल जनता या आरोपी पक्ष को नहीं, बल्कि प्रशासनिक अधिकारियों के कथित 'अहंकारी' रवैये को भी जिम्मेदार मान रहे हैं। उन्होंने साफ चेतावनी दी है कि बिना पूरी जांच के प्रशासन की तरफ से की जाने वाली कोई भी एकतरफा कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### प्रशासनिक साख और राजनीतिक रसूख के बीच टकराव

स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षों से मजबूत राजनीतिक पकड़ रखने वाले प्रभावशाली लोगों और अब सत्ताधारी दल के निवर्तमान जिला अध्यक्ष का नाम इस विवाद से जुड़ने के कारण मामला बेहद संवेदनशील हो गया है। वहीं दूसरी ओर, विपक्षी दलों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने इस घटना की निंदा करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। प्रशासनिक अधिकारियों का साफ मानना है कि सरकारी जांच में बाधा डालना, ऑन-ड्यूटी अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार करना और उन पर हमला करना कानून व्यवस्था के लिए एक गंभीर चुनौती है।

## धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज

**माधोगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम पड़रा लखनपुर निवासी अनुज सिंह की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुज सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 6 जून की सुबह वह अपनी पत्नी के साथ दवा लेने जा रहे थे। इसी दौरान उनकी पुत्री के साथ अभद्रता को लेकर चल रहे विवाद के संबंध में गांव के विनोद, गोलू उर्फ अमित सिंह, रिंकू तथा मोहित ने उन्हें गालियां दीं तथा मारपीट की। आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# श्री हत्या हरण तीर्थ स्थान पर सामूहिक सुंदरकांड पाठ एवं भव्य भंडारे के साथ गूंजा श्री हनुमान जी महाराज का जयघोष

स्वतंत्र भारत



**कोथावां-हरदोई।** नैमिषारण्य क्षेत्र के हरदोई जिले के प्रसिद्ध तीर्थ पाप मोक्ष धाम श्री हत्या हरण तीर्थ पर ज्येष्ठ मास के पावन अवसर पर प्रातःकालीन बेला में अयोध्या से पधारे संत अवधेश दास महाराज के सान्निध्य में श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया गया। सुंदरकांड के माध्यम से संकटमोचन भगवान श्री हनुमान जी की महिमा का गुणगान किया गया। पाठ के दौरान पूरा तीर्थ परिसर राम-हनुमान के जयकारों और भक्ति रस से सराबोर रहा। महाराज जी ने भगवान राम श्री हनुमान जी महाराज जी की महिमा का गुणगान किया हनुमान जी की महिमा सुन भाव विभोर हुए भक्त महाराज जी के द्वारा यह अनुष्ठान विश्व में शांति की कामना एवं समस्त मानव जाति के कल्याण हेतु किया।

सुंदरकांड पाठ के उपरांत आशापुर के प्रधान सुरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा श्रद्धालुओं के लिए भव्य भंडारे की व्यवस्था की गई, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। श्रद्धालुओं ने श्री हनुमान जी के जयघोष के साथ धार्मिक आयोजन को सफल बनाया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें प्रदीप शुक्ला, सी.पी. सिंह, हरेंद्र सिंह (पुरवा बाजीराव), संदीप पांडे, राहुल पांडे, सूर्य सिंह, भोला, सोमिल सिंह, आशुतोष पांडे, आशीष अवस्थी, कपिल सिंह, सौरभ अवस्थी, मनोज सिंह, नन्हू सिंह, दूधनाथ तिवारी, जितेंद्र सिंह हरैया मुन्ना द्विवेदी पंडित उमाकांत प्रशांत सिंह नगवा मोहित सिह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तगण मौजूद रहे।

आयोजकों ने बताया कि श्री हत्याहरण तीर्थ पर संचालित 14 वर्षीय अनवरत श्री सीताराम नाम संकीर्तन का उद्देश्य समाज में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करना है,एवं समस्त मानव जाति के कल्याण हेतु किया जा रहा है जिसमें क्षेत्रवासियों का निरंतर सहयोग एवं सहभागिता बनी रही है। और यह संकीर्तन 2037 चैत्र पूर्णिमा तक निरंतर चलता रहेगा यहां पर मौजूद भक्तों ने बताया कि इस हत्या हरण तीर्थ स्थान पर श्री हनुमान जी साक्षात विराजमान है श्री हनुमान जी महाराज के दर्शन करने भक्तों का तांता लगा रहता है देश के कोने-कोने से लोग श्री हनुमान जी महाराज के दर्शन करने आते हैं और कुशलता की कामना करते हैं।

# तीन झोपड़ियों में लगी आग, एक भैंस झुलसी, लाखों का नुकसान

स्वतंत्र भारत



**पाली, हरदोई।** पाली थाना क्षेत्र के महाम्दापुर गांव में मंगलवार दोपहर अज्ञात कारणों से लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। तेज हवा के कारण आग ने आसपास की झोपड़ियों और भूसे के कूपों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे तीन परिवारों का आशियाना जलकर राख हो गया। आग की चपेट में आने से एक भैंस भी झुलस गई। ग्रामीणों के अनुसार अग्निकांड में करीब तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर गांव निवासी अवधेश रैदास की झोपड़ी में अचानक आग लग गई। तेज हवा के चलते आग तेजी से फैलती हुई सालिगराम कुशवाहा और कैलाश राम कुशवाहा की झोपड़ियों तक पहुंच गई। कुछ ही देर में तीनों झोपड़ियां धू-धू कर जलने लगीं। आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार देखकर गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तत्काल निजी संसाधनों के सहारे आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक झोपड़ियों में रखा अनाज, भूसा, घरेलू सामान और अन्य सामग्री पूरी तरह जल चुकी थी। आग की चपेट में पड़ोस में लगे भूसे के करीब आधा दर्जन कूप भी आ गए, जिनमें भरा भूसा जलकर नष्ट हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को भी दी गई थी, लेकिन दमकल वाहन मौके पर नहीं पहुंच सका। वहीं घटना की सूचना तहसील प्रशासन को भी दे दी गई है। ग्रामीणों ने पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की है। वहीं थानाध्यक्ष सोमपाल गंगवार ने बताया कि आग की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर भेजी गई थी।

# कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ, सात दिन चलेगा अनुष्ठान

**भरखनी पचदेवरा।** हरदोई जिले के पचदेवरा थाना क्षेत्र के ग्राम लखनौर में सोमवार 8 जून 2026 से श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ' का श्रद्धा और उल्लास के साथ शुभारंभ हो गया। कलश यात्रा के साथ शुरू हुए इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल है।



कथा के प्रथम दिन कथा व्यास पंडित राहुल कृष्ण दीक्षित जी महाराज ने व्यासपीठ से श्रीमद्भागवत महापुराण के माहात्म्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भागवत कथा का श्रवण मानव जीवन को सार्थक बनाता है और सांसारिक कष्टों से मुक्ति दिलाता है। कथा के दौरान भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। कथा यजमान सर्वेश मिश्रा ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कथा का रसपान प्रतिदिन दो सत्रों में कराया जा रहा है। पहला सत्र दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक और दूसरा सत्र रात्रि 8:00 बजे से 11:00 बजे तक चलेगा। यह आयोजन 14 जून 2026, रविवार तक चलेगा। इसमें प्रतिदिन भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का संगीतमय वर्णन किया जाएगा। 14 जून को ज्ञान यज्ञ का विश्राम होगा और 15 जून, सोमवार को महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ विशाल भंडारे में महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। लखनौर व आसपास के गांवों से भारी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं। मिश्रा परिवार ने सभी धर्मप्रेमियों से समय पर पहुंचकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

# जेठ माह के छठवे मंगल पर नगर एवं क्षेत्र के बालाजी भक्तों ने प्रसाद का वितरण किया



**माधोगंज।** जेठ माह के मंगलवार को नगर व ग्रामीण क्षेत्रो में पूड़ी सब्जी, छोला चावल, शरवत, बूदी, तरबूज, कबाब पराठा, चावल बिरयानी का प्रसाद वितरण किया गया। फूलमती स्कूल के प्रधानाचार्य सतीश मिश्रा ने शर्वत का प्रसाद का वितरण किया। तिकोनिया पार्क स्थित हरदेव राजा मंदिर पर रोहित गुप्ता, मनोज, प्रमोद सिंह,प्रवीण कश्यप रामपाल, बब्बू,काले, आशीष त्रिवेदी ने राहगीरों और श्रद्धालुओं को पूड़ी सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद वितरण के पूर्व मंदिर पर विधि विधान से पूजन कर प्रसाद वितरण शुरू हुआ. चौराहे पर चंदू ने तरबूज, चंदन मिश्रा ने चावल बिरियानी व कबाब पराठा, प्रदुमन त्रिपाठी व ब्रजेश त्रिपाठी ने शरबत वितरित किया. सभी ने श्रद्धा पूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। इसी तरह नगर में संतोषी माता मंदिर, सर्वेश्वरानन्द आश्रम पर, बड़ा मंदिर,कवीरा बाबा मुड़िया खेड़ा, दौलतयारपुर तिराहा, सदर बाजार,चौराहा आदि अन्य स्थानों पर भक्तो ने प्रसाद वितरण किया. धार्मिक कार्य से समाज में भाईचारे और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग एवं भक्त लोग मौजूद रहे।

## युवक कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार

**माधोगंज।** पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए एक युवक को लगभग 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 7 जून को कुरसठ चौकी प्रभारी शिवशंकर मिश्रा पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त व जांच कर रहे थे। इसी दौरान एक व्यक्ति ग्राम गोतरा की ओर से लखाही तिराहे की तरफ अवैध कच्ची शराब लेकर आ रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने लखाही तिराहे के पास घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम ज्ञानचंद्र पुत्र मुल्ला, निवासी ग्राम नेवादा गब्भी बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक सफेद प्लास्टिक की पिपिया बरामद हुई। जिसमें लगभग 20 लीटर अवैध कच्ची शराब भरी हुई थी। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**माधोगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम तपनौर निवासी श्रवण कुमार की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दी तहरीर में कहा कि 27 मई की रात करीब 9 बजे श्रवण कुमार अपने घर पर भोजन करने के बाद बैठे थे। टार्च लगाने के विवाद को लेकर विवाद हुआ.इसी दौरान गांव के भोला, रामचन्द्र तथा करिश्मा उनके दरवाजे पर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

# व्यापारी सवांद का हुआ आयोजन



**माधोगंज।** नगर के एक होटल मे जीएसटी विभाग द्वारा आयोजित व्यापारी संवाद कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें विभाग के डिप्टी कमिश्नर संतोष गौतम असिस्टेंट कमिश्नर श्रीमति अंजू सिंह एवं राज्य कर अधिकारी निखिल सहित व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं सम्मानित व्यापारी बंधुओं ने प्रतिभाग किया।कमिश्नर सन्तोष गौतम ने कहा कि इस तरह के आयोजन में व्यापारियों को अपनी बात रखने का अच्छा अवसर मिलता है। कार्यक्रम के माध्यम से व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष सुयश गुप्ता ने कहाकि छोटे बड़े व्यापारियों की बात को विभाग के सामने रखा और विभाग ने उन बातों को सुना एवं उसका समाधान करने का पूरा प्रयास किया।इसी तरह व्यापार मंडल आगे भी आपकी बात को हर विभाग तक पहुंचाएगा एवं व्यापारियों को होने वाली हर समस्या को प्रमुख रूप से हर पटल पर उठाएगा।इस अवसर पर क्षितिज गुप्ता, कमल सोनी शिवा गुप्ता,विजय गुप्ता आदि तमाम पदादिकारी मौजूद रहे।

# सीएम से भाजपा जिलाध्यक्ष की शिष्टाचार भेंट



**लखीमपुर-खीरी।** भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने मंगलवार को योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान संगठनात्मक विषयों, जनपद के विकास तथा जनकल्याण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। भेंट के दौरान जिलाध्यक्ष ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और विकास के 12 वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। अरविंद गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने सुशासन, आत्मनिर्भरता, आधारभूत संरचना, राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास, सुरक्षा और सुशासन का आदर्श मॉडल बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का स्नेह, मार्गदर्शन और आशीर्वाद कार्यकर्ताओं को राष्ट्रहित और जनसेवा के लिए निरंतर प्रेरित करता रहेगा।

# इंडिया गठबंधन की बैठक में अखिलेश यादव ने किससे कहा कि कांग्रेस के कुछ लोग खिलाफ लिख रहे है?

**स्वतंत्र भारत ग़ाज़ीपुर।** गठबंधन की सोमवार को हुई बैठक में कांग्रेस को गठबंधन के सहयोगी दलों से आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है।बैठक के दौरान अखिलेश यादव ने मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी से साफ तौर पर कहा कि कांग्रेस को बड़ा दिल दिखाना चाहिए और सभी को साथ लेकर चलने वाला रवैया अपनाना चाहिए। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो गया जिसमें अखिलेश यादव कह रहे है कि - अरे भूपी कैसे हो यहाँ कैसे? भूपी ने कहा - गठबंधन की मीटिंग में आया था। अखिलेश यादव - सुनो कांग्रेस के कुछ लोग खिलाफ लिख रहे हैं.. बताना मुझको.. इसके बाद हाल में ठहाका गूंज उठा। सोशल मीडिया और मीडिया में इस बात की चर्चा शुरू हो गई कि कौन है भूपी? हम बताते हैं कि भूपी कौन है? भूपी का पूरा नाम भूपेंद्र नारायण सिंह हैं जो वरिष्ठ पत्रकार है इस वक्त कांग्रेस के एक महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी उनके पास है। इंडियन नेशनल कांग्रेस टीवी के वो संपादक है जिसका हेडक्वार्टर कांग्रेस कार्यालय में हैं। भूपी यानी भूपेंद्र नारायण सिंह गाजीपुर के करंडा ब्लॉक के जमुआंव गाँव के रहने वाले हैं और अखिलेश यादव के सबसे पुराने दोस्तों में से एक है।उनका सम्बन्ध मुलायम सिंह यादव परिवार से बहुत पुराना और गहरा है।जब वो मुख्यमंत्री थे तो वो बिना किसी को बताए उनकी माता जी से मिलने गाजीपुर भी आए थे। अपने संबंधों को भूपेंद्र नारायण सिंह कभी भी उन्होंने उजागर नहीं करते।लेकिन जिस तरह से अखिलेश यादव ने भूपेंद्र नारायण सिंह को कहा कि कांग्रेस के कुछ लोग खिलाफ लिख रहे हैं इससे इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि चुपचाप रहने वाले भूपेंद्र नारायण सिंह की राजनीति और पत्रकारिता में एक बहुत बड़ी इज़्ज़त है।

## अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी हुआ गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत जमानिया।** जमानियां (गाजीपुर)। स्थानीय कोतवाली पुलिस ने मंगलवार की सुबह 8=30 बजे अपहरण व नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कोतवाली के उपनिरीक्षक बृजेश्वर यादव ने बताया कि मंगलवार की सुबह क्षेत्र में भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक वांछित आरोपी पवन चौधरी पुत्र लक्ष्मण चौधरी निवासी ग्राम माहेपुर, करंडा गाजीपुर को गंगा पुल तिराहा से गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपी पर बीते 17 मई 26 को कोचिंग पढ़ने गयी नाबालिग छात्रा को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने का आरोप है, जिसके विरुद्ध स्थानीय थाना पर सबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज था। कोतवाल राम सजन नागर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# युवा साहित्यकार मुक्तेश्वर पराशर को मिला कुमार विश्वास युवा गीतकार सम्मान

**स्वतंत्रभारत मऊ।** जनपद मऊ के रतनपुरा ब्लॉक क्षेत्र स्थित बिशनपुरा गांव के युवा साहित्यकार एवं गीतकार मुक्तेश्वर पराशर को उत्तराखंड में आयोजित एक भव्य साहित्यिक समारोह में वर्ष 2026 का प्रतिष्ठित ÷डॉ. कुमार विश्वास युवा गीतकार सम्मान÷ प्रदान किया गया। इस सम्मान के साथ उन्हें एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि भी भेंट की गई। देश के अनेक ख्यातिप्राप्त साहित्यकारों, कवियों एवं बुद्धिजीवियों की गरिमामयी उपस्थिति में यह सम्मान प्रदान किया गया।जानकारी के अनुसार, गत 6 जून को उत्तराखंड के नैनीताल स्थित जिम कॉर्बेट रिसॉर्ट में आयोजित समारोह में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुक्तेश्वर पराशर को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि साहित्य के क्षेत्र को मुक्तेश्वर पराशर जैसे प्रतिभाशाली और समर्पित युवाओं की आवश्यकता है, जो अपनी रचनात्मकता से समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं।समारोह में प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास ने मुक्तेश्वर पराशर की मुक्त कंठ



से सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, पद्मश्री सम्मानित साहित्यकार अशोक चक्रधर तथा प्रसिद्ध कवि डॉ. हरिओम पंवार ने भी उनकी साहित्यिक प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उन्हें नई पीढ़ी का सशक्त गीतकार बताया।सम्मान प्राप्त करने के बाद दूरभाष पर हुई बातचीत में मुक्तेश्वर पराशर ने कहा कि उनकी यह उपलब्धि जनपद मऊ की समृद्ध साहित्यिक परंपरा तथा वीर रस के अमर कवि पंडित श्याम नारायण पांडेय को समर्पित है। उन्होंने कहा कि साहित्य के माध्यम से समाज में सकारात्मक चेतना का प्रसार करना उनका उद्देश्य है।गौरतलब है कि मुक्तेश्वर पराशर वर्तमान में सनबीम अलीनगर में कार्यरत हैं। साहित्य और संगीत के प्रति विशेष रुचि रखने वाले मुक्तेश्वर ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी माता ज्ञांति पांडेय, पिता उदयभान पांडेय, सनबीम अलीनगर के प्रबंधक राकेश गर्ग तथा अपने सभी शुभचिंतकों और मार्गदर्शकों को दिया।मुक्तेश्वर पराशर को मिले इस राष्ट्रीय स्तर के सम्मान से न केवल उनके परिवार और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है, बल्कि पूरे जनपद मऊ का साहित्यिक जगत भी अपने आप मे गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

# पेड़ से लटका मिला किशोरी का शव

**स्वतंत्रभारत मऊ।** जनपद के रानीपुर क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक 15 वर्षीय किशोरी का शव पेड़ से लटका मिला। किशोरी की पहचान मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के ग्रामसभा संसार पटी निवासी प्रीति चौहान पुत्री खराऊ चौहान के रूप में हुई है। शव करजौली जंगल में एक आछी के पेड़ से लटका पाया गया।परिजनों ने बताया कि प्रीति चौहान अपने दो भाइयों और पांच बहनों में दूसरे नंबर की संतान थी। सोमवार शाम करीब 7 बजे वह अपनी छोटी बहन के साथ घर से लगभग 2 किलोमीटर दूर गई थी, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटी।मंगलवार सुबह करीब 7 बजे प्रीति की छोटी बहन प्रिया ने परिजनों को करजौली जंगल में पेड़ से शव लटका होने की सूचना दी। परिवार के सदस्य तत्काल मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी।सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाइ पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच विभिन्न पहलुओं से शुरू कर दी है। किशोरी की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।मऊ के पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया सभी संभावित बिंदुओं पर पड़ताल की जा रही है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14

लखनऊ, बुधवार, 10 जून 2026

# दो हफ्ते में ईरान पर 'पूरी जीत' का दावा

## ट्रंप बोले- परमाणु समझौते के लिए तैयार है तेहरान




**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिका अगले दो सप्ताह के भीतर ईरान के साथ चल रहे विवाद में पूरी जीत हासिल कर लेगा। उन्होंने कहा कि ईरान के साथ परमाणु समझौते को लेकर बातचीत सही दिशा में आगे बढ़ रही है और जल्द ही बड़ा परिणाम सामने आ सकता है। ट्रंप ने यह बयान एक वर्चुअल चुनावी कार्यक्रम के दौरान दिया। उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत जारी है और तेहरान अब समझौते के लिए तैयार दिख रहा है। ट्रंप के मुताबिक, ईरान परमाणु हथियार न बनाने की शर्त सहित अमेरिका की प्रमुख मांगों को स्वीकार करने के लिए तैयार है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने आगे कहा, हम अभी बातचीत कर रहे हैं और वे एक बहुत अच्छा समझौता करना चाहते हैं। वे हमें सब कुछ देने को तैयार हैं। वे परमाणु हथियार नहीं रखने के लिए भी तैयार हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया कि आने वाले दो हफ्तों में स्थिति पूरी तरह बदल सकती है। उन्होंने कहा कि जब अमेरिका अपनी पूर्ण जीत की घोषणा करेगा तो इसका असर वैश्विक तेल बाजार पर भी पड़ेगा और तेल की कीमतों में गिरावट देखने को मिल सकती है। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पुष्टि की कि इस्राइल ने ईरान के खिलाफ अपने हमले रोक दिए हैं। हालांकि उन्होंने औपचारिक युद्धविराम का समर्थन करने की घोषणा नहीं की। दूसरी ओर, ईरान ने भी इस्राइल के खिलाफ अपनी सैन्य कार्रवाई रोकने की बात कही है, लेकिन चेतावनी दी है कि यदि इस्राइल की ओर से फिर हमला हुआ तो वह तुरंत जवाबी कार्रवाई शुरू कर देगा। इस बीच, ईरान की ओर से भी संकेत मिले हैं कि वह अमेरिका के साथ शांति वार्ता जारी रखने के लिए तैयार है। एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने कहा कि अगर अमेरिका ईमानदारी से बातचीत करता है तो तेहरान को वार्ता आगे बढ़ाने में कोई समस्या नहीं है। हालांकि, समझौते की समय-सीमा को लेकर सवाल भी उठ रहे हैं। एक टीवी कार्यक्रम में जब ट्रंप से पूछा गया कि यदि ईरान इतनी मुश्किल स्थिति में है तो उसने अभी तक समझौते पर हस्ताक्षर क्यों नहीं किए, तो उन्होंने जवाब दिया कि ईरानी नेतृत्व मजबूत और गर्वीला है। उनके लिए कुछ शर्तें स्वीकार करना आसान नहीं है और इसलिए प्रक्रिया में समय लग रहा है। गौरतलब है कि ट्रंप पहले भी कई बार दो सप्ताह की समयसीमा का उल्लेख कर चुके हैं। इससे पहले अप्रैल में घोषित युद्धविराम के दौरान भी उन्होंने दो हफ्तों के भीतर स्थायी समझौता होने की उम्मीद जताई थी। अब एक बार फिर ट्रंप ने दावा किया है कि आने वाले दो सप्ताह ईरान-अमेरिका संबंधों और मध्य पूर्व की राजनीति के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं।

### उम्मीद के रास्तों के बीच बयान

ट्रंप यह बयान ऐसे समय आया है जब ईरान और इस्राइल के बीच हाल के दिनों में बढ़ा सैन्य तनाव कुछ कम होता दिखाई दे रहा है। दोनों देशों ने हाल ही में एक-दूसरे पर जवाबी हमले किए थे, जिससे क्षेत्र में बड़े युद्ध की आशंका पैदा हो गई थी। हालांकि अब दोनों पक्षों ने अपने सैन्य अभियान अस्थायी रूप से रोक दिए हैं।

# 'न जंग का मैदान छोड़ा, न कूटनीति की मेज'

## ईरानी राष्ट्रपति पेजेशकियन की अमेरिका-इस्राइल को दो टूक



**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने सोमवार को कहा कि उनका देश अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने और कूटनीतिक बातचीत जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान किसी भी धमकी के आगे नहीं झुकेगा। लेकिन बातचीत के रास्ते भी खुले रखेगा। राष्ट्रपति पेजेशकियन का यह बयान संघर्ष के 100वें दिन आया है। आठ अप्रैल से ईरान और इस्राइल के बीच लागू अस्थायी युद्धविराम सोमवार को टूट गया, जिससे पश्चिम एशिया एक बार फिर सीधे सैन्य टकराव के गंभीर दौर में पहुंच गया। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि ईरान की पहली प्राथमिकता देश की सुरक्षा और जनता की भलाई है। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता देश की सुरक्षा और जनता में शांति है। उन्होंने कहा कि वह पूरी ताकत के साथ राष्ट्र के अधिकारों की रक्षा करेंगे और किसी भी धमकी के कारण पीछे नहीं हटेंगे। पेजेशकियन ने कहा कि सैन्य तैयारी और कूटनीति दोनों राष्ट्र की ताकत के अहम आधार हैं। उन्होंने इस बात को खारिज किया कि ईरान ने इनमें से किसी एक रास्ते को चुना है। उन्होंने कहा, कूटनीति और रक्षा राष्ट्र की ताकत के दो पंख हैं। हमने न तो जंग का मोर्चा छोड़ा है और न ही बातचीत की मेज। पेजेशकियन ने कहा कि राष्ट्रीय एकता और समझदारी भरे फैसलों के जरिये ईरान मौजूदा चुनौतियों से भी पार पा लेगा। उन्होंने कहा, ईश्वर की कृपा से एकता और विवेक के बल पर ईरान इस परीक्षा से भी विजयी होकर निकलेगा।

# ईरानी बोट्स पर हमले के लिए तैनात अमेरिकी हेलिकॉप्टर क्रैश

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सेना का एक अपाचे हेलिकॉप्टर सोमवार को होर्मुज स्ट्रेट के पास क्रैश हो गया। अमेरिकी

- होर्मुज के पास हुआ हादसा
- ट्रम्प बोले- दोनों पायलट सुरक्षित

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने न्यूयॉर्क में पत्रकारों से बातचीत के दौरान घटना की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि हेलिकॉप्टर में सवार दोनों पायलट सुरक्षित हैं। फिलहाल यह साफ नहीं है कि हेलिकॉप्टर तकनीकी खराबी के कारण गिरा या किसी हमले का शिकार हुआ। अमेरिकी सैन्य अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस मामले पर कल रिपोर्ट जारी की जाएगी। अमेरिकी सेना होर्मुज स्ट्रेट में अपाचे हेलिकॉप्टर, एमओ-9 रीपर ड्रोन, एफ/ए-18 और स्न-35 लड़ाकू विमानों की मदद से सुरक्षा अभियान चला रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, अपाचे हेलिकॉप्टरों का इस्तेमाल छोटे हथियारबंद बोट्स और ड्रोन के हमले रोकने के लिए किया जाता है।

## एक नज़र

### 24 भारतीय नाविकों को सुरक्षित बचाया गया

**ओमान तट पर मिसाइल हमले के बाद टैंकर में लगी थी आग**

**मस्कट।** ओमान के तट के पास एक व्यापारी तेल टैंकर पर हुए मिसाइल हमले के बाद उस पर सवार 24 भारतीय नाविकों को सुरक्षित बचा लिया गया। यह सफल अभियान भारत और ओमान के बीच समुद्री बचाव सहयोग का एक बड़ा उदाहरण माना जा रहा है। सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और किसी के घायल होने या हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। जानकारी के अनुसार, सोमवार दोपहर करीब 2.20 बजे मुंबई स्थित समुद्री बचाव समन्वय केंद्र (एमआरसीसी मुंबई) को सूचना मिली कि पलाऊ के झंडे वाले तेल टैंकर एमटी मैरिवेक्स पर ओमान के मसिराह तट के पास मिसाइल हमला हुआ है। उस समय जहाज पर कुल 24 चालक दल के सदस्य मौजूद थे और सभी भारतीय नागरिक थे। यह सूचना जहाज पर मौजूद एक नाविक के परिजन द्वारा एमआरसीसी मुंबई को दी गई थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एमआरसीसी मुंबई ने तुरंत ओमान के समुद्री खोज एवं बचाव केंद्र (ओएमएससी) से संपर्क किया और जहाज तथा उसके चालक दल को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।

### शांति वार्ता के बीच बंदूकधारियों का हमला

**नाइजीरिया में 39 लोगों का अपहरण**

**नाइजर।** नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में शांति वार्ता के दौरान सशस्त्र हमलावरों ने 39 लोगों का अपहरण कर लिया। पुलिस प्रवक्ता याजीद अबूबकर के अनुसार, कुल 47 ग्रामीण एक कुख्यात अपहरण गिरोह के सरगना के माता-पिता से सुलह और शांति वार्ता के लिए मिले थे। इसी दौरान गिरोह का सरगना अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा और अधिकांश लोगों को अगवा कर ले गया। यह सामूहिक अपहरण रविवार को मगामिन डिड्डी समुदाय में हुआ, जो मरादुन क्षेत्र के अंतर्गत आता है। उत्तरी नाइजीरिया के कई इलाकों में लगातार हो रहे हमलों और कमजोर सुरक्षा व्यवस्था के कारण स्थानीय समुदाय अक्सर सशस्त्र गिरोहों के साथ सीधे बातचीत और समझौते का रास्ता अपनाते हैं। लोगों का मानना है कि सेना उन्हें पर्याप्त सुरक्षा देने में विफल रही है। नाइजीरिया इस समय गंभीर सुरक्षा संकट का सामना कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, पूर्वोत्तर नाइजीरिया में जारी विद्रोह और हिंसा के कारण हजारों लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि लाखों लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं।

### क्यूबा के तट पर 6.1 तीव्रता का भूकंप

**हवाना।** क्यूबा के पश्चिमी तट के पास सोमवार को 6.1 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया, जिसके झटके राजधानी हवाना सहित देश के पश्चिमी हिस्सों में महसूस किए गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (स्त्रस्) के अनुसार भूकंप का केंद्र क्यूबा के पश्चिमी छोर के पास समुद्र में था और इसकी गहराई लगभग 10 किलोमीटर दर्ज की गई। केंद्र मंटुआ शहर से करीब 104 किलोमीटर पश्चिम-उत्तर-पश्चिम में स्थित था। भूकंप के झटके लगभग 20 सेकंड तक महसूस किए गए, जिससे लोग घबराकर घरों और इमारतों से बाहर निकल आए।

### चीन में अजीबोगरीब ठगी

**बीजिंग।** चीन में सामने आया एक हैरान कर देने वाला मामला हर घर खरीदार को सतर्क करने वाला है। चीन के शानक्सी प्रांत के शीआन के पास एक गांव में 2013 में शेन उपनाम वाले शख्स ने 34वीं मंजिल पर 90 वर्ग मीटर का अपार्टमेंट खरीदा था, लेकिन असल में वह अपार्टमेंट बना ही नहीं, क्योंकि वह इमारत केवल 32 मंजिला थी। साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, कई साल बाद उसे पता चला कि वह रियल एस्टेट ठगी का शिकार हो गया था, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। उसे पैसे भी गंवाने पड़े और फ्लैट खरीदने का सपना भी सपना ही रह गया।

### नेपाल ने भी भारतीय आमों पर लगाई रोक

**जांच में ज्यादा कीटनाशक मिलने का दावा**

**काठमांडो।** जापान के बाद अब नेपाल ने भारत से आम मंगाने पर रोक लगा दी है। नेपाल के अधिकारियों का कहना है कि जांच में कुछ खेपों में तय सीमा से ज्यादा कीटनाशक मिले। नेपाल सरकार के मुताबिक, यह फैसला खाद्य सुरक्षा नियमों का पालन कराने के लिए लिया गया है। सरकार ने साफ किया कि इसका मकसद भारत के साथ व्यापारिक रिश्तों को प्रभावित करना नहीं है। रोक लगने से पहले करीब 15.8 मीट्रिक टन भारतीय आम नेपाल पहुंच चुके थे। इनकी कीमत लगभग 10 लाख नेपाली रुपये बताई गई है। यह मामला ऐसे समय सामने आया है, जब पिछले महीने जापान ने भी भारतीय आमों के आयात पर रोक लगाई थी। हालांकि जापान ने यह कदम कीटनाशकों की वजह से नहीं, बल्कि जांच और सफाई से जुड़े नियमों में कमी मिलने पर उठाया था। जापान के फैसले से अल्फांसो, केसर, लंगड़ा और बंगनपल्ली जैसी भारतीय आम की मशहूर किस्मों का निर्यात प्रभावित हुआ था। करीब 20 साल में पहली बार जापान ने भारतीय आमों पर ऐसी रोक लगाई थी।

### सम्मान से मृत्युदंड देने पर छिड़ी बहस

**मॉन्टगोमेरी।** अमेरिका के अलबामा राज्य में नाइट्रोजन गैस के जरिए दी जाने वाली फांसी को लेकर कानूनी विवाद और गहरा गया है। एक संघीय अपीलीय अदालत ने सोमवार को कहा कि इस तरीके पर और अधिक अध्ययन की जरूरत है, ताकि यह तय किया जा सके कि क्या यह अमेरिकी संविधान में प्रतिबंधित क्रूर और असामान्य सजा की श्रेणी में आता है या नहीं। यह फैसला ऐसे समय आया है जब मौत की सजा पाए कैदी जेफरी ली को गुरुवार को नाइट्रोजन गैस के जरिए फांसी दी जानी है। 58 वर्षीय जेफरी ली ने इस फांसी के तरीके को अदालत में चुनौती दी हुई है। उनका कहना है कि यह तरीका अत्यधिक पीड़ा देता है और मानवीय नहीं है।

## फीफा विश्व कप बेस कैंप के पास गोलीबारी, नौ घायल

**वाशिंगटन।** अमेरिका में मिसौरी के कनसास सिटी में ब्रिटेन के फीफा विश्व कप 2026 बेस कैंप के पास शनिवार को हुई गोलीबारी में नौ लोग घायल हो गए। यह घटना उत्तरी अमेरिका में टूर्नामेंट शुरू होने से कुछ ही दिन पहले हुई। 48 देशों के इस टूर्नामेंट में अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में 104 मैचों में 1,248 खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करेंगे। पुलिस ने पुष्टि की है कि सभी नौ पीड़ितों को जानलेवा चोटें नहीं आई हैं। तीन घायलों को अस्पताल ले जाया गया। जांच जारी है और अभी तक किसी भी संदिग्ध को हिरासत में नहीं लिया गया है। यह घटना स्वोप साकर विलेज से लगभग चार मील दूर हुई, जो विश्व कप के दौरान ब्रिटेन का बेस कैंप है। ब्रिटेन की टीम अभी तक कनसास सिटी नहीं पहुंची है और बुधवार को फ्लोरिडा के आरलैंडो में कोस्टा रिका के खिलाफ एक प्री-टूर्नामेंट फ्रेंडली मैच खेलने वाली है।

# पीओजेके में पाक आर्मी के खिलाफ बगावत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर (पीओजेके) में चल रहे विरोध प्रदर्शनों के एक नेता ने दावा किया है कि सरकार ने

- सड़कों पर उतरे लोग दुनिया से कटा इलाका



प्रदर्शनकारियों के खिलाफ नरसंहार किया है और देखते ही गोली मारने के आदेश जारी किए हैं। सीएनएन-न्यूज़18 द्वारा प्राप्त एक संदेश में, जेएएसी नेता शौकत मीर ने सुरक्षा बलों पर रावलकोट में प्रदर्शनकारियों पर सीधी गोलीबारी करने का आरोप लगाया और कहा कि उन्होंने कार्यकर्ताओं के खिलाफ नरसंहार किया है। मीर ने आगे कहा कि उनका आंदोलन बुनियादी अधिकारों के लिए एक शांतिपूर्ण, अहिंसक और निहत्था आंदोलन था, फिर भी पाकिस्तान ने उन्हें आतंकवादी करार दिया। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर सरकार उन्हें आतंकवादी मानती है तो उसने उनसे बातचीत क्यों की। मीर ने आगे कहा कि हम शांतिप्रिय लोग हैं। हमने सिर्फ अपने बुनियादी अधिकारों की मांग की है। हमने न तो पाकिस्तानी सत्ता के खिलाफ कुछ बोला है और न ही पाकिस्तान राज्य के खिलाफज हम मरने को तैयार हैं। हम इस संतोष के साथ मरेंगे कि हमने शांतिपूर्ण संघर्ष किया और कभी अराजकता नहीं फैलाई। ये बयान ऐसे समय आए हैं जब दक्षिण अफ्रीका के कश्मीर में विरोध प्रदर्शनों पर व्यापक दमन हो रहा है। अधिकारियों ने बताया है कि इस दमन में कम से कम 11 लोग - सात नागरिक और चार पुलिसकर्मी - मारे गए हैं और दर्जनों घायल हुए हैं। अधिकारियों ने पूरे क्षेत्र में इंटरनेट सेवाएं भी निलंबित कर दी हैं, जिससे यह क्षेत्र दुनिया के बाकी हिस्सों से लगभग कट गया है। दमन को अंजाम देने के लिए दक्षिण अफ्रीका के कश्मीर प्रशासन ने संघीय सरकार से 14,000 तक कर्मियों की मांग की है। लेकिन मरने वालों की वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक होने की आशंका है। जेएएसी ने सीएनएन-न्यूज़ 18 को बताया कि कम से कम 27 प्रदर्शनकारी मारे गए, जबकि कई अन्य घायल हुए। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्थानीय लोगों का दावा है कि 100 से अधिक प्रदर्शनकारी मारे गए हैं। पाकिस्तानी मीडिया ने बताया है कि लगभग 200 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है।

# आईसीसी के मुख्य अभियोजक करीम खान निलंबित

**द हेग (नीदरलैंड)।** अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) के मुख्य अभियोजक करीम खान को यौन दुराचार के आरोपों के बीच उनके पद

- यौन दुराचार के आरोपों पर बढ़ी मुश्किलें

से निलंबित कर दिया गया है। यह कदम आईसीसी के इतिहास में अभूतपूर्व माना जा रहा है। अदालत की निगरानी करने वाली संस्था ने मामले को अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए भेजने के बाद यह फैसला लिया। 56 वर्षीय ब्रिटिश वकील करीम खान पर एक महिला सहयोगी के साथ कथित यौन दुराचार के आरोप लगे हैं। हालांकि उन्होंने शुरू से ही सभी आरोपों से इनकार किया है। करीम खान के भविष्य पर अंतिम निर्णय आईसीसी की निगरानी करने वाली संस्था असेंबली ऑफ स्टेट्स पार्टीज (एएसपी) करेगी। इसके लिए विशेष बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें यह तय होगा कि वह अपने पद पर बने रहेंगे या नहीं। अदालत की निगरानी संस्था की कार्यकारी समिति ने कहा कि यह निर्णय संयुक्त राष्ट्र आंतरिक निगरानी सेवा कार्यालय (ओआईओएस) की जांच रिपोर्ट, उपलब्ध साक्ष्यों, न्यायिक विशेषज्ञों की सलाह और लिखित प्रस्तुतियों के आधार पर लिया गया है। समिति ने स्पष्ट किया कि निलंबन का अर्थ यह नहीं है कि अंतिम फैसला भी उनके खिलाफ ही होगा। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र की जांच में ऐसे साक्ष्य मिले हैं जिनसे संकेत मिलता है कि करीम खान ने कथित रूप से महिला सहयोगी के साथ उसकी सहमति के बिना शारीरिक संपर्क किया था। हालांकि मामले की कानूनी समीक्षा करने वाले तीन न्यायाधीशों के पैनल ने माना कि जांच में मिले निष्कर्ष अंतिम और निर्णायक नहीं हैं।

# चीन की कंपनियों पर अमेरिका ने कसा शिकंजा

## पेंटागन ने अलीबाबा-बीवाईडी को बताया सैन्य मददगार, लगाए ये आरोप



**वॉशिंगटन।** अमेरिका और चीन के बीच बढ़ती तनातनी अब व्यापार और टेक्नोलॉजी कंपनियों तक खुलकर पहुंच गई है। अमेरिका के रक्षा विभाग पेंटागन ने चीन की कई बड़ी कंपनियों को ऐसी सूची में डाल दिया है, जिन्हें चीन की सेना की मदद करने वाला माना जा रहा है। इस सूची में टेक कंपनी अलीबाबा, इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली बीवाईडी और सर्च इंजन कंपनी बायडू जैसी बड़ी कंपनियों के नाम शामिल हैं। पेंटागन का कहना है कि ये कंपनियां सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से चीन की सैन्य ताकत बढ़ाने में मदद कर रही हैं। इसी कारण अब इन कंपनियों को अमेरिकी रक्षा ठेकों से बाहर कर दिया गया है।

पेंटागन ने सोमवार को अपनी नई सूची जारी की। इसमें चीन की 188 कंपनियों को शामिल किया गया है। पिछले साल यह संख्या करीब 130 थी। इस बार सूची में उन कंपनियों को भी जोड़ा गया है, जिन्हें अब तक आम कारोबारी कंपनियां माना जाता था। अलीबाबा दुनिया की बड़ी ई-कॉमर्स और क्लाउड कंपनी है। वहीं, बीवाईडी इलेक्ट्रिक वाहन बाजार की बड़ी कंपनी बन चुकी है। बायडू चीन का प्रमुख सर्च इंजन है। इनके अलावा रोबोट बनाने वाली यूनिट्री कंपनी को भी सूची में डाला गया है।

**अमेरिका को चीन की किस रणनीति से डर है?**

अमेरिका का आरोप है कि चीन अपनी निजी कंपनियों और रिसर्च संस्थानों का इस्तेमाल सैन्य ताकत बढ़ाने के लिए कर रहा है। पेंटागन के मुताबिक चीन ऐसी कंपनियों से आधुनिक तकनीक और विशेषज्ञता हासिल करता है, जो बाहर से आम कारोबारी संस्थान दिखते हैं। अमेरिका को चिंता है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इलेक्ट्रिक वाहन, ड्रोन और रोबोटिक्स जैसी तकनीकें भविष्य में सैन्य उपयोग में लाई जा सकती हैं। इसी वजह से अमेरिका अब केवल हथियार बनाने वाली कंपनियों ही नहीं, बल्कि टेक और ऑटो कंपनियों पर भी नजर रख रहा है।

# 'दुनिया को गुमराह करने की कोशिश नाकाम होगी'

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत ने एक बार फिर पाकिस्तान को कड़े शब्दों में घेरा है। अफगानिस्तान की

- संयुक्त राष्ट्र में भारत ने फिर पाकिस्तान को लगाई फटकार



स्थिति पर आयोजित बैठक के दौरान भारत ने पाकिस्तान द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे फिटना अल हिंदुस्तान शब्द को सरकारी स्तर पर फैलाया जा रहा दुष्प्रचार और गलत सूचना अभियान करार दिया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वथानेनी हरीश ने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि अपने ही देश के भीतर सक्रिय समूहों को फिटना अल हिंदुस्तान बताना तथ्यों से परे एक ऐसा नैरेटिव है, जिसे धार्मिक शब्दावली का सहारा देकर पेश किया जा रहा है।

भारत ने कहा कि इस तरह की शब्दावली पाकिस्तान के सत्ता प्रतिष्ठान से संचालित उस सोच का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य अपने नागरिकों का ध्यान देश की वास्तविक राजनीतिक और आर्थिक चुनौतियों से हटाना है। पर्वथानेनी ने कहा कि भारत के खिलाफ स्थायी शत्रुता का माहौल बनाकर सत्ता और संसाधनों पर नियंत्रण बनाए रखने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने इसे पाकिस्तान की संगठित नफरत की फैक्ट्री का परिणाम बताया।

**अफगानिस्तान में हवाई हमलों पर भी उठाए सवाल**

सुरक्षा परिषद में भारत ने अफगानिस्तान में पाकिस्तान द्वारा किए गए सैन्य हवाई हमलों की भी आलोचना की। भारतीय प्रतिनिधि ने कहा कि किसी नरसंहार को सैन्य अभियान का नाम देने से जिम्मेदारी खत्म नहीं हो जाती। उन्होंने कहा कि निर्दोष नागरिकों की हत्या, उन्हें घायल करना और बच्चों को अनाथ बनाना आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई नहीं कहा जा सकता। भारत ने आरोप लगाया कि इन हमलों से अफगान नागरिकों को भारी नुकसान और पीड़ा झेलनी पड़ी है।

# भारत ने पहली बार तैनात किए 12 परमाणु बम, खुलासे से हिली दुनिया!



**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार भारत के परमाणु हथियारों को लेकर एक बहुत बड़ा खुलासा हुआ है। भारत ने पहली बार 12 परमाणु हथियार मोर्चे पर तैनात कर दिए हैं। दरअसल ऑपरेशन सिंदूर 2 की तैयारी और दुनिया में जंग जैसे हालातों के बीच भारत के परमाणु हथियारों को लेकर एक बेहद ही चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई है। रक्षा क्षेत्र पर नजर रखने वाले एक ग्लोबल रिसर्च इंस्टट्यूट सिपरी ने अपनी सालाना रिपोर्ट में बताया है कि भारत तेजी से अपने न्यूक्लियर हथियारों की संख्या बढ़ा रहा है। आप यह जानकर हैरान हो जाएंगे कि 2014 तक भारत परमाणु हथियारों की संख्या में पाकिस्तान से पीछे था। सोचिए उस वक्त भारत के पास 90 से 110 परमाणु हथियार थे। जबकि पाकिस्तान के पास 100 से 120 परमाणु हथियार थे।

सिप्री की सबसे लेटेस्ट रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत के पास अब 190 परमाणु हथियार हैं। जबकि पाकिस्तान के पास 170 न्यूक्लियर हथियार हैं। 2024 की रिपोर्ट के मुताबिक भारत के पास 172 न्यूक्लियर हथियार थे। 2025 में इनकी संख्या 180 पहुंच गई। इसी बीच ऑपरेशन सिंदूर हुआ, जिसके बाद अब भारत के न्यूक्लियर हथियारों की संख्या 190 पहुंच गई है। यह एक बहुत बड़ी छलांग है। जबकि इसी सिपरी रिपोर्ट के मुताबिक 2024, 25 और 26 में पाकिस्तान के न्यूक्लियर हथियारों की संख्या 170 ही रही। इसी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत ने पहली बार 12 न्यूक्लियर हथियारों को डिप्लॉय कर दिया है। न्यूक्लियर हथियारों को डिप्लॉय करने का क्या मतलब होता है वो अब हम आपको बताते हैं। दरअसल एक न्यूक्लियर हथियार के दो सबसे महत्वपूर्ण हिस्से होते हैं। पहला न्यूक्लियर वॉर हेड और दूसरा वेक्टर। वेक्टर अमूमन एक मिसाइल होती है जो न्यूक्लियर वॉर हेड को लेकर दुश्मन के टारगेट पर हमला करती है। न्यूक्लियर वॉर हेड्स और मिसाइलों को अलग-अलग जगह पर स्टोर किया जाता है। जरूरत पड़ने पर ही दोनों को अटैच किया जाता है। जब हमले की नौबत आती है तो मिसाइल पर न्यूक्लियर वॉर हेड को लगा दिया जाता है। मिसाइल पर न्यूक्लियर वॉर हेड लगने के बाद इसे तभी लॉन्च किया जा सकता है जब किसी के पास इसका सीक्रेट कोड हो। दरअसल इसका मतलब यह है कि भारत ने 12 मिसाइलों में न्यूक्लियर वॉर हेड्स को अटैच कर दिया है और इन मिसाइलों को दुश्मन की तरफ मुंह करके बैठा दिया गया है यानी तैनात कर दिया गया है।

## बाजार दर्पण

